www.swatantramat.com

स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 225 ■ जबलपुर शुक्रवार 06 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# हर 6 में से 1 मरीज पर बेअसर हो रही एंटीबायोटिक दवाएं

## विश्व स्वास्थ्य संगठन की डरावनी रिपोर्ट

फतेहाबाद



छोटी-छोटी बीमारियों में एंटीबायोटिक का अंधाधुंध इस्तेमाल जिले में गंभीर स्वास्थ्य संकट का संकेत दे रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक हर छह में से एक बैक्टीरियल संक्रमण पर अब एंटीबायोटिक बेअसर हो चुकी है, जो तेजी से बढ़ते एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का संकेत है। इसके बावजूद वायरल बुखार और सामान्य संक्रमण में भी भारी दवाइयों का उपयोग, अधूरी डोज और बिना जांच इलाज भविष्य में मामूली बीमारी को भी जानलेवा बना सकता है। सरकारी व निजी अस्पतालों में भी कई मामलों में बिना पूरी जांच के लार्ज स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक्स लिखे जाने के मामले सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मरीजों को जल्दी ठीक करने के दबाव या मरीजों की मांग के कारण कई बार ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनकी जरूरत नहीं होती। अगर सभी जागरूक होंगे तो इन बढ़ती दवाइयां को कम किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात ये है कि इंसान का शरीर भी ठीक रहेगा। एक जिले के निजी अस्पताल में सर्दी-जुकाम से पीड़ित मरीज को एंटीबायोटिक दी गई, जबकि यह वायरल संक्रमण था। इसी तरह बुखार व हल्की गले की समस्या वाले मरीजों को भी कई बार शक्तिशाली दवाएं लिखी जा रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार वायरल बीमारियों में एंटीबायोटिक का कोई फायदा नहीं होता, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण मरीज स्वयं डाक्टर से इसकी मांग करते हैं। नागरिक अस्पताल व प्राईवेट अस्पताल में आए मरीजों का कहना है कि हम तो बीमारी बता देते है उसके बाद ही दवाइयां दी जाती है। सरकारी अस्पताल में आए रमेश ने बताया कि उसे बुखार आदि की शिकायत थी तो डाक्टर को बताया गया। तीन से चार दवाइयां दे दी गई है कि सात दिनों तक लेनी है। हमें नहीं पता कि इसमें एंटीबायोटिक कितनी दवाइयां है। ऐसा ही कुछ सुरेश का कहना है कि जुकाम बहुत तेज है। ऐसे में जल्द से जल्द ठीक हो जाए इसके लिए दवाइयां ली है।

### बढ़ रहा 'सुपरबग' का खतरा

कई मरीज दवा लेते ही राहत मिलने पर बीच में ही इलाज बंद कर देते हैं। इससे बैक्टीरिया पूरी तरह खत्म नहीं होते और धीरे-धीरे दवाओं के प्रति प्रतिरोधक बन जाते हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट में भी पाया गया है कि सामान्य संक्रमणों में उपयोग होने वाली दवाएं अब कम असरदार होती जा रही हैं, जिससे 'सुपरबग' का खतरा बढ़ रहा है। एंटीबायोटिक का गलत इस्तेमाल जारी रहा तो भविष्य में मामूली संक्रमण भी असाध्य हो सकते हैं।

" जो मुख्य डाक्टर होते हैं वो मरीज की जांच करने के बाद ही एंटीबायोटिक दवाइयां लिखते हैं। पांच से सात दिन की दवाइयां दी जाती है। लेकिन मरीज दो से तीन दिन लेकर बंद कर देता है। अगर बीच में दवाइयां बंद की जाए तो नुकसान भी हो सकता है। इसका ध्यान भी रखना चाहिए।

**- डॉ. मुनीष टूटेजा**
**संयुक्त सचिव, आईएमए**

### अभिनेता राजपाल यादव ने किया सरेंडर



**नई दिल्ली।** अभिनेता राजपाल यादव ने गुरुवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने चेक बाउंस केस में उनकी सजा के सिलसिले में समय सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया था। साथ ही उन्हें तिहाड़ जेल में सरेंडर का आदेश दिया था।

### रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में 3 प्रोजेक्ट रोके

**श्रीनगर।** रेल मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित तीन परियोजनाओं को रोक दिया है। रेलवे ने दिसंबर 2023 में कश्मीर में तीन नई लाइनों के सर्वे को मंजूरी दी थी। ये रेल लाइनें थीं- सोपोर-कुपवाड़ा (33.7 किमी), अवंतीपोरा-शोपियां (27.6 किमी) और अनंतनाग-बिजबेहारा-पहलगाम (77.5 किमी)।

### 'घूसखोर पंडित' पर बढ़ा विवाद

**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी स्टारर नेटफ्लिक्स की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडित' रिलीज से पहले ही विवादों में फंस गई है। वहीं फिल्म को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई है। संविधान सम्मान मंच के पदाधिकारी करन सिंह ने मुंबई के बीकेसी पुलिस स्टेशन में नेटफ्लिक्स के खिलाफ एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

### केंद्र ने गेहूं की भंडारण सीमा संबंधी आदेश वापस लिया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में गेहूं की उपलब्धता की अच्छी स्थिति के मद्देनजर इसकी भंडारण सीमा के बारे में पिछले साल जारी आदेश को वापस लेने की घोषणा की है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि निजी क्षेत्र के कारोबारियों के पास इस समय गेहूं का भंडार पिछले साल की तुलना में ज्यादा है। यह फिलहाल 81 लाख टन है जो एक साल पहले के मुकाबले 30 लाख टन अधिक है।

# मोदी की 'कब्र' खोदने की बात करती है ये मोहब्बत की दुकान

## प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में 1 घंटा 37 मिनट भाषण दिया

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने एक घंटा 37 मिनट भाषण दिया। मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। क्या ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है? प्रधानमंत्री ने कहा- टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे। उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है। आज डील की चर्चा गौरव से होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लालकिले से दिए कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों के भाषण का एनालिसिस कर लीजिए। इससे पता चल जाएगा कि उनके पास कोई विजन नहीं था। हमारी काफी ताकत उनकी गलतियों को सुधारने में लग रही है। उस दौर में दुनिया के मन में हमारी जो इमेज बनी थी, उसे मिटाने में बहुत मेहनत लगती है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज देश नीति के आधार पर चल रहा है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए हम आगे बढ़ चले हैं। सच्चाई यह है कि देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार होकर विश्व से प्रतिस्पर्धा करने को तैयार है। एमएसएमई का नेटवर्क जितना बढ़ा है, दुनिया का भरोसा भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, आज भारत अनेक देशों के साथ ट्रेड डील कर रहा है। पिछले कुछ समय में हमने दुनिया के 9 बड़े और महत्वपूर्ण देशों के साथ ट्रेड डील साइन की हैं। एकसाथ 27 देशों के साथ डील की हैं। इसमें यूरोपियन यूनियन और अमेरिका



से डील भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस की इम्प्लीमेंट नीति की मिसाल देना चाहता हूं। गुजरात के लिए जब नर्मदा डैम की योजना बनाई गई, तब मैं पैदा भी नहीं हुआ था। सरदार पटेल के निधन के बाद नेहरूजी ने इसकी शुरुआत कराई। कमाल की बात है कि जब मैं प्रधानमंत्री बना, तब इसका उद्घाटन किया। मैंने सीएम रहते हुए इस डैम के लिए 3 दिन तक अनशन किया। किसानों के लिए मैंने अपने आपको दांव पर लगा दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले नेता के फोन जाते थे और उनके आधार पर लोन देते थे। गरीब, बैंक के दरवाजे तक भी नहीं जा पाते थे। कांग्रेस राज में बैंकिंग सेक्टर तबाही के कगार पर था। मैं पीएम बना तो बैंकों को भरोसे में लिया। आज नॉन परफॉर्मिंग एसेट 1 फीसदी से भी नीचे है। बैंकों का प्रॉफिट रिकॉर्ड पर है।

### लोकसभा में पीएम के भाषण के बिना धन्यवाद प्रस्ताव पास

प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार शाम 5 बजे लोकसभा में भी स्पीच देनी थी, लेकिन विपक्ष के विरोध चलते स्पीकर ओम बिरला ने भाषण टाल दिया। स्पीकर ने कहा कि सदन में पीएम के साथ कुछ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। लोकसभा में शुक्रवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है।

#### विपक्ष ने किया वॉकआउट

प्रधानमंत्री ने जैसे ही बोलना शुरू किया विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दिया जाए, तानाशाही नहीं चलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गे जी की उम्र देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने की इजाजत दी जाए। इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

### छिप रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी: प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी लोकसभा स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने की किसी भई योजना के दावे को पूरी तरह से झूठ बताया। दरअसल, बुधवार शाम को पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था। पर विपक्षी दलों के हंगामे कारण पीएम का अभिभाषण टल गया। इस पर आज लोकसभा में स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि मुझे बहुत दुख के साथ सभा को ये सूचित करना है कि कल मेरे चैंबर में कुछ सदस्यों ने जिस तरह का व्यवहार किया, वैसा कभी नहीं हुआ। जब सदन के नेता को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तब मेरे पास ये जानकारी आई कि कांग्रेस के कुछ सदस्य प्रधानमंत्री के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। इसके बाद मैंने नेता सदन से आग्रह किया कि उनको सदन में नहीं आना चाहिए।



# कोयला खदान में हुआ भीषण धमाका, 16 मजदूरों की मौत

शिलॉन्ग

*मेघालय के ताशखाई इलाके में स्थित एक कोयला खदान में भीषण धमाका होने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक, ताशखाई की कोयला खदान में अचानक जोरदार धमाका हुआ, जिसके कारण खदान के अंदर काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए।*

धमाका इतना तेज था कि खदान के अंदर मौजूद मजदूरों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों में सभी मजदूर असम के रहने वाले थे, हालांकि प्रशासन की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि की प्रक्रिया जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृत मजदूरों में से एक असम के कटिगारा क्षेत्र के बिहारा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही मेघालय पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। खदान के अंदर फंसे अन्य मजदूरों की तलाश के लिए सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रशासन ने आसपास के इलाके को घेरकर सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि बचाव कार्य में किसी तरह की बाधा न आए। अधिकारियों का कहना है कि धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती तौर पर खदान में गैस रिसाव या तकनीकी खामी को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है, हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इस हादसे के बाद मजदूरों की सुरक्षा और अवैध खनन गतिविधियों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहराई से जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता देने की बात भी कही गई है।

# बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

## टीएमसी पहले कर चुकी है गठबंधन न करने का ऐलान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस बीच राज्य कांग्रेस ने बड़ा फैसला लेते हुए ऐलान किया है कि पार्टी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस आलाकमान से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है। बंगाल कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी, सांसद ईशा खान चौधरी समेत राज्य के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में विस्तृत चर्चा हुई। इसमें बंगाल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं की भावना को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया कि पार्टी 2026 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। कांग्रेस के अनुसार, प्रदेश संगठन और कार्यकर्ताओं की लंबे समय से यह मांग रही है कि पार्टी राज्य में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान के साथ चुनावी मैदान में उतरे। कांग्रेस के इस फैसले को राज्य की राजनीति में अहम माना जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की ओर से विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं।

**संसदीय समिति ने संसद में पेश की रिपोर्ट**

# आरएसी बर्थ मिलने पर आंशिक किराया लौटाए रेलवे

**नई दिल्ली।** संसदीय समिति ने कहा आरएसी कैटेगरी के तहत बुक किए गए टिकटों के लिए यात्री से पूरा किराया लेना सही नहीं है। समिति ने रेल मंत्रालय को सुझाव दिया कि रेल मंत्रालय को ऐसे यात्री को आंशिक किराया वापस करने के लिए नियम बनाना चाहिए। मौजूदा नियम के तहत, रेलवे आरएसी कैटेगरी के तहत ट्रेनों में बर्थ बुक करने के लिए यात्री से पूरा किराया लेता है। हालांकि, यात्री आरएसी कैटेगरी में रह सकता है और बर्थ दूसरे आरएसी यात्री के साथ साझा कर सकता है। दोनों यात्री रेलवे को पूरा किराया देते हैं। वहीं, सुपरफास्ट ट्रेनों को कैटेगराइज करने के लिए समिति ने कहा कि इसके लिए 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार का बेंचमार्क बेहद कम है। समिति ने कहा कि 2007 से सुपरफास्ट ट्रेनों के कैटेगराइजेशन के नियमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अभी 55 किमी/घंटे की रफ्तार वाली ट्रेनें सुपरफास्ट मानी जाती हैं। लेख लेखा समिति ने संसद में पेश की गई अपनी रिपोर्ट 'भारतीय रेलवे में ट्रेन संचालन में समय की पाबंदी और यात्रा का समय' में कहा कि आरएसी (कैंसलेशन के बदले आरक्षण) के तहत टिकटों के लिए पूरा किराया लेना सही नहीं है। इसमें चार्ट बनने के बाद भी टिकट धारक को बिना बर्थ की सुविधा के आरएसी कैटेगरी में रहना पड़ता है। समिति ने रेलवे से ऐसे यात्रियों को आंशिक किराया वापस करने और इस संबंध में उठाए गए कदमों के बारे में उसे सूचित करने का आग्रह किया।



### नियमों में बदलाव करने का सुझाव

समिति ने भारतीय रेलवे में सुपरफास्ट ट्रेनों के नियमों की समीक्षा करने की आवश्यकता पर ध्यान देने के लिए कहा। समिति ने कहा कि मई 2007 में रेलवे ने फैसला किया था कि यदि किसी ट्रेन की ऐवरेज स्पीड दोनों अप और डाउन दिशाओं में, ब्रॉड गेज पर न्यूनतम 55 किमी प्रति घंटा और मीटर गेज पर 45 किमी प्रति घंटा है, तो उसे सुपरफास्ट ट्रेन माना जाएगा।

### स्टॉपेज देने से कम होती है स्पीड

समिति ने कहा कि ऑडिट में पाया गया कि किसी ट्रेन को सुपरफास्ट के रूप में कैटेगराइज करने के लिए 55 किमी प्रति घंटे का बेंचमार्क कम है। इसके साथ ही 478 सुपरफास्ट ट्रेनों में से 123 सुपरफास्ट ट्रेनों की निर्धारित गति 55 किमी प्रति घंटे से कम है। इस पर मंत्रालय ने कहा कि रेगुलर ऑपरेशन शुरू होने के बाद अतिरिक्त स्टॉपेज देने से कुछ ट्रेनों की औसत स्पीड पर असर पड़ा है।

# कांग्रेस सांसद तन्खा ने वांगचुक की रिहाई की उठाई मांग

नई दिल्ली/भोपाल

कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आग्रह किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को रिहा किया जाए। एनएसए केंद्र और राज्यों को व्यक्तियों को भारत की रक्षा के लिए प्रतिकूल तरीके से कार्य करने से रोकने के लिए हिरासत में लेने का अधिकार देता है। इसके तहत अधिकतम हिरासत अवधि 12 महीने है, हालांकि इसे पहले भी रद्द किया जा सकता है। तन्खा ने वांगचुक की रिहाई की मांग करते हुए गृह मंत्री को लिखे पत्र में कहा, वह भारत में सांस लेते हैं, भारत के बारे में सोचते हैं और भारत के लिए जीते हैं। वांगचुक को पिछले साल 26 सितंबर को हिरासत

### गृह मंत्री को लिखा पत्र



में लिया गया था। इसके दो दिन पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ था, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश में चार लोगों की मौत हो गई थी। सरकार ने उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। वांगचुक फिलहाल जोधपुर केंद्रीय कारागार में बंद हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, भारत में कोई भी यह नहीं मानता कि वांगचुक एनएसए के तहत कारावास के हकदार हैं। वह जलवायु परिवर्तन और पिघलते ग्लेशियरों को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। तन्खा ने कहा, लद्दाख एक सीमावर्ती राज्य है। लद्दाख के लोग भारतीय सेना की सबसे बड़ी पूंजी हैं। पत्र में उन्होंने कहा कि जेल में बंद कार्यकर्ता लद्दाखी समाज और पूरे देश में व्यापक रूप से सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्ति हैं। मध्यप्रदेश से कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सदस्य तन्खा ने कहा, समय आ गया है कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत उनकी हिरासत की समीक्षा करे।

# पंच परिवर्तन से होगी सनातन की रक्षा : कमल सिंह राठौर

शहडोल (स्वतंत्रमत)



सकल हिंदू समाज के द्वारा पूरे देश में आयोजित हो रहे विशाल हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज को एकता समरसता के भाव में जोड़ने का महत्वपूर्ण काम किया है। गौरतलब है जिले में 108 स्थान पर विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 15 जनवरी से लगातार किया जा रहा है। खन्नौधी बस स्टैंड के पास विशाल प्रांगण में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमल सिंह राठौर विभाग प्रचारक शहडोल, संत सामाजिक वक्ता के रूप में जानकी शरण एवं मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व साध्वी कृष्णागी तिवारी एवं डॉ अर्चना जायसवाल मंचासीन रही। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता की दीप ,पुष्प अर्पित करके हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमल सिंह राठौर के द्वारा पंच परिवर्तन से सनातन की रक्षा को लेकर सभी बिंदुओं के बारे मे बताया गया कि कुटुंब प्रबोधन में आज परिवार की एकता समरसता और एकात्मता तथा संस्कार बच्चों को न केवल हिंदुत्व का बोध कराते हैं बल्कि सनातन मूल्य और विचारों को भी उनके संस्कारों में सम्मिलित करते हैं। जो बच्चों को भविष्य की तमाम तरह की आने वाली सामाजिक कठिनाइयों से बचाने और निरंतर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करता है। सामाजिक सद्भाव समरसता दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है। जहां पर समाज के हर व्यक्ति को सर्वप्रथम हिंदू का भाव रखते हुए सभी के साथ व्यवहार करना चाहिए ऐसा एक संत ने समाज उद्धार के लिए कहा था। जो आज की परिपेक्ष में बहुत जरूरी होता जा रहा है। तीसरा महत्वपूर्ण बिंदु स्व का भाव है। हम अपने जीवन में जिन वस्तुओं का भी सेवन करते हैं वे वस्तुएं क्या हमें स्व का बोध कराती है। अर्थात क्या वह हमारे प्रकृति सनातन विचार और देश में स्थापित मूल्य के अनुकूल है, हमारा खानपान रहन-सहन हमारे विचार सभी चीजों को स्व से जोड़कर हम समाज में सनातन की रक्षा कर सकते हैं। चौथा बिंदु है नागरिक कर्तव्य हम हमेशा अपने अधिकारों की बात करते हैं और यह जानने में लगे रहते हैं कि कानून और समाज ने हमें कौन-कौन से अधिकार दिए हैं, लेकिन हम कभी अपने कर्तव्यों की बात नहीं करते हैं, जब तक हम अपने कर्तव्यों का बोध करते हुए समाज और देश हित मे कार्य नहीं करेंगे तब तक समाज और सनातन की रक्षा कैसे होगी। इसलिए हम सभी को अपने मौलिक कर्तव्यों का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। संघ शताब्दी वर्ष का आयोजन किसी बड़े कार्यक्रम के रूप में भी कर सकता था लेकिन संघ की स्थापना का मूल उद्देश्य हिंदुओं को जोड़ना था इसलिए संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदू समाज को जोड़ने का काम किया है। हिंदू संस्कृति सनातन मूल्य ने हमेशा विश्व का कल्याण किया है जब-जब हिंदू सशक्त होता है तब तब विश्व का कल्याण होता है। यह कोई सुनी सुनाई बात नहीं बल्कि इतिहास के पन्नों में दर्ज सत्य है। संगठित हिंदू समर्थ भारत यह वक्तव्य नहीं इतिहास का प्रमाण है। विशाल हिंदू सम्मेलन में लगभग 1500 हिंदुओं की सहभागिता रही। जिसमें मातृशक्ति, युवा एवं सकल हिंदू समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आदिवासी नृत्य, पंच परिवर्तन का सुंदर चित्रण ने लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा है। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं समरसता भोज के साथ किया गया।

# अच्छे अंकों के लिए पाठ्यक्रम को समझना एवं हल करना आवश्यक : उपायुक्त जनजातीय

## उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने विद्यार्थियों से किया संवाद



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने सांदीपनि विद्यालय छतवई में अध्यनरत विद्यार्थियों से संवाद किया। उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने कहा कि कोई भी परीक्षा जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं होती। परीक्षा की तैयारी सुनियोजित तरीके से की जाकर बिना डर एवं घबराहट के परीक्षा में सम्मिलित होना चाहिए। आपको अपने कर्म पर ध्यान देना है, फल की ज्यादा चिंता नहीं करना। उन्होंने कहा कि अच्छे अंको के लिए संपूर्ण पाठयक्रम को समझना एवं हल करना जरूरी है। जो कुछ भी याद किया गया है उसे इस तरह से लिखा जाय कि मूल्यांकन कर्ता को आसानी से समझ में आ सके। संपूर्ण प्रश्नों को हल करने के लिए समय विभाजन किया जाना चाहिए। उत्तर सटीक तथा दूसरों से भिन्न लिखना चाहिए। उत्तर पुस्तिकाएं भरने से नहीं वरन सटीक और तथ्यात्मक उत्तर लिखने से ही अच्छे अंक प्राप्त होते हैं। उन्होंन कहा कि परीक्षा के समय प्रत्येक विद्यार्थी तनावमुक्त होकर पढाई करें। उन्होंने कहा कि अच्छे अंको के लिए विषय का गहन अध्ययन तथा स्वयं द्वारा नोटस बनाए जाने चाहिए। सारे कठिन सवालों का समाधान परीक्षा में जाने के पूर्व कर लिया जाना चाहिए। बार-बार अभ्यास और प्रश्नों को हल करने से परीक्षा की तैयारी आसान हो जाती है। प्रश्न से संबंधित फार्मूले तथा डायग्राम याद होना चाहिए तथा उनका उत्तर पुस्तिका में यथास्थान प्रदर्शित किया जाना चाहिए। मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करना चाहिए ताकि यह पता चले कि अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए परीक्षा में किस तरह से लिखा जाता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में जाने के पूर्व चेकलिस्ट तैयार करना चाहिए ताकि कोई भी आवश्यक वस्तु ले जाने से छूटे न । आत्मविश्वास के साथ परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर परीक्षा दें। जे.पी. यादव ने परीक्षा के दिनों में रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया कि परीक्षा के दिनों में खान-पान का ध्यान रखें, पर्याप्त नींद लें, मोबाइल व नकारात्मक बातों से दूर रहें। इस अवसर पर संजय पाण्डेय सहायक संचालक द्वारा भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। संवाद कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना खरे, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने गुमशुदा को सुरक्षित उसके परिजनों को किया सुपुर्द



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना गोहपारू में पंजीबद्ध गुम इंसान क्रमांक 07/2024, गुमी 25 फरवरी 2024 के अंतर्गत गुमशुदा हीराचन्द्र बैगा पिता राममिलन बैगा, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम खांड, थाना गोहपारू, की पता-तलाश हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम परिजनों के साथ रामदेव सेवा आश्रम मानव जोत, भुज कच्छ (गुजरात) रवाना हुई। जिसपर 01 फरवरी को भुज (कच्छ), गुजरात स्थित रामदेव सेवा आश्रम मानव जोत पहुँचकर गुमशुदा हीराचन्द्र बैगा से पूछताछ कर उसके कथन लेखबद्ध किए गए। गुमशुदा द्वारा बताया गया कि वह बिना बताए मजदूरी करने के उद्देश्य से घर से निकला था तथा शहडोल से ट्रेन द्वारा गुजरात आ गया। कार्य न मिलने पर वह भटकते हुए भुज कच्छ पहुँचा, जहाँ एक महिला द्वारा उसे आश्रम ले जाया गया। गुमशुदा ने अपने कथन में किसी भी प्रकार की घटना अथवा दुर्घटना घटित होना नहीं बताया। जिसपर गुमशुदा हीराचन्द्र बैगा को सुरक्षित दस्तयाब किया गया।

# यूजीसी विनियम 2026 विरोध में सर्व समाज का प्रदर्शन आज

शहडोल (स्वतंत्रमत)

यूजीसी उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु विनियम 2026 के विभाजनकारी प्रावधानों के विरोध में शहडोल में सर्व समाज एकजुट जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 13 जनवरी को अधिसूचित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु विनियम, 2026 के उन प्रावधानों का कड़ा विरोध किया है, जो अनारक्षित (सामान्य) वर्ग के भारतीय नागरिकों को अलग-अलग करने, नफरत फैलाने वाली एवं समाज में विभाजनकारी नीति को बढ़ावा देते प्रतीत होते हैं। बैठक में विमर्श में कहा गया है इस विनियम के कुछ अस्पष्ट एवं एकतरफा प्रावधानों से सामान्य वर्ग के छात्रों, शिक्षकों एवं नागरिकों में भय एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के सिद्धांत के विरुद्ध है। यह नीति उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के नाम पर वास्तव में समाज को बाँटने एवं प्रतिभा को दबाने का माध्यम बन सकती है। इसी संदर्भ में 06 जनवरी को दोपहर बाद शहडोल नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों की एक तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस अन्यायपूर्ण नीति के विरोध में शहडोल के सर्व समाज समन्वय समिति के माध्यम से जिला कलेक्टर, शहडोल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही, व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाने एवं विरोध दर्ज कराने के लिए 06 फरवरी को दोपहर में शहडोल जय स्तंभ चौक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद से प्रकाश तिवारी, जय किशन तिवारी जिला कायस्थ समाज से सुनील खरे जिला ब्राह्मण समाज से पंडित वाल्मीकि गौतम रॉयल राजपूत संगठन से शिवम सिंह सर्व वैश्य समाज से लक्ष्मण गुप्तापेंशनर एसोसिएशन से एस.पी. गौतमअखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद से पंडित दया शंकर शुक्ला, त्रिलोकीनाथ गर्ग, राममिलन शर्मा, चंद्रिका प्रसाद शुक्ला, निखिल त्रिपाठी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा से शक्ति सिंह चंदेल अखंड ब्राह्मण सेवा समिति भारतवर्ष से अखिलेश शर्मा उप सरपंच संगठन शहडोल से प्रभाकर तिवारी सभी संगठनों एवं उपस्थित नागरिकों ने सर्व समाज से अपील की है कि वे 06 फरवरी को दोपहर में जय स्तंभ चौक पर आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हों, ताकि इस विभाजनकारी नीति के विरुद्ध एकजुट आवाज बुलंद की जा सके। हमारा उद्देश्य समाज में समरसता, समानता एवं न्याय की स्थापना है, न कि किसी वर्ग के विरुद्ध नफरत फैलाना संविधान भी इसकी इजाजत नहीं देता है।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ सूबेदार (आंकिक) मेघराज आसुदानी एवं उप निरीक्षक जी.डी. तिवारी की अर्द्ववार्षिकी आयु पूर्ण कर चुके का विदाई एवं सम्मान समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित किया गया। विदाई एवं सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान ने अपने विचार साझा करते हुए मेघराज आसुदानी एवं जी.डी. तिवारी को शाल, श्रीफल एवं स्मृतिचिह्न भेंट किए तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवा निवृत्त अधिकारियों ने अपने सेवाकाल में पुलिस विभाग की गरिमा को बनाए रखते हुए ईमानदारी, समर्पण एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, जो युवा पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# आदिवासी वनांचल क्षेत्र में जनजाति परिवारों को रोजगार देने का प्रयास

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



आकांक्षी विकासखंड बजाग के आजीविका भवन में 5 फरवरी को रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन किया गया। इस मेले में 7 कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड कंपनी, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड, वर्धमान यार्न लिमिटेड, सिंटेक्स लिमिटेड, बीएफएल बांसवाड़ा, वर्धमान फैब्रिक बुधनी और जेके डेवलपर्स कंपनी शामिल थीं। मेले में विकासखंड क्षेत्र के बेरोजगार युवक और युवतियों ने भाग लिया, जिनमें से 88 का पंजीयन हुआ। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इनका साक्षात्कार लिया और 50 प्रतिभागियों को चयन उपरांत नियुक्ति पत्र दिया। रोजगार मेले का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था, विशेष रूप से आदिवासी वनांचल क्षेत्र में जनजाति परिवारों को रोजगार देने का प्रयास किया गया। जिला प्रशासनके निर्देशानुसार आयोजित इस मेले में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर मिलते हैं और वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकते हैं। उन्होंने आगे भी ऐसे आयोजनों की उम्मीद जताई, जिससे आदिवासी वनांचल क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। इस मेले में भाग लेने वाले युवाओं ने भी अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि इस मेले से उन्हें रोजगार के अवसर मिले हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का आभार व्यक्त किया।

# सहायक संचालक उद्यान परीक्षा 2023 में जिले के सुरेन्द्र सिंह श्याम चयनित, अनूपपुर में मिली पदस्थापना



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक संचालक उद्यान परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसी क्रम में डिंडौरी जिले के अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिलगांव निवासी सुरेन्द्र सिंह श्याम को सहायक संचालक उद्यान, जिला अनूपपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से ग्राम बिलगांव में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। सहायक संचालक उद्यान पद पर चयनित सुरेन्द्र सिंह श्याम, पिता लक्ष्मण सिंह श्याम एवं माता सुबस श्याम के सुपुत्र हैं। कृषि परिवार से ताल्लुक रखने वाले श्री श्याम ने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। श्री श्याम की प्रारंभिक शिक्षा माध्यमिक शाला बिलगांव से हुई। इसके पश्चात उन्होंने छ्ष्ठश्वस्र जुनवानी से हाई स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी से हायर सेकेंडरी शिक्षा प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूर्ण की, जिसे उन्होंने वर्ष 2016 में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। वर्ष 2017 से ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के रूप में उन्होंने कार्यालय सहायक संचालक उद्यान, जिला मंडला में सेवाएँ दीं। इस दौरान उन्होंने उद्यानिकी विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया और विभागीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। अपनी इस सफलता पर श्री श्याम ने माता-पिता, गुरुजनों एवं मित्रों को श्रेय दिया है।

# पटवारी से सहायक संचालक तक का सफर, दीपा कुलेश ने बढ़ाया जिले का मान

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक संचालक उद्यानिकी भर्ती परीक्षा 2023 में ग्राम लालपुर, विकास खंड अमरपुर, जिला डिंडौरी निवासी दीपा कुलेश ने सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं, जिनमें दीपा कुलेश की सहायक संचालक उद्यान विभाग, जिला मंडला के पद पर पदस्थापना की गई है। दीपा कुलेश के पिता करम सिंह कुलेश, राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त स्।ष्ठह्व रह चुके हैं, जबकि माता श्रीमती पंचवती कुलेश एक गृहिणी हैं। एक अनुशासित एवं शिक्षित परिवार में पली-बढ़ी दीपा ने प्रारंभिक शिक्षा छिंदवाड़ा जिले के शासकीय विद्यालय से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने एग्रीकल्चर कॉलेज से स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा पूर्ण की। शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ दीपा कुलेश का कार्यानुभव भी उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने लगभग तीन वर्षों तक राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर पाटन (जबलपुर) क्षेत्र में सेवाएं दीं। इसके बाद जिले में कृषि विभाग में कृषि विस्तार अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने सहायक संचालक उद्यानिकी भर्ती परीक्षा 2023 की तैयारी की और सफलता अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि पर ग्राम लालपुर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों एवं ग्रामीणजनों ने दीपा कुलेश को शुभकामनाएं देते हुए इसे परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दीपा की सफलता युवाओं, विशेषकर ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।




# ऑक्सीजन खत्म होने से रास्ते में मरीज की मौत अस्पताल के सामने परिजनों ने किया प्रदर्शन

## परिजनों का हंगामा, अस्पताल के बाहर सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)





जिला अस्पताल डिंडौरी में एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। इलाज के दौरान रेफर किए गए एक मरीज की रास्ते में ऑक्सीजन खत्म होने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और ड्यूटी डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल के सामने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

रेफर के दौरान लापरवाही का आरोप - परिजनों के अनुसार रविंद्र कुमार मरावी को 4 फरवरी 2026 की शाम करीब 5=30 बजे तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर 5 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी डॉक्टर डॉ. सुरेश मरावी के निर्देश पर मरीज को जबलपुर रेफर किया गया।

परिजनों का कहना है कि मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे 108 एंबुलेंस से भेजा जाना चाहिए था, लेकिन डॉक्टर के कहने पर जननी एक्सप्रेस से रेफर कर दिया गया।

ऑक्सीजन सिलेंडरों को लेकर विरोधाभास - जननी एक्सप्रेस में ऑक्सीजन की उपलब्धता को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। परिजनों का आरोप है कि वाहन चालक ने बताया था कि एक सिलेंडर पूरी तरह खाली था और दूसरा आधा भरा हुआ। इस स्थिति की जानकारी न तो मरीज को दी गई और न ही परिजनों को। वहीं दूसरी ओर, अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि एंबुलेंस में मौजूद दोनों ऑक्सीजन सिलेंडर भरे हुए थे। दोनों पक्षों के दावों में विरोधाभास ने मामले को और गंभीर बना दिया है।

रास्ते में ऑक्सीजन खत्म, मरीज की मौत - बताया जा रहा है कि जबलपुर ले जाते समय कुंडम क्षेत्र के पास एंबुलेंस में ऑक्सीजन समाप्त हो गई, जिससे मरीज की हालत और बिगड़ गई। समय पर ऑक्सीजन न मिलने के कारण करीब दोपहर 1 बजे रविंद्र कुमार मरावी की मौत हो गई।

अस्पताल पहुंचकर परिजनों का हंगामा - मौत की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग जिला अस्पताल पहुंचे और ड्यूटी डॉक्टर से बातचीत करने का प्रयास किया। आरोप है कि एक घंटे से अधिक इंतजार कराने के बावजूद डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचे। अस्पताल स्टाफ ने भी मामले पर कोई स्पष्ट जानकारी देने से इनकार कर दिया।

सड़क पर बैठकर प्रदर्शन, पुलिस मौके पर - घटना से नाराज परिजनों ने जिला अस्पताल के सामने सड़क पर बैठकर प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश देने का प्रयास किया। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

# 14 गांवों के किसानों को पानी पहुंचाने वाली नहर बहा रही बदहाली के आंसू

### गांधीग्राम क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

नर्मदा घाटी बरगी नहर व्यपवर्तन परियोजना की कुंड वितरिका पिपरिया नहर एक बार फिर बदहाली की तस्वीर पेश कर रही है। हर साल नहरों की सफाई और रखरखाव के नाम पर शासन द्वारा लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। झाड़-झंखाड़, झाड़ियों और कचरे से अटी नहरें विभागीय लापरवाही की पोल खोल रही हैं, जिससे किसानों की चिंताएं गहराती जा रही हैं। सफाई के अभाव में टेल तक पानी पहुंचना मुश्किल



किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं हुई तो नहर चालू होने पर अंतिम छोर तक पानी पहुंचना नामुमकिन होगा। कचरे और गंदगी से जल प्रवाह बाधित होगा, वहीं सीपेज के कारण बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह जाएगा। मानसून बीता, विभाग अब भी बेखबर नियमों के अनुसार मानसून से पहले दो माह में सफाई-मरम्मत होनी चाहिए थी, लेकिन मानसून बीत जाने के बाद भी विभाग की कुंभकर्णी नींद नहीं टूटी। सिंचाई सीजन नजदीक है, फिर भी कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही।

जंगल बनती नहरें, सूखती फसलें स्थानीय किसानों के मुताबिक संपर्क नहरों में बड़े-बड़े पौधे उग आए हैं, जो प्राकृतिक प्रवाह रोक रहे हैं। इससे टेल क्षेत्र के किसान सिंचाई से वंचित हो रहे हैं।

#### अधिकारियों के दर्शन दुर्लभ

जल उपभोक्ता संस्था गांधीग्राम के अंतर्गत आने वाले 14 गांवों-बम्होरी, धमकी, मिढ़ासन, पिपरिया, देवनगर, कैलवास, उमरिया, तपा, खुडावल, शहजपुरा, ताला, धनगवां, कुकरई और चन्नौटा- के किसानों ने अधिकारियों की उदासीनता पर कड़ा रोष जताया है। किसानों का आरोप है कि मोटा वेतन लेने वाले अधिकारी फील्ड में आकर जमीनी हकीकत देखने तक नहीं आते, जिसका खामियाजा अन्नदाता भुगत रहा।

# दिन में मजदूरी, रात में अवैध हथियारों के साथ बनाता था रील

### खमरिया थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खमरिया थाने की पुलिस ने ग्राम उमरिया में रहने वाले युवक के पास से अवैध हथियार बरामद करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खास बात यह है कि युवक को रील बनाने का ऐसा चस्का लगा कि दिन में मजदूरी करता था और रात में अवैध हथियार के साथ रील बनाता था।

खमरिया पुलिस ने 21 वर्षीय कमलोश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तलवार और एक बाइक के गियर से बना हथियार बरामद किया।दरअसल बुधवार को रांझी सीएसपी सतीष साहू को सूचना मिली कि एक युवक ग्राम उमरिया के लालमाटी क्षेत्र का रहने वाला है। वह अपने दोस्त के साथ मिलकर कभी तलवार तो कभी अन्य हथियारों के साथ वीडियो-फोटो इंस्टाग्राम में पोस्ट किया करता है।




**कान पकड़कर मांगी माफी -** पुलिस ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि युवक का नाम कमलेश ठाकुर, पिता संजू गौंड के रूप में पहचान हुई। खमरिया थाने की पुलिस ने टीम के साथ कमलेश के घर में दबिश देते हुए उसे गिरफ्तार किया। छानबीन की तो पुलिस को घर से एक तलवार और बाइक के गियर से बना हथियार मिला। पूछताछ में कमलेश ने बताया कि वह मजदूरी करता है। दिन में काम करता है और रात में समय के अनुसार इस तरह की रील बनाता है। वह यह सब लाइक, व्यू और कमेंट्स पाने के लिए करता था। पुलिस गिरफ्त में आने के बाद कमलेश ने कान पकड़कर मांफी मांगते हुए कहा कि मैंने कुछ दिनों पहले लाइक और व्यू के लिए हथियारों के साथ वीडियो पोस्ट किए, जिस पर मुझे पछतावा हो रहा है। युवक ने मांफी मांगते हुए यह भी कहा कि अब वह दोबारा इस तरह के वीडियो पोस्ट नहीं करेगा। फिलहाल पुलिस ने कमलेश के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके सोशल मीडिया अंकाउंट में अपलोड वीडियो को डिलीट करवा दिया है।

# हम पर लगाया गया झूठा मुकदमा : सौरभ यादव



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

फ्लाईओवर के वायरल वीडियो मामले में मध्य भारत मोर्चा (एमबीएम) के दर्जनों सदस्यों गुरूवार को कोतवाली थाने पहुंचकर सीएसपी के नाम ज्ञापन सौंपा । जिसमें बताया गया कि फ्लाईओवर की दरार का वीडियो उन्होंने किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल नहीं किया जिससे जनता में भ्रम का माहौल उत्पन्न हो। मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव का कहना है कि वीडियो सिर्फ मीडिया को दिया गया था ताकि दरार का स्पष्टीकरण हो सके चुकी अभी एक डंपर की घटना घटित हुई थी तो हम नहीं चाहते कि कोई भी जन हानि हो इसको लेकर वीडियो भेजा गया था ताकि वायरल किया गया। मोर्चा सदस्यों ने कहा कि अगर पुलिस विवेचना करे तो वो उनका साथ देंगे पर वो कही से भी गलत नहीं है। उनके ऊपर झूठा मामला बनाया गया है जिसे हटाया जाए। ज्ञापन दौरान अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप जानू शर्मा, राजा बाबा, डीके, लक्की सोनी, आकाश सराफ, रोहित नामदेव, प्रथम खटीक, बल्लू पटेल, राम चौरसिया, उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ली न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर राघवेन्द्रव सिंह ने न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों में शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से शासन का पक्ष मजबूती के साथ रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। श्री सिंह गुरूवार को आयोजित बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों का विभागवार ब्यौरा लिया। न्यायालयीन प्रकरणों के प्रति अधिकारियों को गंभीरता बरतने की हिदायत दी तथा तय समय सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। श्री सिंह ने अवमानना के प्रकरणों में विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुये इनमें न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों का तत्पमरता से पालन किया जाये तथा समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये।

# पशुपालन गतिविधियों में शामिल की जाएगी कृत्रिम गर्भाधान तकनीक

### जिला स्तरीय ब्रीडर प्रकोष्ठ की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पशुओं में नस्ल सुधार को लेकर गुरुवार को उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी कार्यालय में आयोजित की गई। जिला स्तरीय ब्रीडर प्रकोष्ठ की बैठक में सदस्यों को भैसों में कृत्रिम गर्भाधान पर विस्तृत जानकारी दी गई। उप संचालक पशुपालन डॉ प्रफुल्ल मून ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये ब्रीडर प्रकोष्ठ के सदस्यों को सेक्स सॉर्टेड सीमन पर प्रकाश डालते हुये इससे दुग्ध उत्पादन में बढोत्तरी, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि जैसे होने वाले लाभ से ब्रीडर प्रकोष्ठ के सदस्यों को अवगत कराया।

बैठक में ब्रीडर प्रकोष्ठ के सदस्यों ने बछड़ा पालन एवं बछड़ा



मृत्यु दर को कम करने पशु पालन विभाग से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई। पशुपालन विभाग की ओर से सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि विभाग पूर्ण रूप से सहयोग करेगा एवं एक ट्रेनिंग भी आयोजित करेगा।

ब्रीडर प्रकोष्ठ की बैठक में मौजूद सभी अशासकीय सदस्यों ने कहा कि वे पशु प्रजनन कार्यक्रम के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान जैसी उच्च तकनीकी को पशुपालन की गतिविधियों में शामिल करेंगे तथा समय-समय पर विभाग से मिलने वाले मार्गदर्शन एवं सहयोग को अपनाने के लिए तत्पर रहेंगे। बैठक में जिला स्तरीय ब्रीडर प्रकोष्ठ के शासकीय सदस्यों में पशु पालन एवं डेयरी विभाग से पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी डॉ हेमलता जैन, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ संजय गुप्ता, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विष्णु गुप्ता तथा अशासकीय सदस्यों में वैभव तिवारी, राकेश केशवानी एवं विनय सिंह मौजूद रहे।

### डंपर चढ़ाने की धमकी देने वाले पर कलेक्टर करें कार्यवाही : आयोग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले के बरगी थानांतर्गत नागपुर रोड स्थित मानेगांव के पास मुरम-गिट्टी का अवैध खनन व भंडारण रोकने कलेक्टर के निर्देश पर विगत 9 जनवरी को अपनी टीम के साथ पहुंचे तहसीलदार रविन्द्र पटेल और खनिज निरीक्षक को गेट नंबर 2 रानीताल निवासी खनिज कारोबारी रोहित जैन ने खुलेआम डंपर चढ़ाने की धमकी देने के मामले में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर कलेक्टर से मामले की जांच कराकर आरोपियों पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है। बतां दें कि तहसीलदार द्वारा चालक को रोककर ड्राइवर की रॉयल्टी के दस्तावेज दिखाने को कहा था। ड्राइवर ने दस्तावेज नहीं दिखाये और वाहन मालिक को मौके पर बुला लिया। इस दौरान उसने तहसीलदार से गाली गलौज कर उन्हें धमकाते हुए अपने ड्राइवर से कहा कि तहसीलदार पर डंपर चढ़ा दो, जो होगा देखा जाएगा।

# 13 एकड़ में विकसित हो रहा सूरजताल तालाब

### निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जबलपुर।

नगर निगम के सतत प्रयासों से वर्षों बाद शहर के ऐतिहासिक 5.5 हेक्टेयर अर्थात 13 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित 'सूरजताल' तालाब के कायाकल्प तेज गति से किया जा रहा है। तालाब में 1 लाख 50 हजार क्यूबिक पानी संग्रहण करने की क्षमता है। यह तालाब शहर के नागरिकों के लिए बरदान साबित होगा। उन्होंने बताया कि अब सुबह की पहली किरण के साथ सूर्य भगवान का प्रतिबिंब और जल का



संगम एक बेहद मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करने लगा है। इस प्राकृतिक सौंदर्य को सहेजने और तालाब को उसका पुराना गौरव वापस दिलाने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा जमीनी स्तर पर प्रयास प्रारंभ कर दिये गए हैं। इसी कड़ी में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने गुरूवार को तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि तालाब की भूमि का तत्काल सीमांकन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि तालाब के जलग्रहण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसीलदार और पटवारी की टीम के साथ तालमेल बैठाकर अवैध निर्माणों को चिन्हित कर हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुलिस कप्तान ने ली अपराध समीक्षा बैठक

**जबलपुर।** पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा पुलिस कन्ट्रोलरूम में गुरूवार को अपराध समीक्षा बैठक ली गयी। बैठक में आपके द्वारा त्रिवार्षिक तुलनात्मक भा.द.वि/बी.एन.एस. तथा प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। आपके द्वारा थानावार लंबित गम्भीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी एवं एस.सी.एस.टी. एक्ट, तथा महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा की गयी एवं लंबित अपराधों कें निराकरण के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । स्थाई वारन्ट की तामीली लगातार अधिक से अधिक करें, फरार आरोपियों पर ईनाम उद्घोषित करायें ।

# 2.25 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**जबलपुर।**

उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के 4 वार्डो क्रमशः महात्मा गांधी, स्वामी दयानंद सरस्वती, पं. भवानी प्रसाद तिवारी, एवं सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड के अंतर्गत 2.25 करोड़ रूपये की लागत से सुन्दर व्यवस्थित डामलीकृत सड़कों, नाला-नालियों के निर्माण कार्यो के साथ वायु गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाने संबंधी कार्यो का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ कन्याओं से भूमिपूजन



करवाया।भूमिपूजन के मौके पर विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में कराये जा रहे विकास कार्य जनोपयोगी एवं सराहनीय है। भूमिपूजन के अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, डॉ. सुभाष तिवारी, रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# सिहोरा महाविद्यालय में केंपस ड्राइव का आयोजन




सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा, जबलपुर में एक्सिस बैंक और एनआईआईटी द्वारा केंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। यहां आयोजन महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रांत सिंह एनआईआईटी एसोसिएट टीम लीडर मनीष चौबे एवं रत्नेश चौबे एम डी, होप, एनआईआईटी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुदेश मेहरौलिया मंचसीन रहे।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विक्रांत सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप में प्लेसमेंट संबंधी जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात मनीषा चौबे एवं रत्नेश चौबे द्वारा साक्षात्कार के माध्यम भर्ती के अवसर प्राप्त करने पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को भविष्य में बैंकिंग के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में महाविद्यालय द्वारा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मेहरोलिया ने समय पर रोजगार संबंधी कार्यक्रमों में अधिकतम संख्या में छात्र-छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रेरित किया। इससे केंपस ड्राइव में लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीयन करवा कर सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ मीनाक्षी सौभरि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ धीरेन्द्र बघेल,डॉ पूजा चौकसे, सुश्री भाव्या विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### एक माह में पमरे ने किया 5 मिलियन टन से अधिक माल लदान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के निरंतर मॉनेटरिंग में पश्चिम मध्य रेल पर ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी 2026 माह में 05.54 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जो कि गत वित्तीय वर्ष की इसी माह में 04.64 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान से 19.21 प्रतिशत अधिक है, तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मन्थली टारगेट से 05.46 प्रतिशत अधिक लदान किया है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से जनवरी तक कुल 46.99 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 43.39 प्रारम्भिक मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 08.29 प्रतिशत अधिक है।

# होली पर्व के अवसर पर पमरे से होगा कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन

### अतिरिक्त यातायात को देखते हुए पमरे ने लिया फैसला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 02192/02191 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन (01-01 ट्रिप) गाड़ी 02192 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी 2026 को रीवा से दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21.15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02191 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07.30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02186/02185 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल



ट्रेन (02-02 ट्रिप) गाड़ी 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 02 एवं 03 मार्च 2026 को रीवा से दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21.15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 02 एवं 03 मार्च 2026 को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07.30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01704/01703 भोपाल-रीवा-भोपाल स्पेशल ट्रेन (01-01 ट्रिप) गाड़ी 01704 भोपाल से रीवा स्पेशल ट्रेन 05 मार्च 2026 को भोपाल से सुबह 10.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 20.45 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

**रानी कमलापति-दानापुर के बीच भी स्पेशल ट्रेन का संचालन**-इसी प्रकार गाड़ी 01703 रीवा से भोपाल स्पेशल ट्रेन 05 मार्च 2026 को रीवा स्टेशन से रात 22.20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 09.05 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09821/09822 सोगरिया-दानापुर-सोगरिया स्पेशल ट्रेन (02-02 ट्रिप) गाड़ी 09821 सोगरिया से दानापुर स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी एवं 07 मार्च 2026 को सोगरिया से रात 23.10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन रात्रि 23.45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 09822 दानापुर से सोगरिया स्पेशल ट्रेन 02 एवं 09 मार्च 2026 को दानापुर स्टेशन से मध्य रात्रि 01.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मध्य रात्रि 01.10 बजे सोगरिया स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01667/01668 रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन (02-02 ट्रिप) गाड़ी 01667 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी एवं 02 मार्च 2026 को रानी कमलापति से दोपहर 14.25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन दूसरे दिन सुबह 08.45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01668 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी एवं 03 मार्च 2026 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08.55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

# प्रशासन का चला बुलडोजर हटाया गया अतिक्रमण



## सरपंच की पहल पर ग्राम पंचायत गुडरू की भूमि को किया अतिक्रमण मुक्त

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

जनपद पंचायत बालाघाट की ग्राम पंचायत गुडरू में पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की हैं। सरपंच की ठोस पहल और शिकायत के बाद तहसीलदार लामता ने मौके पर जेसीबी मशीन लगाकर पंचायत भूमि से अतिक्रमण हटवाया।

जानकारी के अनुसार, गुडरू पंचायत भवन के इर्द-गिर्द स्थित पंचायत कि शासकीय भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा किया गया था। जिस पर ग्राम पंचायत गुडरू द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने के लिए तहसील कार्यालय लामता को आवेदन किया था, जिस पर लामता तहसीलदार द्वारा सभी पक्ष को सुनते हुए 16 जनवरी को बेदखली आदेश पारित कर अतिक्रमणकर्ता को नोटिस जारी किया गया, जिसके पालन में 5 फरवरी की दोपहर को तहसीलदार लामता, राजस्व निरीक्षक चांगोटोला, हल्का पटवारी एवं पुलिस प्रशासन व प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की हैं।

सरपंच प्रतिनिधि लेखचंद बघेल ने बताया कि ग्राम पंचायत गुडरू के पंचायत भवन के इर्द-गिर्द पंचायत कि भूमि खसरा नंबर 89 में वर्षो से अतिक्रमण किया गया था, जिसकी शिकायत 2024 में तहसील न्यायालय लामता से किया गया था, तहसीलदार द्वारा 16 जनवरी को बेदखली आदेश पारित कर अतिक्रमण कर्ताओ को नोटिस जारी किया और फिर 5 फरवरी को तहसीलदार लामता के उपस्तिथि में अतिक्रमण हटाकर पंचायत कि भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया हैं।

## प्रदेश में बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा 5वीं, 8वीं की परीक्षा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इस वर्ष 1 लाख 10 हजार 615 शासकीय, निजी शालाओं एवं मदरसों के लगभग 24 लाख 90 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसकमें से 522 निजी विद्यालयों के 20 हजार 736 विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर बनाए गए हैं।



# वाहन चेकिंग के दौरान 6 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार-दूसरा फरार

## नवेगांव पुलिस की बड़ी कार्यवाही

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। थाना नवेगांव पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही वाहन चेकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थ गांजा 6 किलो जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं मौके से एक आरोपी भागने में कामयाब हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रहीं है। जानकारी अनुसार, 04 फरवरी की करीब शाम 07 बजे, थाना नवेगांव पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान विद्यागांव से भमोड़ी मार्ग पर एक बिना नंबर की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर संदिग्ध मोटर सायकल को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस चेकिंग देखकर मोटर सायकल चालक, वाहन मोड़कर भागने लगा, जिसमें पीछे बैठा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गया जबकि पुलिस द्वारा मोटर सायकल चालक को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पूछताछ में मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम वेदप्रकाश पिता नेतराम सैनिक, उम्र 34 वर्ष, ग्राम कायदी निवासी का होना बताया ।

जिसकी तलाशी कार्यवाही के दौरान आरोपी के कब्जे से बैग में रखे लगभग 6 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2,50,000 रुपये है, बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल भी जप्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही हैं।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नवेगांव उनि अमित अग्रवाल, सउनि. प्रभुदयाल, कार्य. प्रआर. कृष्णा पटले, कार्य. प्रआर. मनीष ब्रम्हे, कार्य, प्रआर. उमेश हरदे, प्रआर. पदम, प्रआर. गजेंद्र पटले, आरक्षकदिलीप, आरक्षक राजाबाबू एवं आरक्षक शैलेष तेलंग, आरक्षक प्रदीप, आरक्षक धीरज, आरक्षक नीरज का विशेष योगदान रहा।



# महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर जागरूकता कार्यशाला

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** 05 फरवरी को प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बालाघाट एवं न्यू सतपुड़ा आई.टी.आई., बालाघाट में वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में प्रतिभागियों को जानकारी दी गई कि यह अधिनियम संगठित एवं असंगठित दोनों क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें जानबूझकर शारीरिक संपर्क, अनुचित तरीके से छूना, महिला को घेरना, भद्दे इशारे करना, लैंगिक टिप्पणियाँ करना, छेड़छाड़ करना अथवा लिंग के आधार पर अपमानित करना जैसे कृत्य लैंगिक उत्पीड़न की श्रेणी में आते हैं। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत जिन संस्थानों में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहाँ आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। साथ ही महिलाओं द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु सेक्सुअल हैरेसमेंट इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना रहा। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी एवं जानकारीवर्धक बताया।

# ऑटो स्टेंड परिवर्तन पर आटो चालकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

बालाघाट बस स्टैंड में विगत कई वर्षों से खिलाया मुठिया के पास में ऑटो स्टैंड है, जिसे यातायात व्यवस्था को सुचारू करने को लेकर यातायात के द्वारा उक्त स्थान से हटकर पदमेश कार्यालय के पास में ऑटो स्टेंड करने की बात कही। जिसको लेकर ऑटो चालाकों ने ऑटो स्टैंड को यथावत वहीं स्थान पर रखने को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर मृणाल मीना के नाम ज्ञापन सौंपा है और आंदोलन की चेतावनी दी है।



जानकारी अनुसार, ऑटो चालाकों ने कहा कि हमारा मुख्य व्यवसाय आटो वाहन का परिचालन करना है, जिससे हम अपना परिवार का पालन पोषण करते है।

विगत कई वर्षों से ऑटो स्टेण्ड भारत बैटरी के पास खिलिया मुठिया की भूमि पर है, जहां से बस स्टेण्ड लगा हुआ है बस स्टेण्ड से लगे होने के कारण, सवारी अथवा सामान ढोने का कार्य मिलते रहता है, जिससे हम अपने परिवार का पालन पोषण करते है, किन्तु वर्तमान में 05 फरवरी को यातायात प्रभारी के द्वारा मौखिक रूप से कहा गया कि अपना ऑटो का स्थान परिवर्तित कर बस स्टेण्ड से हटा कर पदमेश कार्यालय के निकट रिक्त भूमि पर रखने कहा गया है। उन्होंने आगे बताया कि बस स्टेण्ड से आटो स्टेण्ड प्रथक स्थान पर परिवर्तन किये जाते है, तो व्यवसाय प्रभावित होगा, जिससे काम नहीं मिलेगा और भूखे मरने के हालात उत्पन्न होगें तथा बाहर से आय यात्रीगण भी प्रभावित होगें जिन्हे अन्यत्र आने-जाने में परेशानिया होगी।

बस स्टेण्ड से आटो स्टेण्ड लगे होने से यात्रीगण को आटो खोजने में सुविधा होती है, बस से उतरते ही आटो उपलब्ध हो जाती है। इसलिए कलेक्टर मृणाल मीना ने मांग हैं कि उपरोक्त स्थान पर आटो स्टेण्ड का स्थान परिवर्तित नहीं किये जाए और ऑटो स्टेण्ड को यथावत वहीं रखा जाए।

# रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली जब्त

उमरिया (स्वतंत्रमत)। तहसीलदार बांधवगढ दिलीप सोनी ने बताया कि राजस्व निरीक्षक उमरिया लखनसिंह के साथ फार्मर रजिस्ट्री हेतु क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम कछरवार - खेरवाखुर्द मार्ग पर रेत से भरी हुई ट्रेक्टर नीले रंग की ट्राली (जिस पर वाहन नंबर अंकित नही था) में लोड खनिज (रेत) को अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। मौके पर आवश्यक दस्तावेज (ट्रांजिट पास/ड्राइविंग लायसेंस/वर्क आर्डर इत्यादि) प्रस्तुत नही किये गये और न ही ट्रेक्टर वाहन में आगे एवं पीछे रजिस्ट्रेशन नंबर लगा होना पाया गया जिस कारण वाहन को जप्त किया गया। वाहन चालक द्वारा ट्रेक्टर मालिक का नाम वाजिद अली



उर्फ पिंटू भाई जान पिता स्व0 मो0 अली निवासी रमपुरी तहसील बांधवगढ़ बताया गया। मौके पर कार्यवाही का पंचनामा तैयार किया गया ट्रेक्टर वाहन को चौकी प्रभारी उप थाना भरौली की सुर्युदगी में दिया गया है।उन्होने बताया कि वाहन मालिक वाजिद अली उर्फ पिंटू भाई जान पिता स्व0 मो0 अली निवासी रमपुरी समय 2..44 बजे (दोपहर ) कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया है जिस पर उल्लेखित किया गया है कि ट्रेक्टर वाहन क्रमांक एमपी 54 ए 9229 खेरवा रेत खदान से उमरिया की ओर आ रहा था, जिस पर रेत लोड थी जिसका परिवहन क्रमांक 4850923914 दिनांक 5 फरवरी 2025 की है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति, टी0पी0, बीमा की प्रति प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत टी0पी0 12.50 बजे का समय जारी होना लेख पाया गया जबकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान वाहन पकड़े जाने पर 12..20 बजे का समय रहा है। आवेदक से प्रस्तुत टी0पी0 एवं मेरे भ्रमण के दौरान जप्त किए गये वाहन के समय में भिन्नता पाई गयी है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि जप्त किए गये वाहन की टी0पी0 चौकी प्रभारी उपथाना भरौली की सुर्युदगी के पश्चात तैयार कराई गयी है। अवैध रेत परिवहन करते हुए ट्रेक्टर वाहन के संबंध में नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही किए जाने हेतु प्रतिवेदन अग्रिम कार्यवाही हेतु एसडीएम बांधवगढ को प्रेषित किया गया।

## समझोते के बाद भारत की बड़ी जीत : कैट

**उमरिया।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक वर्ष से चली आ रही टैरिफ पर चर्चा अच्छे वातावरण में समाप्त हुई और कैट के सभी व्यापारियों ने इस टैरिफ डील का स्वागत किया। साथ ही उद्योपतियों एवं व्यापारियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। व्यापारियों ने इसे "आत्म निर्भर भारत की जीत" बताया है।

टैरिफ कटौती से व्यापारियों को बूस्ट मिलेगा एवं अंतरर्राष्ट्रीय बाजार में भरतीय उत्पाद, रेडीमेड गारमेंटस, आभूषण, ऑटो पार्टस, लेदर ऑफ, मसाले, मशीनरी फर्नीचर आदि स्वदेशी उत्पादनों की जबरदस्त मांग बढ़ेगी।

# हाइवे पार करते दंपत्ति हुए सड़क हादसे का शिकार...!

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - नगर के उमरिया कोतवाली थाना अंतर्गत लालपुर के पास नेशनल हाइवे 43 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है।जानकारी के अनुसार बाइक सवार दंपत्ति को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी,जिससे दोनों गंभीर रूप से चोटिल हो गए।हादसे में बाइक चला रहे युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है।गुरुवार 5 फरवरी की दोपहर 02 बजे हुए इस हादसे में घायल हुए युवक की पहचान पंकज सिंह पिता रामदयाल उम्र 28 वर्ष एवं उनकी पत्नी शकुंतला सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी धमोखर के रूप में हुई है।खबर है कि पंकज सिंह हाइवे स्थित एलआईसी कार्यालय किसी कार्य से आए थे,जहाँ से लौटते समय यह हादसा कारित हो गया।

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े।घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर 108



एम्बुलेंस मौके पर पहुँची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद पंकज सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।घायल युवक का दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।वहीं पत्नी के सिर में आंशिक चोट होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल में ही उपचार दिया जा रहा है।

# न्यायाधीश,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा जिला जेल का किया निरीक्षण



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि गुरुवार 5 फरवरी को श्री मोहन डावर, माननीय न्यायाधीशध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा जेल का निरीक्षण एवं विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगाया गया। जिसमें बंदियों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। बंदियों ने अपने अधिवक्ता नियुक्त होना बताया और जेल में उन्हें कोई परेशानी ना होना बताया। माननीय न्यायाधीश के द्वारा बंदियों के बैरक में जाकर निरीक्षणध्अवलोकन कर बंदियों के आपराधिक प्रकरण में पैरवी के लिए नियुक्त अधिवक्ता का नाम, पेशी दिनांक, मुलाकात, इनकमिंग टेलीफोन, तथा उनके बिस्तर, कपडे, बर्तन, भोजन, स्वच्छता के बारे में पूछतांछ कर जानकारी ली गई। बंदियों को अपने स्वास्थ्य एवं रहन सहन के प्रति सतर्क रहने के लिये प्रेरित किया गया। माननीय न्यायाधीश द्वारा वी.सी. कक्ष का अवलोकन करने के उपरांत महिला वार्ड में महिला बंदियों से भी उपरोक्तानुसार पूछतांछ कर जानकारी ली गई। उन्हे स्पष्ट रुप से यह बताया गया कि यदि आपराधिक प्रकरण के पैरवी में अधिवक्ता से संबंधित कोई समस्या हो तो विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क अधिवक्ता नियुक्त कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

इस अवसर पर बंदियों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर रहे बंदियों के परिजनों से भी बातचीत कर जानकारी ली गई। निरीक्षण के अवसर पर जेल अधीक्षक डी.के. सारस तथा जेलर ध् उप अधीक्षक-माखन सिंह मार्को, ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी शिवशंकर कोल एवं प्रहरी एवं जेल के सभी अधिकारीध्कर्मचारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैरालीगल वालेंटियर सोनम सोनी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा केंद्रीय बजट : आशुतोष अग्रवाल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के द्वारा गुरुवार 5 फरवरी को स्थानीय भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया,जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा महामंत्री दीपक छतवानी, राधेलाल कोल, उपाध्यक्ष सुमित गौतम, अमित सिंह और जिला मीडिया प्रभारी कौशल विश्वकर्मा मौजूद थे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज़ है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान



बजट में किए गए हैं। यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है, जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ करने का प्रस्ताव है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी शून्य कर दी गई है। महिलाओं के लिए हर जिले में हॉस्टल, डेढ़ लाख केयर वर्कर्स और पेंशनर्स को सुविधाएं देने का भी प्रावधान है।यह बजट भारत को आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, और बजट 2026 उसी भरोसे और दूरदृष्टि का प्रमाण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट तात्कालिक प्रभाव से अधिक अगले 10-20 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। यह बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शालाओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और 'खेलो इंडिया' के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों का बजट सिर्फ लोक लुभावन रहता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का यह बजट दूरदर्शी और विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने वाला है। इसके अलावा श्री अग्रवाल ने पत्रकारों के सवालों का भी बखूबी जवाब दिया है।

# नर्मदा परिक्रमा पथ में मछली मटन बाजार से धर्मप्रेमियों में रोष
# मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी नहीं बन पाया मीट बाजार

मण्डला (स्वतंत्र मत)।





उपनगर महाराजपुर से मानादेई घाघा जाने वाले मार्ग से लगी मुख्य सड़क में रोजाना मछली मटन का बाजार सजा दिखाई देता है। दर्जनों की संख्या में महिला और पुरूष रोड़ किनारे मछली मटन बेचते दिखाई देते हैं। जबकि यह मार्ग नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए मुख्य मार्ग में शामिल है। नर्मदा परिक्रमा में निकले धर्मप्रेमी जब यहां पहुंचते है तो यहां का वातावरण अजीव सा दिखाई देता है। यहीं नही मछली के कांटा मास और खून मुख्य मार्ग में ही फेंक दिया जाता है तो मुर्गा मटन के तुकड़े भी सड़क में दिखाई देते हैं जिससे नर्मदाप्रेमियों में निराशा दिखाई दे रही है मार्ग हैं कि इस बाजार को यहां से हटाते हुए अन्यत्र स्थान में भेजा जाए। वहीं दूसरी ओर नगर के नागरिकों का कहना है कि मुख्य मंत्री ने हर जिले में मछली मटन बाजार लगाने के लिए स्थान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए नगर पालिका को बाजार बनाने के निर्देश दिए थे वहीं खुलेआम मछली मटन बेचने पर रोक लगा दी गई थी।

लेकिन मंडला में इसका बिल्कुल भी पालन नही हुआ है। मां नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि आस्था तप संयम और श्रद्धा की जीवंत परंपरा है। देश के कोने-कोने से हजारों श्रृद्धालु नर्मदा मैया की परिक्रमा करते हुए मंडला पहुंचते हैं। कोई पैदल कोई दंडवत, कोई परिवार सहित सबका उद्देश्य एक ही होता है मां नर्मदा के चरणों में श्रद्धा अर्पित करना। लेकिन इसी पवित्र यात्रा के दौरान मंडला जिला मुख्यालय के उपनगर महाराजपुर स्थित कारीकोन तिराहा आज आस्था के लिए सबसे बड़ी कसौटी बन चुका है। यह वही मार्ग है जहां से उत्तरवाहिनी परिक्रमा करने वाले श्रृद्धालुओं का निरंतर आवागमन होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि इसी पवित्र रास्ते पर बड़ी संख्या में मछली और मटन की दुकानें खुलेआम लगाई जाती हैं। कच्चा मांस, सड़ती मछलियां, गंदगी और तेज दुर्गंध श्रद्धालुओं का यहां से गुजरना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं रह गया है। परिक्रमा व्रत में रहने वाले श्रद्धालु सात्विक जीवन जीते हैं। न मांस, न मदिरा, न हिंसा केवल भक्ति और संयम ऐसे में जब वे जिला मुख्यालय के उपनगर महाराजपुर कारीकोन तिराहा के पास पहुंचते हैं तो वहां फैली मांस-मछली की बदबू उनके व्रत और भावना दोनों को आहत करती है। कई श्रद्धालु नाक पर कपड़ा रखकर, आंखें मूंदकर इस हिस्से को पार करने को मजबूर हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह केवल असुविधा नहीं, बल्कि उनकी आस्था पर सीधा प्रहार है।

जिस मार्ग को पवित्र माना जाता है वहां इस तरह का नजारा न सिर्फ अपमानजनक है बल्कि प्रशासनिक असंवेदनशीलता का प्रमाण भी है। यह कोई नई समस्या नहीं है। वर्षों से स्थानीय नागरिक, साधु-संत और परिक्रमावासी इस मार्ग से मछली-मटन की दुकानों को हटाने की मांग करते आ रहे हैं। मौखिक शिकायतें, लिखित आवेदन, जनप्रतिनिधियों से आग्रह सब कुछ हो चुका है। लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात। प्रशासनिक अमला या तो इस समस्या से अनजान बना हुआ है या जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है।

नगर पालिका, पुलिस, राजस्व विभाग सबकी जिम्मेदारी बनती है लेकिन कार्रवाई कहीं नजर नहीं आती। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या नगर प्रशासन को यह नहीं पता कि यह उत्तरवाहिनी परिक्रमा का प्रमुख मार्ग है क्या यहां दुकान लगाने की अनुमति दी गई है यदि नहीं तो फिर रोजाना इतनी बड़ी संख्या में मांस-मछली की दुकानें कैसे लग जाती हैं स्थानीय लोगों का आरोप है कि या तो प्रशासन की मिलीभगत है या फिर जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह लापरवाह हैं। नियम-कायदों की बात केवल कागजों तक सीमित है जमीन पर हालात बिल्कुल उलट हैं। मंडला को नर्मदा नगरी कहा जाता है। यहां की पहचान ही मां नर्मदा और उनसे जुड़ी आस्था है। ऐसे में उत्तरवाहिनी परिक्रमा मार्ग पर मटन-मछली की खुलेआम बिक्री होना न सिर्फ श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है बल्कि जिले की धार्मिक छवि पर भी सवाल खड़े करता है। देश के कई धार्मिक स्थलों पर ऐसे मार्गों में विशेष नियम लागू होते हैं मांसाहार पर प्रतिबंध, साफ-सफाई के कड़े इंतजाम, पुलिस निगरानी।

लेकिन मंडला में ऐसा क्यों नहीं यहां यह स्पष्ट करना भी जरूरी है कि किसी के रोजगार के खिलाफ कोई नहीं है। मछली-मटन बेचने वाले भी अपने परिवार का पेट पालते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इनके लिए कोई वैकल्पिक स्थान तय नहीं किया जा सकता क्या धार्मिक मार्ग से कुछ दूरी पर इन्हें व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित नहीं किया जा सकता समस्या का समाधान संभव है बस इच्छाशक्ति की जरूरत है। लेकिन जब इच्छाशक्ति ही न हो, तो अव्यवस्था ही हावी रहती है। परिक्रमा वासी आक्रोशित जरूर हैं लेकिन संयम नहीं छोड़ते। वे प्रशासन से टकराव नहीं चाहते, सिर्फ सम्मान चाहते हैं अपनी आस्था का सम्मान। कई साधु-संतों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई है और कहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह मुद्दा बड़ा आंदोलन भी बन सकता है। कारीकोन तिराहा आज सिर्फ एक चौराहा नहीं बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता की परीक्षा बन चुका है।

क्या जिला प्रशासन समय रहते कदम उठाएगा क्या नगर पालिका वैकल्पिक व्यवस्था करेगी, क्या पुलिस नियमों का पालन कराएगी या फिर हर साल की तरह इस साल भी परिक्रमावासी बदबू सहते हुए, मन मारकर आगे बढ़ जाएंगे उत्तरवाहिनी परिक्रमा मंडला की पहचान है गर्व है लेकिन अगर इसी परिक्रमा मार्ग पर आस्था को रोज ठेस पहुंचे तो यह पूरे जिले के लिए शर्म का विषय है। अब भी वक्त है कि प्रशासन जागे जिम्मेदारी निभाए और इस पवित्र मार्ग को बदबू और अव्यवस्था से मुक्त करे। वरना इतिहास यह जरूर याद रखेगा कि जब आस्था कराह रही थी तब जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे लोग मौन साधे बैठे थे।

## अंधी हत्या का खुलासा आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** बंजाराटोला खुर्शीपार स्थित गिट्टी खदान के पानी से भरे गड्ढे में एक महिला का शव तैर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष शव को पानी से बाहर निकलवाया गया। शव की पहचान सुकदेव उइके निवासी ग्राम खोहरी द्वारा अपनी माता हरौती बाई के रूप में की गई जांच में पाया गया कि मृतिका 6 जनवरी को रोज की तरह खेत गई थी जो वापस नहीं लौटी थी। इस संबंध में 7 जनवरी को थाना नैनपुर में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शव परीक्षण के दौरान मृतिका के सिर पर पीली प्लास्टिक बोरी में पत्थर बंधे होना कमर में ईंट पत्थर बंधे होना गले में गमछा लिपटा होना तथा मृतिका की लाठी शव के साथ बंधी होना पाया गया जिससे हत्या कर साक्ष्य छुपाने का प्रयास स्पष्ट हुआ। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना महाराजपुर में अपराध क्रमांक 30/2026, धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन पर एसडीओपी पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में विशेष टीम एसआईटी गठित की गई।

तकनीकी सहायता एवं स्थानीय सूचना के आधार पर संदेही संदीप भलावी से पूछताछ की गई जिसने अपराध स्वीकार किया जांच में पाया गया कि आरोपी संदीप भलावी के पिता का खेत वर्ष 2015 में मृतिका के पुत्र सुकदेव उइके को ठेके पर दिया गया था जिसे वापस न मिलने के कारण दोनों परिवारों में लंबे समय से विवाद चल रहा था घटना से लगभग दो दिन पूर्व आरोपी के बैल मृतिका के खेत में लगी फसल को खा गए थे जिस पर मृतिका द्वारा आरोपी को गाली-गलौज की गई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने मृतिका की हत्या करने की योजना बनाई थी। खुलासा में एसडीओपी पियूष मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डॉ.जयसिंह यादव, थाना प्रभारी नैनपुर बलदेव मुजाल्दा, उनि भूपेन्द्र अहिरवार, लक्ष्मीचंद बिसेन, नागेंद्र पटेल, सउनि रमेश पाल, प्रआ. माखन वरकड़े, विजय टेकाम, आरक्षक अमित गरयार, शिवा नाविक, सुंदर भलावी, हरिदास, ओमप्रकाश, सुरेश भटेरे, सूर्यचंद बघेल महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अवैध शराब पर कार्यवाही

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशन में कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त शिकायत पर आबकारी एवं तहसीलदार की उपस्थिति में मदिरा के अवैध विक्रय पर महाराजपुर आंगन तिराहा में दबिश की कार्यवाही की गई। जिसमें गरुण नाविक के दुकान की विधिवत तलाशी लेने पर 17 बोतल बियर, 6 कैन बियर एवं 1 बोतल विदेसी मदिरा, 13 नग विदेसी मदिरा के बरामद किये गए। जप्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 9500 रूपए है। आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## 25 हजार रुद्राक्ष से बना शिवलिंग



मण्डला(स्वतंत्रमत)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर एक अद्भुत और ऐतिहासिक धार्मिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। 15 फरवरी को श्रृद्धालुओं के दर्शन एवं पूजन हेतु 25 हजार पवित्र रुद्राक्ष से निर्मित लगभग 6 फीट ऊंचा भव्य शिवलिंग भक्तों के लिए स्थापित किया जाएगा। रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग का सनातन धर्म में अत्यंत विशेष महत्व माना गया है। मान्यता है कि रुद्राक्ष शिवलिंग की पूजा से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है आध्यात्मिक उन्नति होती है आत्मा को शांति मिलती है नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस विशेष शिवलिंग का निर्माण जिला पंचायत मंडला के सामने स्थित हनुमान शेषनाग राम दरबार मंदिर में किया जा रहा है। इस अद्भुत कलाकृति के सृजनकर्ता जिले के सुप्रसिद्ध बॉटल आर्टिस त्रिलोक सिंधिया है।

## रंगों और भावों की कविताओं ने मोहा मन

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

कविताओं की पिटारी से कवि और कवित्रियों ने विभिन्न रंगों और भावों की कविताएं निकालीं। सभी को भाव विभोर कर दिया। गोंडी पब्लिक ट्रस्ट में हिंदी लेखिका संघ, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, संस्कार भारती और शहर समता विचार मंच की सामूहिक गोष्ठी का मधुरिम मिलन आयोजन किया गया। हिंदी लेखिका संघ की अध्यक्ष मालती लखेरा, अखिल भारतीय साहित्य परिषद अध्यक्ष प्रीति दुबे और संस्कार भारती के साथ शहर समता की अध्यक्ष डॉ अर्चना जैन के सामूहिक संयोजन में इस गरिमामयी गोष्ठी का आयोजन हुआ। सरस्वती वंदना नवनीता दुबे नूपुर ने किया। मंच संचालन प्रज्ञा बाजपेयी का रहा। डॉ अर्चना जैन ने यूजीसी एक्ट की जानकारी सभा के बीच प्रस्तुत की और



अपनी कालजयी रचना विषबेली को इस संदर्भ में प्रस्तुत किया। नदी नाले उफान पर हैं पर आप क्यों तूफ़ान पर हैं मौसम का मिजाज गर बदला अपना मिजाज समझलिये। उक्त भाव प्रज्ञा तांबे ने रखे। विनीता मिश्रा ने अपना दर्शन प्रस्तुत करते हुए कहा प्रारंभ हुआ जीवन का सूरज ढलना। दीप्ति खरे का कटाक्ष भीड़ बड़ी थी भारी लंबी लगी थी लाइन, शहर में देखो आज खुली है खुशियों की दुकान। सामाजिक समरसता लेकर सुदृढ़ समाज बनाना होगा-प्रज्ञा बाजपेयी ने पढ़ा। डॉ रश्मि बाजपेयी ने अपने उद्गार में कहा-युवाओं से आव्हान, जय का शंखनाद हो। ज्वलंत प्रस्तुति करते हुए कहा-जली चिता की राख पूछती, गोरा कौन यहाँ काला साधना श्रीवास्तव ने पढ़ा-रूप नहीं यदि नश्वर होता,जीवन में श्रृंगार न होता। अध्यक्षीय आसंदी से मालती लखेरा ने पढ़ा-मन की कली खिल गई प्रीति दुबे अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने भी नशा वृत्ति नशे से दूर रहना भैया बुरी है ये बीमारी को लेकर जनमानस में चेतना का प्रस्फुरण किया। अंगद पड़वार और लखन कछवाहा ने भी अपनी भावपूर्ण रचनाओं से लोगों के दिलों पर छाप छोड़ी। कल्पना नागेश्वर ने अपने उद्गार में यूजीसी का प्रबल विरोध करते हुए इसे समाज को काटने वाला काला अध्याय बताया।

## शिक्षकों के लिए नवाचारयुक्त पहल प्रारंभ

**मण्डला/ नारायणगंज (स्वतंत्र मत)।** विकासखण्ड नारायणगंज के अंतर्गत आने वाले संकुल केन्द्र शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलगंज में 4 फरवरी को समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन एवं पहल पर आयोजित हुआ जो शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में एक नवाचारपूर्ण सराहनीय एवं प्रेरणादायी प्रयास के रूप में देखा जा रहा है विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक संकुल केन्द्र में शिक्षकों की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सीधे



सुनकर समाधान करने इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलगंज संकुल केन्द्र में आयोजित शिविर में संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया शिविर में उपस्थित होकर शिक्षकों ने अपनी अपनी समस्याएं सीधे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखीं श्री विश्वकर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण का आश्वासन दिया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा का फूलमाला एवं तिलकवंदन कर स्वागत किया गया। इस दौरान प्राचार्य बलवन्त सिंह पटेल, आरके गुप्ता, मण्डल संयोजक रामरतन वरकड़े, सहायक ग्रेड देवी सिंह धुर्वे, कुसुम लाल उइके, शेख रहमान बेहना, नरबद सिंह मरावी, राम दयाल वरकड़े, नर्मदा परते, चैनसिंह मरावी, सुशील कुमार मरावी, गंगोत्री, जागेश्वरी उइके सहित संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा से मिली राहत

मण्डला/अंजनिया (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक अंजनिया के धीरज कुमार कोष्ठा बैंक मैनेजर के द्वारा नॉमिनी को चेक दिया गया यह चेक ब्रजेश कुमार बंशकार जिनकी मृत्यु अचानक हुई और जिनका भारतीय स्टेट बैंक अंजनिया में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा का बीमा था जिस दिन ब्रजेश कुमार बंशकार मृत हुए उसके ठीक 45 दिन के अंदर उनकी पत्नी शिखा बंशकार भारतीय स्टेट बैंक में जाकर धीरज कुमार कोष्ठा से संपर्क किया तत्काल ब्रजेश कुमार बंशकार कुमार के खाते में



किये गए बीमा का फार्म बैंक से उपलब्ध कराया और लगभग 1 महीने के बाद गुरूवार को नॉमिनी शिखा बंशकार को धीरज कुमार कोष्ठा बैंक मैनेजरके द्वारा 2 लाख का चेक दिया गया जिससे उनके परिवार में खुशी छा गई एक सरकारी दुर्घटना बीमा योजना है यह योजना 2 लाख रुपये का दुर्घटना मृत्यु या विकलांगता कवर प्रदान करती है जिसका प्रीमियम सीधे पॉलिसीधारक की मृत्यु होने के बाद नॉमिनी के बैंक खाते से ट्रांसफर कर दिया जाता है और बीमा हर एक नागरिक को करवाना चाहिए जिससे उनके परिबार के लोगो को बीमा का लाभ मिल सके इस कार्य को पूर्णतः सफल करने मे विशेष मार्गदर्शन क्षेत्रीय प्रबंधक आनन्द कुमार द्वारा दिया गया एवं शाखा के समस्त स्टाफ ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## बिना हेलमेट धारण किये अब दुपहिया वाहन चालकों को नहीं मिलेगा पेट्रोल

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोटो से दोपहिया वाहन चालक ग्रसित होते आ रहे हैं जो एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। इन्ही कारणों के मद्देनजर कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा के द्वारा एक आदेश जारी किया गया है। बताया गया है कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 में यह प्रावधानित है कि, च्किसी वर्ग या वर्णन की मोटर सायकिल को चलाने वाला या उस पर सवारी करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हेलमेट पहन कर चलना अनिवार्य है।

किसी सार्वजनिक स्थान पर हो, ऐसा सुरक्षात्मक दृष्टी से हेलमेट पहन कर चलना भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के समरूप है। जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पेट्रोल पंप संचालक / प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि ऐसे दो पहिया वाहन चालक जिन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के समरूप हेलमेट धारण नहीं किया हो, उन्हें पेट्रोल प्रदाय नहीं किया जाए। उक्त निर्देशों का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में संबंधित संचालक के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पंप स्टाफ को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश प्रदान करते हुए पेट्रोल पंप परिसर में उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

## जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** 100 दिवसीय अभियान के तीसरे फेज में बाल विवाह रोकथाम के लिए गुरुवार को ग्राम पंचायत अंजनी जनपद पंचायत मवई में जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग प्रदान करने जागरूक करते हुये शपथ दिलाई गई। जिला स्तर में संचालित कन्ट्रोल रूम की भी जानकारी दी गई पीएलवी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित प्रतिभागियों को कानून के प्रति सजग रहने के साथ विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को दी जाने वाली सहायता एवं विधिक सहायता प्राप्त करने टोल फ्री नं. 15100 की जानकारी दी।

## थाना प्रभारी की कार्यशैली के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन







### गोंडवाना पार्टी ने किया टीआई का समर्थन

नैनपुर।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के बैनर तले सैकड़ों की तादात में कार्यकर्ताओ ने नैनपुर थाना प्रभारी की कार्यशैली के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता नैनपुर थाने पहुंचे, जहां थाना परिसर के अंदर बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नैनपुर थाना प्रभारी विश्व हिंदु परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की आवाज न सुनने और उनके साथ दुर्व्यवहार करते है।

इस प्रदर्शन में नैनपुर नगर के साथ-साथ बम्हनी मंडल एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नैनपुर थाना प्रभारी टीआई बलदेव सिंह मुजालदा की कार्यशैली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए एडिशनल पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमे उचित कार्यवाही करते हुए टी आई नैनपुर को तत्काल हटाने की मांग की है।

सौंपे गये ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने आरोप लगाया कि नैनपुर थाने में पदस्थ थाना प्रभारी द्वारा हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं के प्रति द्वेषपूर्ण, अमर्यादित और अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि कार्यकर्ताओं को असंगत भाषा में संबोधित किया जाता है तथा जानबूझकर प्रताड़ित कर उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं पर गलत एवं एकतरफा कानूनी कार्यवाही की जा रही है। थाने में न्यायपूर्ण सुनवाई के स्थान पर दबाव और अपमान का वातावरण बना हुआ है, जिससे क्षेत्र में तनाव और असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस स्थिति को पुलिस प्रशासन की गरिमा और कानून व्यवस्था के लिए घातक बताते हुए पुलिस अधीक्षक से इस पूरे मामले में तत्काल संज्ञान लेकर उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। साथ ही ज्ञापन में जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए टीआई बलदेव सिंह मुजालदा को तत्काल प्रभाव से नैनपुर थाने से हटाने की मांग की गई है।

संगठन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि 24 घंटे के भीतर मांगों पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्यवाही नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से क्षेत्र में शांति, न्याय और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है।

### गोंडवाना पार्टी ने खोला मोर्चा

वही अब इस मामले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, नैनपुर ने अपना मोर्चा खोलते हुए टी आई पर अनर्गल आरोप का विरोध जताया है। एक आकस्मिक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हिन्दू समाज के एक पीड़ित परिवार को पार्टी द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। पीड़ित परिवार ने पार्टी को अवगत कराया कि पूर्व में उनके साथ घटित एक गंभीर घटना के संबंध में लगातार दबाव बनाकर जबरन बयान बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा किसी भी निर्दोष परिवार के साथ अन्याय, दबाव या भय की राजनीति का विरोध जताया है। किसी भी अधिकारी पर झूठे आरोप लगाकर दबाव बनाना अस्वीकार्य किया है।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कहा है कि वह सभी समाजों से शांति, सद्भाव और कानून के सम्मान की अपील करती है तथा प्रशासन से निष्पक्ष और निर्भीक कार्रवाई की अपेक्षा करती है।

संपादकीय

## ‘ऊंट के मुंह में जीरा’

पहली बार बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को 1 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। कुल बजट 1,01,709 करोड़ रुपए का है, जिसे पांच साल में 42 फीसदी बढ़ाया गया है, लेकिन जीडीपी का जितना हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा पर आवंटित किया जाना चाहिए, उतना बजट नहीं दिया जा रहा है। स्वास्थ्य का बजट अब भी 2 फीसदी से कम है, जो 147 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश के लिए ‘ऊंट के मुंह में जीरा’ समान है।

भारत में कैंसर और डायबिटीज जानलेवा और गंभीर स्वास्थ्य संकट हैं। देश में 2025 तक मधुमेह पीड़ितों की अनुमानित संख्या 12.49 करोड़ है। करीब 8 से 18 फीसदी कैंसर रोगियों को मधुमेह भी होता है, लिहाजा टाइप-2 मधुमेह के कारण स्तन, कोलन, लिवर, पैंक्रियाज के कैंसर का जोखिम 20-30 फीसदी तक बढ़ जाता है। भारत में मुख कैंसर विश्व में सबसे अधिक है, क्योंकि भारतीय तंबाकू का सेवन बहुत करते हैं। फेफड़े, श्वास-नली, बड़ी आंत या मलाशय, पैंक्रियाज, स्तन आदि के कैंसर करीब 50 फीसदी मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। देश का औसतन 9वां नागरिक कैंसर पीड़ित है। अभी तक कैंसर लगभग लाइलाज है, क्योंकि देश में सुविधाएं और चिकित्सा पर्याप्त नहीं है। जहां इलाज उपलब्ध है, वहां लंबी प्रतीक्षा है, शोध का स्तर उथला है और अंततः इलाज बेहद महंगा है। राजधानी दिल्ली की नाक के तले ही कैंसर की नकली दवाइयां बनाई और बेची जा रही हैं। बहरहाल बजट में कैंसर, मधुमेह समेत 7 गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती घोषित की गई हैं। बेशक कैंसर की दवाओं पर शुल्क घटने से इन दवाओं के आयात और वितरण से जुड़ी कंपनियों के मार्जिन में सुधार होगा। बजटीय आबंटन 10,000 करोड़ रुपए का सीधा लाभ उनको मिलेगा, जो ‘बायोसिमिलर्स’ और शोध पर काम कर रही हैं। बॉयोकॉन, सन फार्मा, जायडस लाइफ साइंसेज को ये लाभ मिल सकते हैं। डा. रेड्डीज कैंसर की कई महत्वपूर्ण दवाओं के उत्पादन और वितरण में सक्रिय है। नेटको फार्मा की कैंसर दवाओं के पोर्टफोलियो में इसकी बड़ी पकड़ है।

मौजूदा सवाल यह है कि देश में कैंसर का इलाज मुफ्त क्यों नहीं किया जा सकता? अथवा जो अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए चिन्हित किए जाएं, उनमें इतना अनुशासन और सख्ती की जानी चाहिए कि आम आदमी को कैंसर का इलाज 100 फीसदी सुनिश्चित किया जा सके। जब देश में ‘मुफ्त की रेवड़ियां’ बांटने की राजनीतिक संस्कृति पुख्ता हो चुकी है और इस आधार पर चुनाव जीते जा रहे हैं, तो कैंसर किसी की जिंदगी और मौत से जुड़ी बीमारी है। ‘अमीर अर्थव्यवस्था’ वाला देश कैंसर का मुफ्त इलाज मुहैया क्यों नहीं करा सकता? देश में दवाओं का इतना संकट नहीं है, बल्कि अस्पताल और डाक्टरों की उपलब्धता बहुत कम है। राजधानी दिल्ली में ही प्रति लाख आबादी पर अस्पताल मात्र 0.52 है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और मणिपुर में प्रति लाख आबादी पर औसतन एक अस्पताल नहीं है। सबसे कम डाक्टर नगालैंड, मिजोरम, झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार में उपलब्ध हैं। फिलहाल 1 लाख एलाइड पेशेवरों को प्रशिक्षण और 1000 करोड़ रुपए का बजट, 3 नये नेशनल फार्मा संस्थान, 50 फीसदी ट्रॉमा केयर सेंटर, जिलेवार अस्पताल, आयुष फार्मेसी, ड्रग टेस्टिंग लैब, जामनगर स्थित टेऊडिशनल मेडिसन सेंटर और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणाएं अच्छी हैं, लेकिन उनकी उपस्थिति और सक्रियता जमीन पर भी दिखनी

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौताः नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता




ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर-प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है। यहां देर आए, दुरुस्त आए की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दर्शाता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया।

50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। कम टैरिफ का अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे, उनकी पहुंच बढ़ेगी और मेक इन इंडिया को नया प्रोत्साहन मिलेगा। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है। भारत अब केवल सस्ता श्रम या कच्चा माल उपलब्ध कराने वाला देश नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पाद और नवाचार की दिशा में अग्रसर अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में जिस संयम और आत्मविश्वास के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को निरंतर धैर्य का परिणाम बताया, वह उनकी कूटनीतिक शैली का सार है। यह समझौता किसी अचानक हुए घटनाक्रम का नतीजा नहीं, बल्कि एक वर्ष तक चली रणनीतिक प्रतीक्षा, विकल्पों के विस्तार और संतुलित संवाद का परिणाम है। मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया कि सरकार ने विपक्ष की आलोचनाओं और तात्कालिक दबावों के बावजूद धैर्य नहीं छोड़ा, क्योंकि वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में जल्दबाजी अक्सर महंगी पड़ती है। अमेरिका का झुकना किसी भावनात्मक मित्रता का परिणाम नहीं, बल्कि ठोस रणनीतिक विवशता का नतीजा है। बीते एक वर्ष में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके पास विकल्प हैं-रूस के साथ ऊर्जा सहयोग, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी बढ़ती भूमिका।

यदि वाशिंगटन भारत पर एकतरफा दबाव बनाए रखता, तो अमेरिकी कंपनियां दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजार से बाहर हो जातीं। ट्रंप द्वारा 500 अरब डॉलर के आयात, शून्य टैरिफ और रूसी तेल त्यागने जैसे नाटकीय दावे इसी दबाव की राजनीति का हिस्सा थे, जिन्हें भारत ने न तो सार्वजनिक टकराव का मुद्दा बनाया और न ही स्वीकारोक्ति दी। मोदी का इन पर मौन यह दर्शाता है कि भारत इस घटनाक्रम को अंतिम समझौते के रूप में नहीं, बल्कि दिशा-निर्धारण के रूप में देख रहा है। इसके विपरीत, भारतीय विपक्ष इस पूरे प्रकरण में अपनी राजनीतिक अधीरता और रणनीतिक अपरिपक्वता को उजागर करता रहा। उसने टैरिफ को लेकर तात्कालिक लाभ-हानि की भाषा में सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताएं समय, धैर्य और बहुस्तरीय गणनाओं की मांग करती हैं। विपक्ष यह समझने में असफल रहा कि कूटनीति में कभी-कभी पीछे हटना नहीं, बल्कि प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा कदम होता है। आज जब अमेरिका को अपना अड़ियल रुख छोड़ना पड़ा है और भारत फिर से वैश्विक प्रतिस्पर्धा की अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिख रहा है, तब यह स्पष्ट है कि मोदी की नीति न केवल दबाव से मुक्त थी, बल्कि दूरदर्शी भी। यही नीति भारत को एक आत्मविश्वासी, प्रभावशाली और सौदे की शर्तें तय करने वाली शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है।

इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह वैश्विक व्यापार में दबाव आधारित राजनीति के अंत का संकेत देता है। लंबे समय से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं टैरिफ, प्रतिबंध और नीतिगत दबावों के माध्यम से छोटे या उभरते देशों को अपनी शर्तें मानने के लिए विवश करती रही हैं। भारत ने इस प्रवृत्ति को न केवल चुनौती दी, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि आत्मविश्वास, आर्थिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर किसी भी दबाव को संतुलित संवाद में बदला जा सकता है। भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में यह समझौता एक नए राजनीतिक आभामंडल के निर्माण का भी संकेत देता है। यह संबंध अब केवल रणनीतिक या सामरिक सहयोग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आर्थिक साझेदारी के एक नए स्तर की ओर बढ़ रहा है। इसका प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में बहुध्रूवीय व्यवस्था को और अधिक मजबूती देगा। दुनिया धीरे-धीरे यह स्वीकार कर रही है कि भविष्य का नेतृत्व किसी एक शक्ति के हाथ में नहीं, बल्कि संतुलित साझेदारियों के माध्यम से उभरेगा, और भारत उसमें एक केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। यही संतुलन उसे अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अलग पहचान देता है। महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा भावनात्मक नारों पर नहीं, बल्कि आर्थिक आंकड़ों, रणनीतिक समझौतों और वैश्विक स्वीकार्यता पर आधारित है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इस प्रकार के व्यापारिक समझौते उस यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत को आगे बढ़ने से रोक पाना अब किसी के लिए आसान नहीं है। निश्चित तौर पर यह व्यापारिक समझौता भारत की परिपक्व कूटनीति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार की दुनिया में कोई भी निर्णय केवल आर्थिक गणित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, आत्मसम्मान और नेतृत्व की परिपक्वता का भी प्रमाण होता है। देर से लिया गया सही निर्णय, जल्दबाजी में किए गए गलत समझौतों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। भारत ने धैर्य रखा, आत्मसम्मान बनाए रखा और अंततः अपने हितों के अनुरूप परिणाम हासिल किया। निश्चित ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल सुरक्षित है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है और यह विश्वास ही उसे महाशक्ति बनने की उड़ान देता है।

# मणिपुर में फिर भाजपा सरकार



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

लगभग एक वर्ष के राष्ट्रपति शासन के बाद मणिपुर में पूर्व मंत्री युमनाम खेमचंद सिंह के नेतृत्व में लोकप्रिय सरकार का गठन हो गया है। उन्होंने बुधवार शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ दो उपमुख्यमंत्री कुकी समुदाय से नेमचा किपगेन और नागा समुदाय से लोधी दिखो ने भी शपथ ली। पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के कट्टर आलोचक खेमचंद सिंह को भाजपा नेतृत्व में स्वयं मुख्यमंत्री के रूप में चुना है। लम्बे समय से जातीय हिंसा और राजनीतिक अनिश्चितता झेल रहे राज्य में नई सरकार का गठन कर भाजपा ने स्थिति को संतुलित करने के लिए बड़ा दांव खेला है। भाजपा ने मैतेई और कुकी समुदाय के नेताओं को सत्ता में साथ लाने की रणनीति पर काम किया। इसके पीछे सामाजिक संतुलन और शांति बहाली के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा ने कुकी समुदाय से आने वाली महिला नेता नेमचा किपजेन को डिप्टी सीएम बनाने का फैसला किया। दोनों समुदायों को सत्ता में प्रतिनिधि देकर बीजेपी राजनीतिक और सामाजिक तनाव कम करके राज्य में स्थिर सरकार देना चाहती है। मणिपुर में नई सरकार का गठन संवैधानिक जरूरत और राजनीतिक अनिवार्यता दोनों ही थी क्योंकि राज्य में राष्ट्रपति शासन की अवधि फरवरी में खत्म हो रही है। ऐसे में समय पर सरकार का गठन जरूरी था। नई सरकार बनने से प्रशासनिक फैसले तेजी से लिए जा सकेंगे और शांति की बहाली की प्रक्रिया मजबूत होगी।

60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास 37 विधायक हैं और उसके पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त आंकड़े हैं लेकिन महत्वपूर्ण बात यह थी कि मैतेई-कुकी संघर्ष को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए भाजपा क्या संतुलन कायम करती है जिससे शांति बहाली हो सके। मैतेई समुदाय से ताल्लुक रखने वाले युमनाम खेमचंद सिंह की पहचान ऐसे नेता की है जिन्हें हर समुदाय का समर्थन हासिल है। वे हर किसी समूह के साथ जाकर काम कर सकते हैं। उनकी छवि एक सुलझे हुए राजनेता की है जो संगठन और सरकार दोनों का अनुभव रखते हैं। वे 2017 से 2022 तक मणिपुर विधानसभा के स्पीकर रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कई विधायी निर्णय लिए और सदन को सुचारू रूप से चलाने का अनुभव प्राप्त किया। 2022 में पुनः बीजेपी सरकार बनने पर उन्हें एन. बीरेन सिंह की कैबिनेट में शामिल किया गया था और उनके पास नगर प्रशासन और आवास विकास, ग्रामीण विकास और पंचायत राज जैसे भारी-भरकम मंत्रालय थे। खेमचंद सिंह को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का समर्थन हासिल है और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी उनके अच्छे संबंध हैं। मणिपुर में 3 मई 2023 को जातीय हिंसा शुरू हुई थी जिसमें 300 से अधिक लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हुए। हिंसा की शुरूआत तब हुई जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने की सिफारिश भेजने को कहा।

इस फैसले से पहाड़ी इलाकों में रहने वाली कुकी जनजातियों में असुरक्षा बढ़ी। उनका मानना था कि मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा मिलने पर आरक्षण में उनकी हिस्सेदारी कम हो जाएगी। साथ ही घाटी का प्रभाव बढ़कर पहाड़ी इलाकों के प्रभावों को कम करेगा। कुकी लोगों को डर था कि अगर मैतेई लोगों को जनजातीय दर्जा मिल जाता है तो वे और भी ज्यादा हाशिये पर चले जाएंगे। बहुसंख्यक मैतेई मुख्य रूप से इम्फाल घाटी में बसे हुए हैं जबकि कुकी लोगों की बसावट पहाड़ी इलाकों में है। मणिपुर में भूमि अधिकार, जंगलों का नियंत्रण, सीमा निर्धारण और पुनर्वास जैसे मुद्दे कई वर्षों से विवाद का केन्द्र रहे हैं। कुकी समुदाय का आरोप था कि मैतेई समुदाय उनके अधिकारों में हस्तक्षेप कर रहा है। मैतेई समुदाय मुख्यतः हिन्दू हैं जबकि कुकी अधिकतर ईसाई हैं।

कुकी समुदाय का कहना है कि समस्या का हल सिर्फ शांति प्रक्रिया के दौरान ईमानदारी और गैर पक्षपाती रवैया अपना कर ही हो सकता है। जब तक संसाधनों का समान बंटवारा या केन्द्रीय व्यवस्था नहीं स्थापित होती, समस्या खत्म नहीं होगी और समाधान की प्रक्रिया जटिल बनी रहेगी। इस समस्या से निपटने का टिकाऊ तरीका यही है कि जातीय तनाव की जड़ के जो मुद्दे हैं उन्हें हल किया जाए और ऐसा समाधान किया जाए जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो। कुकी में नगा समुदाय भी शामिल है। कुकी और मैतेई समुदायों में तनाव तो अंग्रेजों के शासन से ही चल रहा है।

अब जबकि राज्य में फिर से सरकार बन गई है तोउम्मीद की जानी चाहिए कि युमनाम सरकार राज्य में शांति बहाल के प्रयास करेगी और दोनों समुदायों के बीच गहरी हो चुकी अविश्वास की खाई को पाटने के लिए बातचीत की प्रक्रिया शुरू करेगी। हाल ही में युमनाम खेमचंद सिंह ने कुकी बहुल इलाकों का दौरा कर शांति और बातचीत की वकालत की थी। मैतेई समुदाय से होने के बावजूद दूसरे समुदायों तक उनकी पहुंच उन्हें मौजूदा संकट में एक स्वीकार्य चेहरा बना सकती है। विवादों से दूर रहने वाले नेता के तौर पर उनकी पहचान बड़ी भूमिका निभा सकती है। जरूरत इस बात की है कि दोनों समुदायों के बीच संवाद कायम हो। जमीन और आरक्षणपर स्पष्ट नीति तैयार की जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर से तनाव पैदा हो सकता है। कुकी समुदाय को भी कुकीलैंड या जूमलैंड नाम से अलग प्रशासनिक स्वायत्तता की मांग छोड़नी होगी। क्योंकि मैतेई समुदाय इस मांग को राज्य की अखंडता के लिए खतरा मानता है। पड़ोसी देश से होने वाली अवैध घुसपैठ को भी नियंत्रित किए जाने की जरूरत है। राज्य में निष्पक्ष सरकार का होना बहुत जरूरी है। ताकि लोगों को भरोसा हो कि सरकार उनके हक के लिए काम कर रही है।

# बोर्ड ऑफ पीस : ट्रंप का नया ट्रंप-कार्ड



डॉ. सुधीर सक्सेना

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस की शक्ल में अपना ट्रंप-कार्ड यानि तुरूप का पत्ता चल दिया है। बोर्ड ऑफ पीस यानि पीस क्लब को शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने से खफा ट्रंप का अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का उपक्रम माना जा रहा है। उन्होंने पैंसठ देशों के राष्ट्राध्यक्षों को इससे जुड़ने का न्यौता भेजा है और इसका सदस्यता शुल्क होगा एक अरब डॉलर। ट्रंप इस क्लब के चेयरमैन हैं और इसकी कार्यकारिणी में उनके दामाद जोरड कुश्नर और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर समेत अनेक राजनयिक और धन्नासेठ शामिल हैं। गौरतलब है कि यूएसए के दूसरी बार निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने स्वयं को वेनेजुएला का राष्ट्रपति घोषित करने के साथ ही ग्रीनलैंड पर दावा ठोंक रखा है और वह कनाडा को अमेरिकी राज्य के तौर पर देखने का सपना पाले हुये हैं।

बोर्ड ऑफ पीस की स्थापना की गाथा गत वर्ष युद्ध जर्जर गाजा में शांति-स्थापना की पहल से होती है। अक्टूबर, सन 2023 से प्रारंभ युद्ध में इस्त्रायली कार्रवाई से फलस्तीन को बड़े पैमाने पर तबाही का सामना करना पड़ा। अगस्त-सितंबर में ट्रंप ने टोनी ब्लेयर के सहयोग से गाजा में आंतरिक प्रशासन और आर्थिक बहाली की योजना प्रस्तुत की। प्रस्ताव को इस्त्रायल और हमास ने कुबूल कर लिया। 12 अक्टूबर को ब्लेयर फलस्तीन के उपराष्ट्रपति हुसैन अल शेख से जोर्डन में मिले। वार्ता सफल रही और उसी शाम ट्रंप ने गाजा-युद्ध के खात्मे और बोर्ड ऑफ पीस के गठन का ऐलान कर दिया। गाजा में युद्ध विराम एक बड़ी घटना थी, लिहाजा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव क्रमांक 2803 के जरिये इसका स्वागत किया। जश्न के तौर पर 13 अक्टूबर, 25 को मिस्र में शर्म-अल-शेख में बैठक हुई। इसी क्रम में हमास के प्रवक्ता हाजेम कासिम की शीघ्र टेक्नालाजिकल कमेटी के गठन का बयान सामने आया। ट्रंप का अभियान बाला-बाला चलता रहा और अंततः 14 जनवरी को ट्रंप ने विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को बोर्ड ऑफ पीस से जुड़ने का दावतनामा भेज दिया। अगले ही दिन उन्होंने दंभोक्ति की कि बोर्ड ऑफ पीस दुनिया में कभी भी और कहीं भी गठित किसी भी संगठन से अधिक प्रतिष्ठापूर्ण उपक्रम है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद होगा संकटग्रस्त इलाकों में शांति स्थापना, भरोसेमंद और वैध-प्रशासन की बहाली तथा स्थायित्व को बढ़ावा। सहज समझा जा सकता है कि ट्रंप संयुक्त राष्ट्र संघ के समांतर एक पृथक वैश्विक संगठन की इमारत की ईंटे चिन रहे हैं। बोर्ड आफ पीस की कार्यकारिणी से इस संभावना को बल मिलता है कि ट्रंप इसे निजी क्लब के तौर पर चलाना चाहते हैं। उनका यह उपक्रम शांति स्थापना से अधिक अपनी ताकत और दबदबा बढ़ाने का हथकंडा अधिक लगता है। तो क्या वे यूएनओ को दरकिनार करना चाहते हैं। उन्होंने चेहरे चुन लिये है। इनमें उनके मित्र है, मंत्री हैं और सलाहकार हैं। वह अकारण नहीं है कि इसे उनके अहंकार या दंभ से जोड़कर देखा जा रहा है। मध्यपूर्व में यूएनओ के समन्वयक रहे निकोलाई म्लादेनोव इसके डायरेक्टर जनरल होंगे। कार्यकारिणी के अन्य सदस्य हैं अमेरिका के सेक्रेट्री ऑफ स्टेट मार्को रूबियो, मध्यपूर्व में विशेष दूत स्टीव विटकोफ दामाद कुशनर, ब्रिटन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेअर, अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के मार्क रोवान, राजनीतिक सलाहकार रॉबर्ट गैब्रिएल और वर्ल्ड बैंक के भारतीय मूल के अध्यक्ष अजयपाल सिंह बंगा।

ट्रंप के न्यौते पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने शिरकत की तस्दीक की हैं, वहीं तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगान की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है। अल्बानिया के पीएम एदी रामा ने भी आमंत्रण स्वीकार कर लिया है और इसे विश्व मंच पर अल्बानिया की बढ़ती प्रतिष्ठा का द्योतक बताया है। अजरबैजान ने जहां इंकार कर दिया है, वहीं फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों ने ट्रंप को ठेंगा दिखा दिया है। बड़ी संख्या में मुस्लिम और यहूदी आबादी के अलावा समता, स्वतंत्रता और भ्रातृत्व में फ्रांसीसी निष्ठा जग जाहिर है। अमेरिका का स्टेचू ऑफ लिबर्टी फ्रांस का ही उपहार है। दूसरे योरोपियन यूनियन का हिमायती फ्रांस अमेरिका का पिछ लग्गू नहीं बनना चाहता। मैक्रों के इंकार से क्षुब्ध ट्रंप का नजला फ्रेंच वाइन और शैंपेन पर गिरा है और उन्होंने इन पर टैरिफ दो सौ फीसद बढ़ा दिया है।

उमेश चतुर्वेदी

# सत्ता की निष्कंटक राह बरास्ते सुनेत्रा की ताजपोशी

राजनीति जज्बात से नहीं, हालात के हिसाब से चलती है। महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण इसका उदाहरण है। सुनेत्रा के आंसू अभी सूखे भी नहीं, पति अजित पवार के निधन के शोक से उबरना तो दूर की बात है। फिर भी उन्होंने सियासी तकाजे को ही प्राथमिकता दी और महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। पारिवारिक वज्रपात के बीच सिंहासन पर बैठने को लेकर उनकी आलोचना स्वाभाविक है, क्योंकि समाज के सोचने का अपना ढंग है। सियासी हस्तियों से भी उसे सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संस्कारों को अपनाने की उम्मीद रहती है। सुनेत्रा सामाजिक सवालों से बच नहीं सकतीं। लेकिन सवाल यह है कि सुनेत्रा की ताजपोशी से महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ने जा रहा है? प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सुनेत्रा ने आनन-फानन में शपथ ले ली। महाराष्ट्र के राजभवन में जनवरी महीने के आखिरी दिन जो राजनीतिक इतिहास रचा गया, उसकी कहानी किसने लिखी थी।

महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। शरद पवार तो खुलकर स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनकी ओर से जयंत पाटिल, अजित पवार से बात कर रहे थे। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 12 फरवरी को दोनो पार्टियों के विलय पर अजित और शरद में सहमति हो चुकी थी। लेकिन अजित के न रहने के बाद समीकरण बदल गए। अजित के साथ गए अहम नेताओं प्रफुल्ल पटेल, आर आर पाटिल और सुनील तटकरे जैसे नेताओं की आशंकाएं बढ़ गईं। उन्हें डर था कि अगर विलय हुआ तो शरद पवार की पार्टी पर नियंत्रण बढ़ जाएगा। इसके चलते सुप्रिया सुले की पार्टी पर पकड़ बढ़ जाएगी। सुप्रिया के नियंत्रण में इन नेताओं का काम करना असहज होता। प्रफुल्ल कभी शरद पवार के बेहद नजदीकी होते थे। अजित के साथ जाकर एक तरह से उन्होंने शरद पवार के साथ दगाबाजी ही की है। उन्हें ज्यादा आशंका थी कि विलय के बाद पार्टी पर पकड़ होने के चलते शरद के बहाने सुप्रिया का चाबुक उन पर चल सकता है। लेकिन अगर पार्टी अलग रहती है और सुनेत्रा के हाथ कमान रहती है तो इन नेताओं की सियासी सेहत बनी और बची रह सकती है। यही वजह है कि अजित के निधन के चलते हुए आधिकारिक शोक की मियाद खत्म होते ही प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे जैसे नेता सक्रिय हो गए। विधायक दल की बैठक बुलाई गई और सुनेत्रा को तत्काल उसका नेता चुनकर उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार कर लिया गया। शरद पवार भले ही इस सियासी पटकथा का लेखक सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल को मानते हों, लेकिन महाराष्ट्र के सियासी हलकों में कहा जा रहा है कि असल में यह पटकथा राज्य की बीजेपी ने लिखा है। पटेल और तटकरे जैसे नेताओं ने सिर्फ इसे अमल में लाने में भूमिका निभाई है।

सवाल उठ सकता है कि अगर सुनेत्रा शपथ नहीं लेतीं तो क्या बीजेपी की सियासी सेहत गड़बड़ा सकती थी, क्योंकि राज्य में बीजेपी के 132 और एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना के 57 विधायक हैं। राज्य में बहुमत के लिए महज 145 सीटें चाहिए होती हैं। इस लिहाज से




देखें तो बीजेपी की अगुआई वाली सरकार को कोई खतरा नहीं होने जा रहा था। अजित समेत एनसीपी के 41 विधायक पिछले चुनाव में चुने गए हैं। अजित के न रहने पर यह संख्या 40 रह गई है। लेकिन बीजेपी की चिंता दूसरी है। शरद पवार की राजनीतिक स्थिति भले ही ठीक ना हो, लेकिन जैसे ही दोनों एनसीपी का विलय होता, शरद ताकतवर होकर उभरते। महाराष्ट्र का यह चाणक्य एक बार फिर स्थापित होता और बीजेपी के लिए नई सिरदर्दी खड़ी हो जाती। शरद पवार इतने प्रभावी और सियासी रूप से तिकड़मी हैं कि बीजेपी के लिए संकट बनकर उभर जाते। उनकी प्रभावी सक्रियता के चलते शिवसेना के गुटों को भी एक करने की वे कोशिश कर सकते थे। भले ही यह सोच कल्पना लग रही हो, लेकिन एकबारगी स्वीकार कर लें कि ऐसा होता तो महाराष्ट्र की राजनीति कैसी होती।

महाराष्ट्र में जिला परिषदों के चुनाव हो रहे हैं। पहले विधानसभा और बाद में स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की अगुआई वाली महाविकास अघाड़ी को सफलता नहीं मिली। अजित पवार के न रहने के चलते कांग्रेस को सक्रिय होना चाहिए था। अजित की अगुआई वाले जिला परिषद उम्मीदवार उनके न रहने की वजह से थोड़े आशंकित और निराश भी हैं। इस निराशा को कांग्रेस भुना सकती थी। वह एनसीपी के उम्मीदवारों पर डोरे डाल सकती थी और अपने उम्मीदवारों को नए जोश से भर सकती थी। अजित बेशक सत्ता में थे, लेकिन उन्हें विपक्षी खेमे के लिए अब भी हसरतभरी निगाह से ताकतवर नेता के रूप में देखा जा रहा था। अजित के न रहने के बाद विपक्षी नेतृत्व के लिए आसमान खुल गया है। शरद पवार की उम्र हो गई है। शरद के बाहर जाने के बाद से ही कांग्रेस राज्य में कमजोर हुई है। सुप्रिया सुले का नेतृत्व ऐसा नहीं है कि वह राज्यव्यापी प्रभाव हासिल कर पाए। यह माहौल कांग्रेस के लिए ज्यादा उपयुक्त हो सकता है। ऐसे माहौल में कांग्रेस को अपने ताकतवर नेतृत्व को स्थानीय स्तर पर आगे लाना चाहिए था। लेकिन वह ऐसा करती नहीं दिख रही। 2014 के बाद से उसने जिस नैरेटिव युद्ध की शैली को अपनाया है, राष्ट्रीय स्तर पर उसी युद्ध प्रक्रिया को जारी रखे हुए है।

रणनीतिक लिहाज से देखें तो महाराष्ट्र में बीजेपी सभी दलों पर एक बार फिर बीस पड़ती नजर आ रही है। उसने सुनेत्रा को अपने खेमे में लाकर एक तीर से दो निशाने साध लिए हैं। उसने एनसीपी की ओर निश्चिंतता हासिल कर ली है, शरद पवार को एक बार फिर किनारे रखने में सफल हुई है और अपने लिए खतरा बनने की शरद की संभावनाओं को एक तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है।

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई देश की आर्थिक राजधानी भी है। इसी वजह से केंद्रीय सत्ता के बाद सबसे ज्यादा प्रभावशाली महाराष्ट्र की सत्ता मानी जाती है। माना जाता है कि कारपोरेट और औद्योगिक जगत पर सबसे ज्यादा पकड़ महाराष्ट्र के सिंहासन की होती है। मौजूदा राजनीति में आर्थिकी सबसे ज्यादा प्रभावी है। महाराष्ट्र की सत्ता पर पकड़ देश की आर्थिक ताकतों की नब्ज पर पकड़ बनाती है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि बीजेपी अपनी इस पकड़ को कमजोर होते नहीं देखना चाहती। इसलिए उसने सुनेत्रा को साधने में देर नहीं लगाई। इसके लिए एनसीपी के ही नेताओं को अपना औजार बनाया और सफल रही। वैसे भी शरद पवार उम्र के उस पड़ाव पर हैं, जहां से उनके लिए गुंजाइश कम है। उनके पास सक्रिय रहने के लिए ज्यादा वक्त नहीं है। बेशक वे अब भी कमजोर हों, लेकिन बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती उद्धव ठाकरे नहीं, शरद पवार ही हैं। सुनेत्रा को अपने खेमें में लाकर बीजेपी ने शरद की इस बची-खुची चुनौती भी खत्म करने में कामयाब रही है। सुनेत्रा के साथ से एकनाथ शिंदे के लिए महायुति से बाहर निकलने की सोचना या बीजेपी पर दबाव बढ़ाने का मौका खत्म हो जाता है। कुछ ऐसी ही स्थिति शिंदे के साथ के चलते सुनेत्रा की भी रहेगी। बीजेपी सुनेत्रा के जरिए शिंदे को संतुलित करेगी तो शिंदे के जरिए सुनेत्रा को काबू में रखेगी।

# ईरानी महिलाओं को मिली मोटरसाइकिल चलाने की आजादी



नई दिल्ली

ईरान की सरकार ने महिलाओं के लिए एक बड़ा और अहम फैसला लिया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, ईरान की महिलाओं को कानूनी रूप से मोटरसाइकिल चलाने की अनुमति मिल गई है।

दरअसल, ईरानी कानून के मुताबिक, वहां की महिलाओं को मोटरसाइकिल या स्कूटर चलाने पर साफ रोक नहीं थी, लेकिन फिर भी प्रशासन की ओर से उन्हें लाइसेंस नहीं दिया जाता था। नए नियम के तहत महिलाओं को लाइसेंस जारी करने की अनुमति मिल गई है। ईरान की समाचार एजेंसी इलना के अनुसार, उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने मंगलवार को यातायात संहिता को स्पष्ट करने के उद्देश्य से एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए, जिसे ईरान के मंत्रिमंडल ने जनवरी के अंत में मंजूरी दी थी। इसके तहत दोपहिया वाहनों से संबंधित वर्षों से चली आ रही कानूनी अस्पष्टता समाप्त हो गई है।

बता दें कि अब तक ईरान में अगर सड़क हादसे में कोई महिला घायल होती थी, तब भी कई बार उसे ही दोषी मान लिया जाता था, क्योंकि उसके पास लाइसेंस नहीं होता था। अब सरकार के नए फैसले से इस समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

इलना के अनुसार, इस प्रस्ताव के तहत यातायात पुलिस को महिला आवेदकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना, पुलिस की सीधी देखरेख में परीक्षा आयोजित करना और महिलाओं को मोटरसाइकिल चालक लाइसेंस जारी करना अनिवार्य है।

## अमेरिका से भी 20% विशाल युद्धपोत हवा में उड़ाने की तैयारी में चीन



नई दिल्ली

आधुनिक युद्ध के मैदान में अपनी धाक जमाने के लिए चीन ने स्टार वार्स शैली का एक युद्धपोत बनाने की योजना का अनावरण किया है। मानवरहित यह लड़ाकू जेट तैनात करने और अंतरिक्ष से मिसाइल दागने में सक्षम होगा।


दरअसल, चीन की सरकारी मीडिया ने एक कॉन्सेप्ट वीडियो जारी किया है जिसमें लुआननिआओ को दिखाया गया है। वीडियो के अनुसार, यह दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत होगा, जो पृथ्वी के वायुमंडल में तेजी से उड़ान भर रहा है और सभी मौजूदा हवाई रक्षा प्रणालियों से बच रहा है। लुआननिआओ नामक यह प्रस्तावित युद्धपोत एक उड़ता हुआ किला होगा, जो अंतरिक्ष से हाइपरसोनिक मिसाइलें दागने और दर्जनों स्टील्थ लड़ाकू विमानों को तैनात करने की क्षमता रखेगा। प्रसारित हो रहे वीडियो में भयानक अंतरिक्ष यान को रॉकेट दागते हुए दिखाया गया है। द सन की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 2,000 फीट चौड़े इस त्रिकोणीय युद्धपोत को बसे शक्तिशाली अमेरिकी विमानवाहक पोतों से भी 20 प्रतिशत अधिक बताया जा रहा है। भूरे रंग के इस त्रिकोणीय आकृति की लंबाई लगभग 800 फीट और चौड़ाई 2000 फीट से अधिक होगी।

इसका टेक-ऑफ वजन 120,000 टन बताया जा रहा है - जो आज उपयोग में आने वाले किसी भी अन्य समान विमानवाहक पोत से अधिक होगा। आज उपयोग में आने वाले किसी भी अन्य समान विमानवाहक पोत से अधिक होगा।बीजिंग ने दावा किया कि यह भयावह नया जहाज 20 से 30 वर्षों में आसमान में दिखाई दे सकता है।

## भारत हिंदू राष्ट्र, घोषित करने की अलग से क्या आवश्यकता है

खरगोन, (वार्ता)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र है और जो पहले से विद्यमान है, उसकी घोषणा करने की कोई आवश्यकता नहीं होती। डॉ. भागवत बुधवार को मध्यप्रदेश के खरगोन जिले की कसरावद तहसील के ग्राम लेपा स्थित श्री रामकृष्ण विश्व सद्भावना निकेतन में आयोजित विचार-प्रेरक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन निमाड़ अभ्युदय रूरल मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन एवं श्री रामकृष्ण विश्व सद्भावना निकेतन द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने मनुष्य निर्माण से राष्ट्र निर्माण विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि कई जगह लोग मुझसे कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र की घोषणा कीजिए, मेरा मानना है जो पहले से है, उसकी फिर क्या घोषणा करना। सूर्य पूर्व से उदय होता है, यह घोषणा करने की जरूरत ही नहीं है। जैसे सूर्य पूर्व से ही उदय होता है, उसके लिए किसी घोषणा की जरूरत नहीं पड़ती। भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि सेवा, कर्म और सभी के कल्याण पर आधारित एक जीवन-दृष्टि है। सरसंघचालक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में चैरिटी नहीं, बल्कि सेवा का भाव है। सभी मनुष्य परमेश्वर के स्वरूप हैं, इसलिए उपकार नहीं, बल्कि सेवा करना हमारा धर्म है। सेवा से व्यक्ति की शुद्धि होती है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार समाज के लिए योगदान देना चाहिए। मनुष्य देखकर और अनुभव




से सीखता है। भारत की सभ्यता की यात्रा यह सिखाती है कि सच्चा सुख बाहर नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर है। भारत की आध्यात्मिक परंपरा ने मनुष्य को आत्मअन्वेषण की दिशा दी, जिससे शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने संवेदना को मनुष्य का मूल गुण बताते हुए कहा कि दूसरों के दुख की उपेक्षा कर सुख प्राप्त नहीं किया जा सकता। शिक्षा पर बोलते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि जन्मांतर का ज्ञान मनुष्य के मस्तिष्क में निहित होता है और शिक्षा का उद्देश्य उसी अंतर्निहित ज्ञान को बाहर लाना है। टंट्या मामा और गाडगे महाराज जैसे समाज सुधारकों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि औपचारिक शिक्षा के अभाव में भी उनके कार्यों के कारण आज समाज उन्हें सम्मान देता है। वास्तविक शिक्षा वही है जो विश्व मानवता का बोध कराए, आत्मनिर्भर बनाए और श्रम की प्रतिष्ठा सिखाए। भारत का स्वभाव व्यक्ति से अधिक कर्म को महत्व देने का है तथा परिणाम से अधिक प्रामाणिक और उत्कृष्ट कार्य पर बल देता है। भारत की उन्नति का अर्थ केवल मानव विकास नहीं, बल्कि जल, जंगल, नदी, पहाड़, पशु और मानव-सभी का समग्र विकास है। कार्यक्रम में गोष्ट-नर्मदालयाची ऑडियोबुक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, पद्मश्री महेश शर्मा, नर्मदा न्यास के अध्यक्ष नितिन कर्माकर सहित करीब 300 आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। इसके पूर्व श्री भागवत संस्था निमाड़ अभ्युदय के प्रवास पर पहुंचे।

### 2017 के बाद गन्ना किसानों को तीन लाख करोड़ का भुगतानः योगी

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में गन्ना किसानों की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को कुल 2.14 लाख करोड़ का भुगतान किया गया, 2017 से 2025 के बीच केवल 8-9 वर्षों में 3 लाख करोड़सीधे किसानों के खातों में भेजेहैं। मुख्यमंत्री यह बातें राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

## नहाने के बाद भूल गई नल बंद करना, महिला की लापरवाही से रातों-रात बर्फ में तब्दील हुआ रिहायशी इलाका

**नई दिल्ली।** चीन के गांसू प्रांत के लानझोउ शहर में रहने वाली एक महिला की छोटी सी लापरवाही पड़ोसियों के लिए मुसीबत बन गई। वांग नामक महिला ने नहाने के बाद अपने घर के वॉटर हीटर का नल बंद करना भूल गई। इस छोटी सी लापरवाही के कारण नल से लगातार नौ घंटे तक पानी निकलता रहा। आलम यह रहा है कि कम तापमान होने के कारण सड़क पर बर्फ की मोटी परत जम गई। दरअसल, चीन के लानझोउ शहर का तापमान गिरकर



माइनस 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिससे इमारत की छत पर लगे टैंक से बहने वाला पानी जम गया। इस घटना के बाद महिला ने एक वीडियो जारी कर वहां के निवासियों से माफी मांगी है। 16 जनवरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर वांग ने अपने पड़ोसियों से माफी मांगी। उसने कहा कि जिस स्केटिंग रिंक को लोग सुबह देख रहे हैं, वह उसी की गलती से बना है। उसे एहसास है कि यह उसकी बड़ी लापरवाही थी, उसने पूरे मोहल्ले को परेशानी में डाल दिया। महिला वांग के पिता सुबह 6 बजे पानी और सड़क पर बर्फ देखें, उन्हें शुरू नें लगा कि पानी पड़ोसी के घर से बह रहा है, बाद में उन्हें पता चला कि पानी उनके ही घर से आ रहा है।

## भाजपाइयों के घरों पर अपना झंडा लगाने के साथ उनके घरों को बूथ बना दे चुनाव आयोग : अखिलेश

लखनऊ (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर कड़ा बयान देते हुए कहा कि आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं, मानो भारत निर्वाचन आयोग और भाजपा के बीच कोई फर्क ही न रह गया हो।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो ऐसा लगता है जैसे चुनाव आयोग का झंडा भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी बनाने के साथ उनके घरों पर लगा दिया जाए और बूथ भी वहीं बना दिए जाएं। गुरुवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने पूछा क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है।प्रशासनिक पर्यायवाची कोश में 'चुनाव आयोग' को 'भाजपा' के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए।



अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा शासनकाल में सरेआम वोट काटने-बढ़ाने जैसी गतिविधियां हो रही हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाएं आंख मूंदे बैठी हैं। उन्होंने कहा कि आज जो लोग वोट छीन रहे हैं, वे कल जनता के बाकी अधिकार भी छीनेंगे और इसमें भाजपा समर्थक भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। उनका कहना था कि ठगों का रिश्ता सिर्फ ठगी से होता है, और यही वजह है कि आम लोगों का भरोसा लगातार टूट रहा है। दूसरी पोस्ट में उन्होंने 'पीडीए' को पीड़ा से जुड़ी एक साझा भावना बताते हुए कहा जो पीड़ित, वही पीडीए। अखिलेश यादव के मुताबिक अब पीडीए समाज एकजुट हो रहा है और उत्पीड़न सहने के बजाय खुलकर अपनी बात कह रहा है। उन्होंने दावा किया कि अब तक लोगों ने दूसरों की सरकारें बनाईं, लेकिन आगे चलकर अपनी 'पीडीए सरकार' बनाकर सामाजिक न्याय का राज स्थापित किया जाएगा, जहां सभी को बराबर सम्मान, तरक्की के समान अवसर और साझा खुशहाली मिलेगी।

सपा प्रमुख ने कहा कि वर्षों से समाज के बड़े हिस्से को बांटकर राजनीति करने वालों की नकारात्मक रणनीतियां अब दम तोड़ रही हैं। भ्रष्टाचार और अत्याचार से त्रस्त हर समाज के अच्छे लोग सकारात्मक, प्रगतिशील और सौहार्दपूर्ण पीडीए के विचार से जुड़ते जा रहे हैं। उनके अनुसार, पीडीए अब सिर्फ एक राजनीतिक अवधारणा नहीं, बल्कि उम्मीद का नया नाम बन चुका है।

## बलूचिस्तान में पाक सेना का अभियान, 216 लड़ाके मारे

**इस्लामाबाद, (वार्ता)।** पाकिस्तानी सेना ने देश के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में आतंकवाद विरोधी अभियान में कम से कम 216 बलूच लड़ाकों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरूवार को एक बयान में कहा कि बलूच लड़ाकों के हमलों में सुरक्षा बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कुल 22 जवान और 36 नागरिक भी मारे गये। यह अभियान 29 जनवरी को शुरू हुआ था, जब विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली थी कि बलूच लड़ाके स्थानीय आबादी के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। आईएसपीआर ने कहा कि इसके बाद सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के हमलों को नाकाम किया। बयान में कहा गया है कि इसके बाद कई इलाकों में खुफिया जानकारी पर आधारित एक बड़ा अभियान चलाया गया। बयान के अनुसार, अभियान के दौरान विदेशी मूल के हथियारों, गोला-बारूद, विस्फोटकों और अन्य उपकरणों का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया।

## नाइजर की सेना ने एक हफ्ते में मारे 47 आतंकवादी

**नियामे, (वार्ता)।** नाइजर के रक्षा और सुरक्षा बलों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने 26 जनवरी से एक फरवरी के बीच पूरे देश में लक्षित हवाई हमलों और लगातार जमीनी अभियानों के ज़रिए 47 आतंकवादियों को ढेर किया और 21 अन्य को गिरफ्तार किया है। राष्टीय टेलीविज़न टेली साहेल पर प्रसारित एक साप्ताहिक सूचना बुलेटिन के अनुसार, इन अभियानों के दौरान बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद किये गये, जिनमें हथियार, गोला-बारूद, वाहन और ईंधन शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने कहा कि वे नागरिकों और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और 24 घंटे सतर्क हैं। पिछले हफ्ते देश में कुल मिलाकर सुरक्षा स्थिति आम तौर पर शांत रही, हालांकि राजधानी नियामे में एयर बेस 101 पर हमले की कोशिश हुई। सुरक्षा बलों ने इसका तत्काल और ज़ोरदार जवाब दिया और स्थिति को जल्दी ही नियंत्रण में कर लिया गया।

## अमेरिका के तीन जनवरी के हमले की जांच कर रहा है वेनेजुएला

**काराकास, (वार्ता)।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। श्री लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह की या किस स्तर की है लेकिन उन्होंने यह इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था। श्री लोपेज ने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रीय गरिमा दिवस पर दिया। यह दिन वेनेजुएला में प्रतिरोध और राजनीतिक परिवर्तन के एक प्रतीक के तौर पर देखा जाता है।

## इजरायल की मांग के बावजूद अपने हथियार नहीं डालेंगे फिलिस्तीन के विरोधी गुट

**गाज़ा, (वार्ता)।** फिलिस्तीन के विरोधी गुटों ने इजरायल की मांग के बावजूद अपने हथियार अपने पास रखने का फैसला किया है। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) ने बुधवार को यह जानकारी देते कहा सभी विरोधी गुटों के बीच सहमति है कि वे फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास ही रखेंगे। पीआईजे के उप-महासचिव मोहम्मद अल-हिन्दी ने एक बयान में कहा, विरोधी गुटों के बीच आम सहमति है कि हम फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास रखेंगे। हमने इन हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में मध्यस्थों के साथ अपना लचीलापन साझा किया है। पीआईजी के इस बयान से पहले इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने गाज़ा में एक बार फिर सैन्य कार्रवाई करने का अंदेशा देते हुए कहा था कि अगर हमास अपने हथियार नहीं छोड़ता, तो वे उसे खत्म करेंगे। इससे पूर्व, इजरायल के प्रधानमंत्री बेन्जमिन नेतन्याहू ने अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात के दौरान हमास के निरस्त्रीकरण की बात दोहराई थी और कहा था कि गाज़ा के पुनर्निर्माण से पहले युद्ध के उद्देश्यों को पूरा किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि पीआईजे गाज़ा का दूसरा सबसे बड़ा सैन्य समूह है। इससे पहले हमास भी कह चुका है कि अगर इजरायल अपना कब्ज़ा खत्म कर देता है तो वह भी अपने हथियार डाल देगा।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## फिल्म वन के बीटीएस में सिद्धार्थ मल्होत्रा-तमन्ना भाटिया की जबरदस्त केमिस्ट्री ने जीता दिल



सिद्धार्थ मल्होत्रा-तमन्ना भाटिया की फिल्म वन के बीटीएस में उनकी जबरदस्त केमिस्ट्री ने लोगों का दिल जीत लिया है। फिल्म वन अपनी अनाउंसमेंट के बाद से ही लगातार चर्चा में बना हुआ है। दर्शक बेसब्री से इससे जुड़ी और डिटेल्स का इंतजार कर रहे थे, और हाल ही में रिलीज़ हुआ इसका इंट्रिगिंग टीज़र इसके मिस्टिकल वर्ल्ड की झलक दिखाता है, जो एक रिच कल्चरल बैकग्राउंड से जुड़ी अनोखी लोककथा को दिखाता है। इस बढ़ते एक्साइटमेंट के बीच सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की पहली बार ऑन-स्क्रीन जोड़ी वाली नई तस्वीर सामने आई है, जो उनकी फ्रेश केमिस्ट्री का इशारा देती है, जिसकी फैंस को शायद जरूरत थी लेकिन उन्हें इसका अंदाजा नहीं था। वन के सेट से सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की एक झलक सामने आई है, जिसे मिस करना मुश्किल है। उनकी यह बिल्कुल नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी बेहद प्यारी लग रही है और इसमें गर्मजोशी और चार्म साफ झलकता है। पहली बार साथ नजर आ रहे इस जोड़ी से यूथफुल और एनर्जेटिक वाइब्स मिलती हैं, जो देखते ही दिल जीत लेती हैं। इस झलक ने फिल्म को लेकर बज़ को और भी बढ़ा दिया है।इस फ्रेश जोड़ी ने पहले ही फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, जो लंबे समय से इन दोनों सितारों को एक साथ स्क्रीन शेयर करते देखने का इंतजार कर रहे थे। इस बीटीएस मोमेंट में उनकी क्रैकलिंग केमिस्ट्री ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और अब फिल्म को लेकर उम्मीदें और भी ज्यादा बढ़ गई हैं। फिल्म के स्केल और इंट्रीग को और बढ़ाते हुए वन ,कंटेंट वर्ल्ड के दो बड़े पावरहाउस एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और अरुणाभ कुमार की द वायरल फीवर( टीवीएफ) के बीच एक अहम कोलैबोरेशन है। यह एक्साइटिंग पार्टनरशिप दमदार स्टोरीटेलिंग और हाई-क्वालिटी कंटेंट का वादा करती है, साथ ही यह टीवीएफ की फीचर फिल्मों में पहली एंट्री भी है। फोक थ्रिलर जॉनर में बनी वन एक रेयर और दिलचस्प पेशकश के तौर पर उभर रही है, जो अपने अनोखे वर्ल्ड को लेकर दर्शकों की जिज्ञासा को और बढ़ा रही है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन है, टीवीएफ के साथ मिलकर, 11.11 प्रोडक्शन के बैनर तले वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट! पेश कर रहा है। वन एक बिग-स्क्रीन फोक थ्रिलर है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगे।

## मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में नील भट्ट के रियल स्टंट्स ने मचाया धमाल

स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में नील भट्ट के रियल स्टंट्स ने धमाल मचा दिया है। टेलीविजन के चहेते स्टार नील भट्ट ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह इंडियन टीवी के सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले एक्टर्स में से एक क्यों हैं। हाल ही में रिलीज़ हुआ मिस्टर एंड मिसेज परशुराम का टीज़र सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसमें परशुराम के रूप में नील का बड़ा, दमदार और पावर-पैक्ड हीरोइक स्टंट सीक्वेंस लोगों का ध्यान खींच रहा है। रियल और हाई-ऑक्टेन स्टंट्स के साथ जबरदस्त एंट्री करते हुए नील भट्ट बाइकरों से घिरे फ्रेम में नजर आते हैं, जहां वह एक के बाद एक स्टंट करते हुए स्क्रीन पर आग लगा देते हैं। इस सीक्वेंस को और भी खास बनाता है यह तथ्य कि ये सभी स्टंट बिना वीएफएक्स और बिना बॉडी डबल के किए गए हैं, जो नील की ऑथेंटिसिटी के प्रति उनकी कमिटमेंट को दिखाता है। एक ट्रेंड मार्शल आर्टिस्ट होने के नाते नील एक्शन में रॉ इंटेंसिटी और रियलिज़्म लेकर आते हैं, जिससे यह स्टंट सीक्वेंस और भी ज्यादा इम्पैक्टफुल बन जाता है। उनका रग्ड नया लुक, इंटेंस स्क्रीन प्रेज़ेंस और बेखौफ अंदाज़ फैंस को हैरान कर रहा है। दर्शक इसे हाल के समय में टेलीविजन पर देखे गए सबसे स्टाइलिश और धमाकेदार स्टंट सीक्वेंस में से एक बता रहे हैं, जो यह साबित करता है कि स्टार प्लस और नील भट्ट ने इस प्लेटफॉर्म पर कुछ ऐसा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, जो पहले कभी नहीं देखा गया।



## बेटी ही माता-पिता के घर की असली समृद्धि, शक्ति और खुशी का स्रोत होती है : करुणा पांडे

अभिनेत्री करूणा पांडे मानना है कि बेटी ही माता-पिता के घर की असली समृद्धि, शक्ति और खुशी का स्रोत होती है। सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी प्रेरणादायक कहानी और सहज पात्रों के साथ दर्शकों का दिल जीत रहा है। शो में मुख्य किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) के रोज़मर्रा के संघर्ष और जीत को खूबसूरती से दिखाया गया है, जिससे यह टेलीविजन पर सबसे प्रिय पारिवारिक मनोरंजन कार्यक्रमों में से एक बन गया है। हाल ही में दिखाए गए प्रसंग में पुष्पा और उसकी बेटी राशी (अक्षया हिंदालकर) के बीच का बंधन उजागर किया गया, जो यह संदेश देता है कि चाहे जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, माँ का घर हमेशा बेटी का सबसे सुरक्षित आश्रय होता है। शो में पुष्पा और राशी के बीच का भावुक क्षण दर्शाया गया है, जो उस निस्वार्थ गर्मजोशी, सुरक्षा और आश्वासन को सामने लाता है जो केवल माँ ही दे सकती है। पुष्पा उस धारणा को तोड़ती है जो आज भी कई भारतीय घरों में मौजूद है कि विवाह के बाद बेटी का मायके में लौटने या वहाँ सुकून पाने का अधिकार कम हो जाता है। इस सोच को चुनौती देते हुए पुष्पा दृढ़ता से कहती है कि वह उन माता-पिता में से नहीं हैं जो बेटी को विवाह के बाद भूल जाते हैं। पुष्पा के लिए राशी हमेशा पहले उसकी बेटी है, चाहे उसका वैवाहिक दर्जा कुछ भी हो। माँ की जिम्मेदारी विवाह पर समाप्त नहीं होती, बल्कि और गहरी हो जाती है। वह राशी की भलाई, उसके परिवेश और इस बात की चिंता करती रहती है कि उसे प्रेम, गरिमा और सम्मान मिल रहा है या नहीं। पुष्पा स्पष्ट करती है कि जिस घर का राशी हिस्सा बनती है, उसे उसे अपने परिवार की तरह अपनाना चाहिए और वही देखभाल व समझ देनी चाहिए जो उसे हमेशा मिली है। करुणा पांडे ने साझा किया, बेटी को 'पराया धन' कहे जाने का विचार मुझे हमेशा बहुत परेशान करता रहा है। मेरा मानना है कि बेटी ही माता-पिता के घर की असली समृद्धि, शक्ति और खुशी का स्रोत होती है, फिर भी उसे ऐसा महसूस कराया जाता है कि वह वहाँ की नहीं है। एक भारतीय महिला के रूप में मैं हमेशा इस आवाज़ को उठाना चाहती थी और पुष्पा के माध्यम से मुझे आखिरकार यह अवसर मिला। मैं लेखकों, निर्देशकों और पूरी टीम की आभारी हूँ जिन्होंने मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका दिया जो प्रगतिशील है और समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखता है।



# माध्यमिक शिक्षा मण्डल परीक्षा 2026 हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री / हाईस्कूल परीक्षा 2026 के विधिवत संचालन हेतु जिले की समन्वयक संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में मुख?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर सह नोडल अधिकारी मण?डल परीक्षा श्री गजेन?द्र नागेश (आई.ए.एस) , जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर डॉ अनिल कुमार कुशवाहा एवं संस्था प्राचार्य श्री जी.एस. पटैल के मार्गदर्शन में जिले के 88 परीक्षा केन?द्रो हेतु नियुक्त केन्द्रायक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर सह नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा श्री गजेन्द्र नागेश (आई.ए.एस), मा.शि.मडल परीक्षा बोर्ड सदस्य श्रीमती भारती ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा, ए.डी.पी.सी. नरसिंहपुर श्री विपनेश जैन, जिला आई.टी कॉडिनेटर श्री मुकेश साहू, एवं जिले के 06 विकासखण?डों के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम संस?था प्राचार्य श्री जी.एस. पटैल द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अतिथियों , केन्द्राध्यक्षों व सहा. केन्द्राध्यक्षों का स्वागत किया एवं दिनांक 10 फरवरी 2026 से संचालित हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के विषय में आवश्यक जानकारी प्रदान की। परीक्षा सह नोडल अधिकारी श्री गजेन्द्र नागेश, जी ने परीक्षाओं को विधिवत संचालित करने हेतु शासन के नियम निर्देशो की जानकारी प्रदाय करते हुए परीक्षा को उत्कृष्ट तरीके से पूर्ण कराने हेतु प्रोसाहित किया। मण्डल बोर्ड सदस्य श्रीमती भारती ठाकुर जी ने समस्त प्रशिक्षणार्थियों को मण्डल द्वारा परीक्षा को विधिवत सम्पन्न कराने की मंशा को स्पष्ट किया। तत्पश्चात मण्डल परीक्षा प्रभारी डॉ. अशोक उदेनिया द्वारा परीक्षा संचालन में आने वाली तकनीकी बारिकियों से अवगत कराया साथ ही परीक्षा संबंधी समस्त आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया व केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को उनके दायित्वों व कर्तव्यों अवगत कराते हुए परीक्षा को विधिवत रूप से पूर्ण कराने हेतु शुभकामनायें प्रेषित की। संबोधन उपरांत अतिथियों के द्वारा शाला परिसर में पौधारोपण किया। प्रशिक्षण में जिले के 6 विकासखण्डों से कुल 266 केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष उपस्थित हुए। दिनांक 06 फरवरी 2026 को परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर से किया जावेगा। प्रशिक्षण के अंत में संस्था प्राचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन किया । प्रशिक्षण को विधिवत सम्पन्न कराने में श्री ए.आर.राव, श्री राजकुमार लोधी, एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ की अहम भूमिका रही ।



## ग्राम झिरी में शासकीय गौशाला के आसपास की चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार तेंदूखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत करहैया के ग्राम झिरी में स्थित शासकीय गौशाला के आसपास की शासकीय चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमित भूमि को मुक्त कर गौशाला एवं चरनोई भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। तहसीलदार तेंदूखेड़ा श्री निर्मल पटले द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध यह कार्यवाही नियमानुसार की गई है।

## जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जनगणना 2027 से संबंधी गतिविधियों के सुचारू एवं सफल संचालन तथा सतत पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन करने का आदेश कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती रजनी सिंह ने जारी किया है। उल्लेखनीय है कि निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय जनगणना भवन भोपाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिला स्तर पर जिला गणना समन्वय समिति का गठन किए जाने के लिए निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला जनगणना समन्वय समिति में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर नरसिंहपुर अध्यक्ष और जिला जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर संयोजक होंगे। समिति में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना/ सांख्यिकी अधिकारी (डीपीओ/ डीएसओ) नरसिंहपुर, जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) नरसिंहपुर, जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नरसिंहपुर, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण (डीयूडीए) नरसिंहपुर और जिला जनसम्पर्क अधिकारी नरसिंहपुर को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। जनगणना 2027 से संबंधित मप्र शासन के गृह विभाग एवं जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा जारी परिपत्रों और आदेशों का अनुपालन कर समय सीमा में सुनिश्चित करते हुए कार्यवाही की जावेगी।

## मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार 6 फरवरी को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल शुक्रवार 6 फरवरी को प्रात: 9.55 बजे श्री श्री बाबा श्री जी सत्य सरोवर आसन जी बगासपुर से प्रस्थान कर प्रात: 10 बजे ग्राम सर्रा आएंगे और उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात प्रात: 10.×5 बजे ग्राम सर्रा से प्रस्थान कर प्रात: 10.50 बजे ग्राम खमरिया (झांसीघाट) आयेंगे और यहां उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करेंगे। तदुपरांत मंत्री श्री पटेल प्रात: 11.×5 बजे ग्राम खमरिया (झांसीघाट) से प्रस्थान कर प्रात: 11.50 बजे गोटेगांव स्थित निवास आयेंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 12.×0 बजे निवास गोटेगांव से प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे ग्राम कमोद आयेंगे और उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करने के पश्चात दोपहर 01.10 बजे ग्राम कमोद से प्रस्थान कर दोपहर 01.20 बजे नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव आयेंगे। आप यहां ब्लॉक स्तरीय विकसित भारत- रोजगार और आजीविका मिशन- ग्रामीण (व्हीबी-जी राम जी) सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। तदुपरांत मंत्री श्री पटेल दोपहर 02.20 बजे गोटेगांव से प्रस्थान कर दोपहर 02.×0 बजे ग्राम गोहचर आयेंगे और यहां परशुराम भवन का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 0×.10 बजे ग्राम गोहचर से प्रस्थान कर दोपहर 0×.25 बजे ग्राम मानेगांव आयेंगे और यहां अमर शहीद रुद्र प्रताप सिंह टूर्नामेंट का 78 वां सोपान का समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी दिन मंत्री श्री पटेल सायं 4 बजे ग्राम मानेगांव से प्रस्थान कर सायं 4.25 बजे ग्राम बम्हौरी आयेंगे और यहां शासकीय आयुर्वेद औषधालय भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात सायं 5.10 बजे ग्राम बम्हौरी से प्रस्थान कर सायं 5.×5 बजे ग्राम घाटपिपरिया (महादेव पिपरिया) आयेंगे और यहां नर्मदा घाट निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। तदुपरांत मंत्री श्री पटेल सायं 6.10 बजे ग्राम घाटपिपरिया (महादेव पिपरिया) से प्रस्थान कर सायं 6.40 बजे छिंदवाड़ा वायपास के पास करेली रोड शिवांगन गार्डन में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सायं 7.05 बजे छिंदवाड़ा वायपास के पास करेली रोड शिवांगन गार्डन से प्रस्थान करेंगे।

## आर्ट एण्ड क्राफ्ट का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में विगत दिवस संस्था प्राचार्य के निर्देशानुसार बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विद्यार्थियो के द्वारा अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के प्रति जिम्मेदारी , व्यक्तिगत स्वच्छता , विषयगत प्रस्तुतिकरण व अनुशासन इत्यादि विषयों पर अपनी-अपनी कक्षाओं में आर्ट एण्ड क्राफ्ट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, इस हेतु उनकी गतिविधियों का बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं के द्वारा मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर बच्चों से उनके करियर तथा अध्ययनरत विषयों से संबंधित प्रश्न भी पूछे गये। बच्चों ने बडे उत?साह के साथ इस प्रतियोगिता में बढ-चढ के भाग लिया तथा आपने कौशल का प्रदर्शन कक्ष की



साज-सज्जा व तात्कालिक प्रश्नों के उत?तर कुशलता पूर्वक देते हुए किया।

इस आयोजन से बच्चों में अनुशासन , समयबद्धता , स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित होगा साथ ही उपस्थित शिक्षकों एवं निर्णायकों के द्वारा बच?चों को साधूवाद व प्रेरणादायी विचारों से अवगत कराया। प्रतियोगिता में कक्षा 09 के 5 वर्गो में से सर्वोउत्कृष्ट प्रदर्शन वाली कक्षा 09 अ रही जिसके कक्षा नायक रिया मेहरा तथा कक्षा शिक्षक श्री शाहबाज खान रहे इसी तरह कक्षा 11 के 6 वर्गो में से सर्वोउत्कृष्ट प्रदर्शन वाली कक्षा 11 जीवविज्ञान अंग्रेजी माध्यम रही जिसके कक्षा नायक कृष्णा सोनी, कक्षा शिक्षक श्रीमती मधु चौकसे रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्रीमती आभा दुबे प्राचार्य शास. हाईस्कूल तलापार, श्री बी.पी. मालवीय सेवा निवृत्त व्याख्याता तथा श्री आनंद प्रकाश श्रीवास्तव सेवा निवृत्त व्याख्याता रहे। इस कार्यक्रम के प्रभारी श्रीमती दीपमाला धुर्वे एवम् कु. पल्लवी शुक्ला रही । समस्त कक्षा शिक्षको ने बच्चो का मार्गदर्शन कर इस अभियान को सफल बनाया । कार्यक्रम के अंत में श्री ए.आर. द्वारा निर्णायकों का आभार व्यक्त किया और सभी विद्यार्थियों एवम् शिक्षको को शुभकामनाएं और बधाई दी ।

## संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत वारासिवनी कॉलेज में लगाया गया शिविर

### दूसरे दिन 19 छात्र छात्राओं के बनाए गए लर्निंग लाइसेंस



बालाघाट(स्वतंत्र मत)। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय बालाघाट द्वारा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं के ड्रायविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 05 फरवरी को वारासिवनी महाविद्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 19 ड्रायविंग लायसेंस बनाये गए। जिला परिवहन अधिकारी श्री गढ़पाल ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत वारासिवनी कॉलेज में 05 फरवरी को लगाए गए शिविर में 16 छात्राओं एवं 03 छात्रों के लर्निंग लायसेंस बनाये गए है। इस तरह 02 दिनों में कुल 45 छात्र छात्राओं के लर्निंग लायसेंस बनाये गए है।

इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को परिवहन संबंधी सेवाएं उनके शैक्षणिक संस्थानों में ही उपलब्ध कराना है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो सके। अभियान के अंतर्गत छात्राओं के लिए लर्निंग लाइसेंस नि:शुल्क बनाए जा रहे हैं, जबकि छात्रों के लिए 274 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इस पहल से विद्यार्थियों को सरल एवं त्वरित रूप से लाइसेंस की सुविधा मिल रही है, जिससे उनमें यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं की चयन प्रदेश परीक्षा 7 फरवरी को

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर में कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं में प्रवेश परीक्षा सत्र 2026 शनिवार 7 फरवरी को आयोजित होगी। इसके लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कक्षा 9 वीं के लिए प्रात: 11.15 बजे से दोपहर 01.45 बजे तक और कक्षा 11 वीं के लिए प्रात: 11 बजे से दोपहर 01.×0 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर श्री अरूण कुमार तिवारी ने बताया कि कक्षा 9 वीं में 654 एवं कक्षा 11 वीं में 149 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी निर्धारित समय से ×0 मिनट पहले प्रवेश पत्रों के साथ परीक्षा केन्द्र में पहुंचें। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किया है, वे वेबसाइल पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री 6 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों से करेंगे संवाद

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी परीक्षा से पहले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों से परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से 6 फरवरी 2026 को प्रात: 10 बजे से संवाद करेंगे।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, पीएमई विद्या, टी.व्ही, रेडियो चौनल, नेटफ्लिक्स, जीओ हॉटस्टार, अमेजन प्राईम वीडियो आदि पर सीधा प्रसारण होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हेतु समस्त विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम के लाईव प्रसारण में सहभागिता हेतु विद्यालयों में बड़ी स्क्रीन अथवा टी.व्ही. की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालयों में विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित कि जाएगी। जिन विद्यालयों में विद्युत व्यवस्था नहीं है वहाँ पर अन्य जनरेटर आदि की वैकल्पिक व्यवस्था कर विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री जी के इस कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित की जावेगा। विद्यालयों में इंटरनेट की उपलब्धता, कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाईल जो संभव हो व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यह व्यवस्थाएं समग्र शिक्षा अभियान से की जा सकेगी।

जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त विद्यालयों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को एक महोत्सव के रुप में मनाया जावेगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के इस लाईव प्रसारण में विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकों की सामूहिक रुप से सहभागिता सुनिश्चित कि जाएगी।

## मानपुर में राजस्व व्यवस्था से आम जन निराश...!

**मानपुर (स्वतंत्रमत)** - जन समस्या निवारण, हितग्राही मूलक योजना से अत्यधिक लाभान्यवित करवाने, शासकीय योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने, सीघ्र न्याय दिलवाने जैसे विभिन्न कार्यों में वर्तमान सरकार बड़े तत्पर्यता से जुटी हुई है, इसी तरह जन सम्पर्क और प्रत्येक मंगल को जन सुनवाई पीएम आवास हितग्राही मूलक योजना के कुछ सारणी आज तक जारी नहीं हो पाये हैं क्यों कि उनमें राजस्व विभाग द्वारा सहमति नहीं बन रहीहै, जिससे कच्चे घर वाले गरीब जनता परेशान होकर पार्षदों के यहां चक्कर लगाते रहते हैं, वहीं शासन-प्रशासन पर नाराजगी जताते रहते हैं, वहीं ग्रीमीणों का मानना है दूर दराज से आने वाले पेसी करताओं को रात्रि में बाहन न मिलने से कई समस्याओं से गुजरना पड़ता है। यहां मंगलवार को जन सुनवाई का कार्य ठप्प रहता है।

यहां निवेदन लेकर आने वाले जन्ता का आवेदन लेने और समस्या लेकर अथवा कथन -



करते हुये मानपुर विधायक जी द्वारा भी जन समस्या निवारण कार्य में सराहनीय भूमिका चर्चित है, जब कि मानपुर क्षेत्रीय राजस्व विभाग के कार्यों से क्षेत्रीय लोगों में संतुष्टी के जगह निराशा ही मिल रही हैं..! धरमिनिया बैगा, संतरा कोल, सजन कोल, शिवराम शुक्ला के सांथ कई पार्षदों ने बताये कि कि नामंतरण, फोती, खसरा सुधार, बेदखली, बीपीएल, ईड्ल्यूएस, नक्सा तरमीम जैसे कई प्रकरण विगत कई सालों से पेंडिंग में पड़े हैं और पेशी बढ़ती रहती हैं। मानपुर तहसील और एसडीएम न्यायालय में पेसी का कार्य देर से चालू किया जाता है जो शाम 5 से 6 बजे तक चला करता है, जिससे वाईट लेने के लिये आने वाले पत्रकारों की बात सुनने के लिये यहां के अधिकारियों को समय तक नहीं मिल पाता है, फोन उठाना तो बहुत दूर की बात है.! सूत्रों की माने तो क्षेत्र में इस समय अतिक्रमण बड़े जोरों से चल रहा है लेकिन देखने, सुनने वाला कोई नहीं है..!

## ओशो की नगरी में हुआ विदेशी ओशो संन्यासियों का आगमन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु ओशो की क्रीडा नगरी एवं स्थानीय ओशो लीला आश्रम मे विगत दिनों दो दिवसीय विदेशी ओशो संन्यासियों का स्वामी अनादि आनंद के नेतृत्व मेंआगमन हुआ, जिन्होंने ओशो लीला आश्रम में ओशो की विभिन्न ध्यान विधियों सक्रिय ध्यान, नादब्रह्म, कुंडलिनी व्हाइट रोब ब्रदरहुड सत्संग, नृत्य भजन कीर्तन का रसपान कर आनंद लियाद्य वही ओशो की शिक्षा अध्ययन संबंधी संस्था गंज प्राथमिक शाला जहां प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की तथा शास. आदर्श उच्चतर विद्यालय इस स्कूल में माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी शिक्षा प्राप्त की स्कूल के जिस कक्ष में ओशो ने अध्ययन किया था उस कक्षा को



शाला प्रबंधन द्वारा आज भी संरक्षित एवं सुसज्जित कर रखा है वहां विदेशी ओशो संन्यासियों ने बैठकर अपने गुरु ओशो की उपस्थिति का अनुभव कियाद्य इसी दौरान सार्वजनिक पुस्तकालय पहुंच कर सभी विदेशी ओशो संन्यासियों ने ओशो द्वारा अध्ययन की गई तथा प्रदत्त की गई पुस्तकों का विशेष रुचिकर तथा ओशो द्वारा स्व हस्ताक्षरित पुस्तकों के दर्शन किए, साथ ही सार्वजनिक पुस्तकालय में ओशो की सैकड़ो किताबें एवं 251 स्व हस्ताक्षरित किताबें संरक्षित हैं जिनमें से कुछ किताबों को ओशो सन्यासी निहारते रहे और अहो भाव से भर गएद्य तथा ओशो से संबंधित स्थान दर्शन एवं नगर भ्रमण किया गया ज्ञात हो कि उक्त विदेशी सन्यासियों में हॉलैंड, नीदरलैंड, स्पैन, जोहंस बर्ग आदि देशों के विदेशी ओशो सन्यासी शामिल रहेद्य ओशो लीला आश्रम के मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस ने बताया कि स्वामी आनंद अनादी का गाडरवारा से गहरा संबंध जुड़ा हुआ है उनका जन्म गाडरवारा में ही हुआ है इस नगर का सपूत जो अब देश-विदेश में ओशो संन्यासियों का ध्यान शिविर लेते हैंद्य उन्होंने आगे बताया कि ओशो की क्रीड़ास्थली (नगरी) एवं ओशो लीला आश्रम में साल भर में देश विदेश के संन्यासियों का आवागमन बना ही रहता है।

# सामग्री जप्ती कर लगाया 8 हजार 500 का जुर्माना

## नागरिकों के सुगम यातायात के मद्देनजर नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो मे चला वृहद अतिक्रमण अभियान



कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर के मुख्य मार्गों के किनारे से अनाधिकृत अस्थाई अतिक्रमणों को हटाकर सार्वजनिक आवागमन को व्यवस्थित करने तथा नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से अतिक्रमण विभाग की गठित अलग-अलग टीमों द्वारा बुधवार को नगर के विभिन्न स्थलों पर वृहद स्तर पर कार्यवाही की गई। निगम की गठित टीम द्वारा अभियान पूर्व नगर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण कर सर्वजनिक मार्ग के किनारे अनाधिकृत रूप से सामग्री रख आवागमन को बाधित नहीं करने की अपील मुनादी के माध्यम से की गई। तदोपरांत मुख्य मार्गों के सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर व्यवसाय करनें वाले सब्जी व्यवसाईयों एवं ठेला संचालकों को जिला चिकित्सालय के सामने स्थित हाकर्स जोन भेजनें तथा नहीं मानने पर स्पाट फाईन भी किया गया। कार्यवाही के दौरान गोल बाजार, झंडा बाजार सहित अन्य बाजार क्षेत्रों की सार्वजनिक मार्गो में दुकान सामग्री रखकर व्यवसाय करने वालों की सामग्री को भी दुकान के अंदर करवाते हुए नहीं मानने पर सामग्री जब्ती की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह नें बताया कि सुगम आवागमन के मद्देनजर निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देशन में अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही हेतु गठित की गई टीमों के द्वारा माधवनगर, बरगवां, हाउसिंग बोर्ड, बस स्टैंड, गर्ग चौराहा आदर्श कॉलोनी, झंडा बाजार, गोल बाजार, स्टेशन रोड, बरही रोड, दुर्गा चौक, मुडवारा स्टेशन मार्ग, स्टेट बैंक तिराहा मिशन चौक, सुभाष चौक एवं स्टेशन रोड़ में व्यापक रूप से अभियान चलाकर मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार परिलक्षित हुआ। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के पूर्व गठित टीमों द्वारा अपनें अपनें क्षेत्र में भ्रमण कर मुख्य मार्गों में सामग्री रखकर व्यवसाय नहीं करने की मुनादी कराई जाकर कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इस दौरान 26 लोगों पर सामग्री जब्ती की कार्यवाही की जाकर 8 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी अधिरोपित किया गया। निगम प्रशासन ने आम जनों से सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करने की अपील करते हुए स्पष्ट किया है कि नगर की सुगम यातायात व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा आगामी दिनों में भी अतिक्रमण अभियान निरंतर रूप से जारी रहेगा। कार्यवाही के दौरान पुलिस विभाग, यातायात विभाग के कर्मचारियों सहित अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित टीम के सदस्य अब्दुल नसीम, अजय, राजेश, रंजीत, धमेन्द्र सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# क्रिकेट सटोरिया चढ़ा कोतवाली पुलिस के हत्थे

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के विरुद्ध कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई



कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर पूर्णतः प्रतिबंध लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय द्वारा क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संदेहियों की जानकारी एकत्रित कर उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 04 फरवरी की रात्रि में मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कटनी रेल्वे स्टेशन कटनी फूड प्लाजा के पास एक व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 30-35 साल है, अपने मोबाईल में ऑनलाईन क्रिकेट सट्टे की मास्टर आई.डी लिए है और किसी ग्राहक को क्रिकेट सट्टे की आई.डी देने व सट्टे के लेन-देन का हिसाब करने के लिए बुलाया है। कि सूचना पर थाना कोतवाली से तत्काल स्टाफ को मौके पर भेजा गया जो फूड प्लाजा के सामने मुखबिर के बताए हुलिए के व्यक्ति को घेराबंदी करके पकड़ा गया। संदेही से उसका नाम व पता पूछने पर अपना नाम स्वप्निल अग्रवाल पिता स्व. कृष्णकांत अग्रवाल उम्र 32 वर्ष नि. आदर्श कालोनी कटनी का होना बताया। संदेही के पास मिले रेडमी कंपनी के एन्ड्राईड मोबाईल को चेक करने पर उसमें ऑनलाईन क्रिकेट सट्टे की मास्टर आई.डी अपलोड थी, जिसमें 1,89,672 रूपये का बैलेंस, सट्टे के लेन-देन का हिसाब व ऑफलाईन बुकिंग का 1200 रू नगद मिला। पकड़े गए आरोपी का कृत्य धारा 4क जुआ अधिनियम का घटित करना पाए जाने से समक्ष साक्षियों के मोबाईल व नगदी रकम जप्त कर थाना कोतवाली कटनी में अप.क्र. 140/26 धारा 4क जुआ अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. राखी पाण्डेय, सउनि. विजय गिरी, प्रआर. विरेन्द्र तिवारी, आर. अजय प्रताप सिंह, उपेन्द्र सिंह, अमित सिंह की अहम भूमिका रही।

# 7वी राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अशोक राव व सत्येंद्र शर्मा को दोहरी सफलता




कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन (कदमा) के सचिव अलोक कुमार जूडाज जोसफ से प्राप्त जानकारी के अनुसार सातवीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन 29 जनवरी से 02 फरवरी तक पटेल सिंथेटिक स्टेडियम अजमेर में राजस्थान मास्टर्स ऐथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा संपन्न किया गया। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से लगभग 2000 वेटरन्स पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने जिनकी आयु 35 वर्ष से 80 वर्ष थी प्रतिनिधित्व किया। 7वी राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कटनी जिले के 15 खिलाड़ियों की टीम ने विभिन्न विधाओं में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त किये व कटनी जिले को संपूर्ण भारत में गौरवान्वित किया। 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग- संदीप कुमार मौर्य ने हैमर थ्रो मे प्रथम स्थान गोल्ड मेडल, 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग- राजाराम यादव 5000 मीटर पैदल चाल तृतीय स्थान ब्रॉन्ज मेडल, 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग- सत्येंद्र कुमार शर्मा ने दोहरी सफलता अर्जित की 10000 मी दौड़ में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल व 5000 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान ब्रॉन्ज मेडल, 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग- राकेश कुमार यादव ने लंबी कूद में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल, 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग- अशोक राव ने दोहरी सफलता अर्जित की लंबी कूद में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल व ऊंची कूद में द्वितीय स्थान सिल्वर मेडल प्राप्त किये। खिलाड़ियों की सफलता पर कटनी जिला मास्टर्स ऐथलेटिक्स एसोसिएशन कदमा के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष एम. जॉर्ज, सचिव जोधा सिंह व टीम को उचित मार्गदर्शन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने पर महाविद्यालय में छात्राओं का सम्मान



कटनी (स्वतंत्रमत)

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी की छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन से महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन तथा सांस्कृतिक एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. रंजना वर्मा के संयोजन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतर-विश्वविद्यालयीन राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नृत्य, नाटक, गायन एवं माइम जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने नृत्य एवं नाटक विधा में भाग लिया। नाटक प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान किए तथा अपने उद्बोधन में उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए आगे हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी लगन एवं निरंतर अभ्यास का फल है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसी ही उपलब्धियां प्राप्त करने की प्रेरणा दी। ये उपलब्धियां न केवल महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं। छात्राओं की यह सफलता सांस्कृतिक क्षेत्र में मध्य प्रदेश एवं रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाली है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, के.जे. सिन्हा, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, डॉ. वीणा सिंह, बंदना मिश्रा, डॉ. रोशनी पाण्डेय, डॉ. अर्पित द्विवेदी, मिथलेश्वरी, शिल्पी कुमारी सिंह, नागेंद्र यादव, पंकज सेन, डॉ. अशुतोष द्विवेदी, डॉ. अनिल द्विवेदी, डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, डॉ. फूलचंद कोरी, प्रियंका सोनी, स्मृति दहायत, सृष्टि श्रीवास्तव, आंजनेय तिवारी, विनीत सोनी, नम्रता निगम, डॉ. सोनिया कश्यप, आरती वर्मा, डॉ. श्रद्धा वर्मा, रिचा दुबे, डॉ. श्वेता कोरी, देववती चक्रवर्ती, डॉ. मैत्रयी शुक्ला, डॉ. प्रतिमा सिंह, रत्नेश कुशवाहा, डॉ. वंदना चौहान, पूनम गर्ग, डॉ. मदन सिंह मरावी, मीनाक्षी वर्मा, पूजा सिंह राजपूत, इमरान मोहम्मद सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# बहोरीबंद में 300 वर्ग फुट शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



कटनी (स्वतंत्रमत)

बहोरीबंद में विगत दिनों आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी के समक्ष ग्राम बहोरीबंद के खसरा नंबर 1114 में 300 वर्ग फुट शासकीय भूमि पर रामकुमार पिता परसादी द्वारा अतिक्रमण करने की जानकारी दी गई। बहोरीबंद निवासी सतीश सेंगर ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि पटवारी हल्का नंबर 28 बहोरीबंद के खसरा नंबर 1114 के रकबा 1.16 हेक्टेयर भूमि पर 20 बाय 15 अर्थात कुल 300 वर्ग फुट शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की जानकारी दी गई थी। जिसे कलेक्टर ने अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिये थे। कलेक्टर के निर्देश के पालन में तहसीलदार नेहा जैन, नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, राजस्व निरीक्षक रविशंकर मिश्रा, पटवारी मनोज मौर्य, गीता गुप्ता, भर्तेश सिंह, अंकित हीरा और अजय परस्ते सहित पुलिस बल की मौजूदगी में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

# ट्रेनों में चोरी का आरोपी जीआरपी के हत्थे चढ़ा

## पौने सात लाख रुपये का मसरुका बरामद, कई चोरियों का पर्दाफाश



कटनी (स्वतंत्रमत)

रेल पुलिस अधीक्षक शिमला प्रसाद के निर्देश पर रेल परिसरों एवं चलती ट्रेनों में अपराधों की रोकथाम के लिए सघन जांच एवं तलाशी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना जीआरपी कटनी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना जीआरपी कटनी में दर्ज विभिन्न अपराधों अपराध क्रमांक 72/26 धारा 305 (सी), 304 (2) बीएनएस, अपराध क्रमांक 552/25 धारा 304 (2) बीएनएस, अपराध क्रमांक 103/26 धारा 305 (सी) बीएनएस में फरियादियों से चोरी हुए सोने के जेवरात एवं मोबाइल फोन को पुलिस टीम ने बरामद किया है। जीआरपी पुलिस ने आरोपी राज भूमिया उर्फ मंजा, उम्र 20 वर्ष, निवासी कैलवारा फाटक, छेघरा वार्ड नं. 6, थाना कोतवाली, जिला कटनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 6 लाख 83 हजार रुपये कीमत का मशरूका बरामद किया है। फरियादिया बी. मंजू की 3 तौला सोने की चेन, कीमत लगभग 4,00,000 फरियादी अखिलेश सोंधिया का मोबाइल, कीमत 14,000 फरियादी योगेन्द्र सिंह का मोबाइल, कीमत 49,000 अन्य फरियादियों के 10 मोबाइल फोन, कीमत लगभग 2,20,000 है।

# बकाया करों की वसूली को लेकर निगम प्रशासन हुआ सख्त

## जलकर के बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन विच्छेदन हेतु टीम हुई सक्रिय



कटनी (स्वतंत्रमत)

विगत दिवस आयोजित समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए निगम के बकाया करों की वसूली में गति लाने के दिए गए निर्देश के बाद निगम के जलकर की राशि लंबे समय से बकाया होने पर की गठित टीम बडे बकायेदारों के यहां नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही हेतु पहुंच रही है। उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने बताया कि जल प्रदाय विभाग की गठित टीम बुधवार को उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित बाबा नारायण शाह वार्ड के दो उपभोक्ताओं सहित डॉ जाकिर हुसैन वार्ड संजय नगर के उपभोक्ताओं एवं एक अन्य उपभोक्ता पर लंबे समय से जलकर की राशि बकाया होने पर नल कनेक्शन की कार्यवाही करने पहुंची। इस दौरान संबंधित पांच उपभोक्ताओं द्वारा दो किस्तों में जल की बकाया राशि जमा करने की मांग किये जाने पर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही नहीं की गई। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य करों का भुगतान करना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की कठोर कार्रवाई से बचा जा सके। वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा बकायेदारों के विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण के लिए निगम की हांका टीम सक्रिय

## सार्वजनिक मार्गो पर चलाया गया अभियान, 23 मवेशी अमीरगंज गौशाला भेजे गए



कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निगम की हांका टीम द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि बुधवार को चलाए गए अभियान के दौरान कोतवाली थाना के समक्ष पोस्ट आफिस कार्यालय के सामने, कचहरी चौराहा, सिविल लाइन, स्टेशन चौराहा, कमानिया गेट हनुमान मंदिर, नदीपार रविदास चौराहा तथा बिलहरी मोड मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य स्थलों में अभियान के दौरान सड़कों पर सार्वजनिक मार्ग में विचरण कर आवागमन बाधित कर रहे 23 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजा गया। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सार्वजनिक स्थलों पर मवेशियों के कारण किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित रूप से कार्रवाई जारी रखी जाए। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को खुले में न छोड़ें तथा नगर की व्यवस्था बनाए रखने में सहभागिता निभाएं।

# बेंगलुरु ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग जीता

## दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी, मंधाना ने 87 रन बनाए

बडोदरा।

कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विरुद्ध चार विकेट पर 203 रन बनाए, जो डब्ल्यूपीएल फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि, बेंगलुरु के सामने ये स्कोर छोटा साबित हुआ और बेंगलुरु ने इस मुकाबले को 6 विकेट से अपने नाम कर लिया। जेमिमा ने 37 गेंद में आठ चौकों की मदद से 57 रन की पारी खेली, जबकि लौरा वोल्वा?र्ट्स (44 रन, 25 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) और चिनेल हेनरी (नाबाद 35, 15 गेंद, चार चौके, दो छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 24 गेंद में 55 रन की तूफानी



साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### जेमिमा रोड्रिग्स की बल्लेबाजी

जेमिमा ने वोल्वार्ट्स के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़े। रॉयल चैलेंजर्स ने पहले तीन ओवर में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें लॉरेन बेल और सयाली सतघरे ने सिर्फ नौ रन दिए, जिससे दिल्ली की प्रारंभिक बल्लेबाज शेफाली वर्मा और ली को अपने हाथ खोलने के लिए ज्यादा जगह नहीं मिली। हालांकि चौथे ओवर में कैपिटल्स को 20 रन मिले और धीमी शुरुआत के बाद उन्हें बहुत जरूरी मोमेंटम मिला। अरुंधति रेड्डी ने शेफाली का विकेट लेकर आरसीबी की वापसी कराई। वहीं इसके बाद वोल्वार्ट्स ने तेजी से बल्लेबाजी की। जिससे दिल्ली सात ओवर में 72 रन पर एक विकेट पर पहुंच गई। हमवतन नादिन डी क्लर्क ने वोल्वार्ट्स की खतरनाक होती जा रही पारी का अंत किया। दिल्ली ने इस तरह पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बना लिए और आरसीबी को 204 रनों का लक्ष्य दिया।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बल्लेबाजी

204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 9 रनों के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। हालांकि, इसके बाद कप्तान स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वोल ने कमाल की बल्लेबाजी की और दोनों ने अर्धशतक लगाया। वोल ने इस मुकाबले में 54 गेंदों पर 79 रनों की पारी खेली, जिसमें 14 चौके शामिल रहे।

### दिल्ली की कप्तान जेमिमा ने जड़ी फिफ्टी

दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चार विकेट पर 203 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा 37 बॉल पर 57 रन बनाए, जिसमें 8 चौके शामिल रहे। वहीं लॉरा वोल्वार्ट ने 3 चौके और दो छक्के की मदद से 25 गेंदों पर 44 रनों का योगदान दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज लिजेल ली ने भी आतिशी बल्लेबाजी की। ली ने 3 चौके और तीन छक्के की मदद से 30 गेंदों पर 37 रनों की इनिंग्स खेली। चिनेले हेनरी ने तो 4 चौके और दो छक्के की मदद से सिर्फ 15 गेंदों पर नाबाद 35 रन कूटे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से नादिन डिक्लर्क, सयाली सतघरे और अरुंधति रेड्डी ने एक-एक सफलता हासिल की।

## सूर्यकुमार यादव की कप्तानी ने बदल डाला है टीम इंडिया को : ऋषभ पंत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी कप्तानी ने टीम इंडिया को बदल डाला है। पंत ने एक कार्यक्रम 'सलाम क्रिकेट' में कहा,सूर्या भाई की एनर्जी ड्रेसिंग रूम का माहौल ही बदल देती है। वे सिर्फ बल्लेबाज नहीं, बल्कि ऐसे लीडर हैं जो हर खिलाड़ी को आजादी और भरोसा देते हैं। पंत के



मुताबिक टीम इंडिया में दिखाई दे रही एग्रेसिव माइंडसेट की जड़ में कप्तान की सोच और फास्ट बॉलर्स की भूमिका है। टी20 वर्ल्ड कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और ऋषभ पंत ने पहले सत्र में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप को इंजॉय करना पड़ेगा. उन्होंने बताया कि फिलहाल वे रिकवरी फेज में हैं और वर्ल्ड कप का प्रेशर होगा, लेकिन होम ग्राउंड में खेल का अनुभव अलग होता है। पंत 10 जनवरी से टीम इंडिया से बाहर हैं और तब से बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी फिटनेस पर मेहनत कर रहे हैं।



## नेपाल ने कनाडा को छह विकेट से दी शिकस्त

चेन्नई (वार्ता)।

आसिफ शेख (58) और संदीप जोरा (44) की शानदार पारियों की बदौलत नेपाल ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप से पहले खेले गये अभ्यास मैच में कनाडा को 12 गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। आज यहां टॉस जीतकर कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 161 का स्कोर बनाया। नवनीत धारीवाल ने 36 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 41 रनों की पारी खेली। कंवरपाल तठगुर (25), निकोलस कीरटॉ (10), हर्ष ठाकर (आठ) और जसकरण सिंह (21) रन बनाकर आउट हुये। श्रेयस मोव्वा ने 19 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली। नेपाल के लिए संदीप लैमिछाने और कुशल भुर्तेल ने दो-दो विकेट लिये। सोमपाल कामी और नंदन यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम ने 18 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। नेपाल की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने तीसरे ही ओवर में कुशल भुर्तेल (12) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये संदीप जोरा ने आसिफ शेख के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। आसिफ शेख रिटायर्ड आउट हुये। आसिफ शेख ने 29 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए 58 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में अजयवीर हुंदल ने संदीप जोरा को आउट किया। संदीप जोरा ने 30 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 44 रन बनाये। लोकेश बम पांच रन बनाकर आउट हुये। गुलशन झा ने 25 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए नाबाद 31 रन बनाये। दीपेंद्र सिंह ऐरी नौ रन बनाकर नाबाद रहे। कनाडा के लिए जसकरण सिंह, साद बिन जफर और अजयवीर हुंदल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत अंडर-19 की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर

**हरारे (वार्ता)**7 शुक्रवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 का फाइनल एक रोमांचक मुकाबले का वादा करता है, जिसमें भारत अंडर19 का मुकाबला इंग्लैंड अंडर19 से होगा, जिसने पहले ही दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों की कल्पना पर कब्जा कर लिया है। ऑनलाइन वायरल हो रही कहानी साफ है भारत का रिकॉर्ड तोड़ सेमीफाइनल प्रदर्शन बनाम इंग्लैंड का अजेय अभियान, जिसमें हरारे की धीमी, स्पिन के अनुकूल पिच यह तय करेगी कि प्रतिष्ठित ट्रॉफी कौन उठाएगा। भारत की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर होंगी।

भारत अंडर19 सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 41.1 ओवर में रिकॉर्ड 311 रन का पीछा करने के बाद आत्मविश्वास की लहर पर फाइनल में पहुंचा है। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने छह मैचों में 148 के स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए हैं, और भारत को मजबूत शुरुआत देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मध्य क्रम के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और आयुष म्हात्रे, विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ, स्थिरता और आक्रामक बल्लेबाजी प्रदान करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की बल्लेबाजी में उच्च दबाव वाली स्थितियों को संभालने की गहराई है।हरारे की टर्निंग ट्रैक पर भारत का स्पिन आक्रमण उनका तुरुप का इक्का है। हेनिल पटेल 4.19 की इकॉनमी से 11 विकेट लेकर गेंदबाजी लाइनअप का नेतृत्व करते हैं, जिन्हें आरएस अंबरीश और खिलन पटेल का समर्थन प्राप्त है। स्पिन ऑलराउंडरों के शामिल होने से यह सुनिश्चित होता है कि भारत के पास कई आक्रामक विकल्प हैं, जो इंग्लैंड के बल्लेबाजों की किसी भी गलती का फायदा उठाने में सक्षम हैं। विश्लेषकों का मानना है कि धीमी, सूखी परिस्थितियां फाइनल में स्पिन को निर्णायक कारक बना सकती हैं।

## सुमित नागल ने खुद को डेविस कप मैच के लिए तैयार घोषित किया

बेंगलुरु (वार्ता)।

बेंगलुरु में डेविस कप टाई के लिए सुमित नागल की तैयारी शारीरिक के साथ-साथ मानसिक परीक्षा भी रही है। बैंकॉक के बाद चोट से जूझने वाले भारतीय टेनिस खिलाड़ी का कहना है कि वह तीन हफ़्तों की कड़ी ट्रेनिंग और नए फोकस और आत्मविश्वास के साथ कोर्ट पर अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। नागल ने 7 और 8 फरवरी को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में भारत और नीदरलैंड्स के बीच होने वाले डेविस कप क्वालिफायर के पहले राउंड से पहले पत्रकारों से कहा,ट्रेनिंग की तीव्रता हर दिन थोड़ी ज़्यादा रही है। मुझे लगता है कि आज मैंने सीधे रिडक्शन का अभ्यास किया, और फिर मैंने डबल्स भी खेला। तीव्रता ज़्यादा रही है, और रोज़ाना के शेड्यूल के हिसाब से, मेरा शरीर मैच खेलने के लिए तैयार है। हम यही देखने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि मैंने बैंकॉक



के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। नागल ने कहा, कल एक और टेस्ट होगा – हम यह देखने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा सेट खेलने की कोशिश करेंगे कि मेरा शरीर कैसे प्रतिक्रिया करता है, और मैं उसके बाद कैसा महसूस करता हूँ। इसीलिए हम प्रैक्टिस मैच खेलते हैं। सच कहूँ तो, यह मेरे लिए बहुत, बहुत अच्छा दिन था। सब कुछ अच्छा लगा, और मैं भारत के लिए खेलने का इंतज़ार कर रहा हूँ।

## ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड मुकाबला टॉस बाद हुआ रद्द

**कोलंबो (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच टी-20 विश्वकप से पहले गुरुवार को होने वाला अभ्यास मैच बारिश के कारण टॉस होने के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। आज यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इसके बाद शुरु हुई बारिश के कारण मैच को रद्द घोषित कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया (एकादश)ः- मिशेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस (विकेटकीपर), कमरन ग्रीन, टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नाथन एलिस, एडम जम्पा, जॉश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुह्नमैन, कूपर कोनोली, मैट रेनशॉ और बेन ड्वारशुइस।

## दिग्गज क्रिकेटरों ने कहा पाकिस्तान लेगा यू-टर्न

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** बांग्लादेश को आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप से आउट कर दिया था क्योंकि वो अपने मुकाबले भारत में खेलने को राजी नहीं हुआ। आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड की एंट्री कराई। इस फैसले से पाकिस्तानी टीम को मिर्ची लग गई और उसने भारत के खिलाफ ग्रुप मैच से अनुपस्थित रहने का फैसला लिया। पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम के खिलाफ ग्रुप मैच में भाग लेने की परमिशन नहीं दी है। यह हाईवोल्टेज मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में निर्धारित है। टी20 वर्ल्ड कप से पहले इस विवाद ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी




है। इस मुद्दे पर अब भारत के दिग्गज क्रिकेटर्स खुलकर सामने आ गए हैं और पाकिस्तान के रुख पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। किसी ने इसे राजनीति से प्रेरित फैसला बताया, तो किसी ने खिलाड़ियों के हितों की अनदेखी पर सवाल उठाए। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाजों मदन लाल, चेतन शर्मा और अतुल वासन ने पाकिस्तानी टीम को लताड़ा है। इन तीनों दिग्गजों ने आजतक के खास कार्यक्रम सलाम क्रिकेट में पूरे मामले पर खुलकर बात की। चेतन शर्मा का मानना है कि मौजूदा हालात लंबे समय तक नहीं टिकेंगे और पाकिस्तान जल्द ही अपने फैसले से यूटर्न ले सकता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में होने वाले चुनावों के बाद माहौल बदल सकता है और तब एक आधिकारिक बयान सामने आ सकता है कि जनता की भावना को देखते हुए क्रिकेट जारी रहना चाहिए। चेतन ने अपने राजनीतिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि जब आप राजनीति में होते हैं तो फैसले अक्सर राजनीतिक परिस्थितियों से प्रभावित होते हैं, लेकिन क्रिकेट अंततः खिलाड़ियों और फैन्स के लिए होता है। चेतन शर्मा ने कहा, 12 तारीख को बांग्लादेश में चुनाव हैं। उसके बाद आप यू-टर्न देखेंगे।

## एयरटेल का मुनाफा 25.5 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दूरसंचार क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एयरटेल को समेकित आधार पर मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 6,920 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ जो सालाना आधार पर 25.5 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने गुरुवार को वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इसमें बताया गया है कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसका कुल राजस्व 19.6 प्रतिशत बढ़कर 53,982 करोड़ रुपये हो गया। इसमें भारतीय कारोबार से 39,226




करोड़ रुपये का राजस्व मिला जो सालाना आधार पर 13.2 प्रतिशत अधिक है। मोबाइल खंड में प्रीमियम सेवाओं, घरेलू कनेक्शन की मजबूत गति और एयरटेल बिजनेस के मजबूत प्रदर्शन के कारण यह वृद्धि संभव हो सकी है। देश में मोबाइल सेवा ग्राहकों से प्राप्त राजस्व सालाना 9.1 प्रतिशत बढ़ा है। घरेलू कनेक्शन का राजस्व 32.6 प्रतिशत बढ़ा है। तिमाही के दौरान इस खंड में कंपनी के ग्राहकों की संख्या 1,159 हजार पर पहुंच गयी है। एयरटेल बिजनेस के राजस्व में 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। डिजिटल टीवी से प्राप्त राजस्व 0.3 प्रतिशत बढ़ा।

## देश में बनेगा उभयचर विमान एल्बेट्रोस 2.0 का पिछला हिस्सा

### रक्षा और सरकारी क्षेत्रों के लिए होंगे विशेष संस्करण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पानी और जमीन दोनों पर उतरने में सक्षम उभयचर विमान बनाने में विशेषज्ञता रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई कंपनी एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (एएआई) ने भारत में अपने एल्बेट्रोस 2.0 विमानों के एक हिस्से के निर्माण के लिए भारतीय कंपनी एपोजी एयरोस्पेस के साथ करार किया है। साथ ही एएआई ने इन विमानों के रक्षा और सरकारी ग्राहकों को विमानों की बिक्री के लिए एपोजी एयरोस्पेस को भारतीय उपमहाद्वीप में अपना प्राधिकृत प्रतिनिधि सहयोगी भी घोषित किया है। इसके अलावा, एल्बेट्रोस विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग (एमआरओ) सुविधा देने के लिए भी प्राधिकृत किया गया है। दोनों कंपनियों द्वारा गुरुवार को आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एपोजी एयरोस्पेस एल्बेट्रोस 2.0 विमान के



लिए टेल सेक्शन (पिछले हिस्से) का निर्माण करेगी। एएआई की प्रवर्तक कंपनी एंफीबियन एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स (एएएच) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष ख्वा होंग ने कहा कि भविष्य में देश में असेम्बली लाइन लगाने की भी उनकी योजना है। उन्होंने कहा कि देश में उभयचर विमानों के लिए काफी बड़ा बाजार है। कंपनी ने एल्बेट्रोस 2.0 के तीन संस्करण लॉन्च किये हैं – सैन्य, सरकारी और वाणिज्यिक। एएएच के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपी रेड्डी ने बताया कि भारतीय नौ सेना ने चार उभयचर विमानों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं और कंपनी को विश्वास है कि उसे इसका ऑर्डर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को तत्काल 25-30 उभयचर विमानों की जरूरत है। श्री रेड्डी ने कहा कि पहले चरण में तीन साल में 25-30 विमानों के भारत में आने की उम्मीद है। भारत इन विमानों का इस्तेमाल करने वाला एशिया का पहला देश होगा। उन्होंने बताया कि एल्बेट्रोस का डेमो विमान अगले चार-छह महीने में भारत में आ जायेगा जबकि ग्राहक के इस्तेमाल के लिए पहला विमान डेढ़ से दो साल में आ सकता है। उन्होंने बताया कि शुरुआती 15 विमान की कीमत 3,500 करोड़ रुपये के आसपास हो सकती है। एपोजी एयरोस्पेस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) एम.वी.एन. साई ने कहा कि कंपनी के पास 10-15 विमानों के लिए संभावित ऑर्डर हैं। एल्बेट्रोस 2.0 दो इंजन वाला उभयचर विमान है। यह एक बार ईंधन भरकर 18 घंटे तक उड़ान भर सकता है और 2,200 समुद्री मील की दूरी तय कर सकता है। यह 650 पाउंड का वजन लेकर जाने में सक्षम है।

## शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

### सेंसेक्स 504 अंक लुढ़का

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन की तेजी पर गुरुवार को ब्रेक लग गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60 प्रतिशत) टूटकर 83,313.93 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 25,642.80 अंक पर आ गया। बाजार में आज चौतरफा बिकवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। धातु, ऑटो, आईटी, निजी बैंकों, रियलटी, एफएमसीजी,



टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। एनएसई में जिन 3,241 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,033 के शेयर लाल निशान में और 1,113 के हरे निशान में बंद हुए। अन्च 95 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स 30 में से 24 कंपनियों में गिरावट रही। इटरनल का शेयर 2.50 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल का शेयर 1.65 प्रतिशत, बीईएल का 1.42, आईटीसी का 1.15 और इंफोसिस का 1.05 प्रतिशत फिसल गया।

## फोर्ब्स ग्लोबल प्रॉपर्टीज ने भारत के लग्जरी रियल एस्टेट में प्रवेश की घोषणा की

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** फोर्ब्स ग्लोबल प्रॉपर्टीज ने गुरुवार को भारत के लग्जरी रियल एस्टेट में प्रवेश और देश के लिए अपनी दीर्घकालिक रणनीतिक योजना मिशन 2030 की घोषणा की। फोर्ब्स के अधिकारियों ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत में निरंतर संपत्ति सृजन, वैश्विक पूंजी निवेश में वृद्धि और अति धनाढ्य तथा बेहद धनाढ्य लोगों की बढ़ती संख्या के कारण रियल एस्टेट एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति वर्ग के रूप में उभर रहा है। यह अब केवल आवास नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल, निवेश मूल्य और वैश्विक अवसरों का मिश्रण बन चुका है। उन्होंने कहा कि मिशन 2030 के तहत फोर्ब्स ग्लोबल प्रॉपर्टीज श्रेष्ठ भागीदारों के साथ चयनात्मक रूप से काम करेगी, वैश्विक मानकों के अनुरूप परियोजनाएं विकसित करेगी, संस्थागत स्तर की एडवाइजरी सेवाओं को मजबूत बनायेगी और भारत तथा वैश्विक रियल एस्टेट बाजारों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करेगी। फोर्ब्स ग्लोबल प्रॉपर्टीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी माइकल डब्ल्यू. जल्बर्ट ने बताया कि पिछले पांच साल में कंपनी ने विश्व स्तर पर तेजी से विकास किया है और वर्तमान में 38 देशों में इसके 600 कार्यालय हैं। भारत



को लेकर कंपनी की बड़ी योजनाएं हैं, जिससे भारतीय ग्राहकों को बेहतर और प्रोफेशनल रियल एस्टेट सेवाएं मिलेंगी। कंपनी ने स्पष्ट किया, यह तेजी से विस्तार करने की नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण उपस्थिति बनाने की रणनीति है। ब्रांड की विश्वसनीयता, एसेट की गुणवत्ता और दीर्घकालिक मूल्य सृजन हमारे हर निर्णय के केंद्र में रहेगा। फोर्ब्स ग्लोबल प्रॉपर्टीज की निदेशक मणि गुप्ता ने कहा, भारत में ब्रांडेड घरों की मांग लगातार बढ़ रही है। मिशन 2030 का विजन यह सुनिश्चित करता है कि ब्रांडेड घरों को अधिक प्रोफेशनल और एकीकृत तरीके से विकसित किया जाये। भारतीय बाजार तेजी से परिपक्व हो रहा है और अब ग्राहक प्रॉपर्टी को रहने, निवेश और दीर्घकालिक विकास जैसी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर खरीद रहे हैं।

## खाड़ी सहयोग परिषद के साथ एफटीए के नियम और शर्तों पर हुए हस्ताक्षर

नयी दिल्ली (वार्ता)।

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) के नियम और शर्तों पर गुरुवार को दोनों पक्षों के मुख्य वार्ताकारों ने हस्ताक्षर किये। अब इन नियम और शर्तों के दायरे में दोनों पक्षों के बीच एफटीए पर वार्ता आगे बढ़ेगी। जीसीसी में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव तथा मुख्य वार्ताकार अजय भादू और जीसीसी महासचिव के मुख्य वार्ताकार रजा अल मर्जोकी ने हस्ताक्षर किये। इस मौके पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी मौजूद थे। श्री गोयल ने जीसीसी के साथ एफटीए की




दिशा में इस महत्वपूर्ण कदम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छह देशों से संगठन के साथ भारत से संबंध रणनीतिक भागीदारी में बदल गये हैं और उन्हें नया तथा विस्तृत आयाम मिला है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात और ओमान से व्यापार समझौतों के साथ जीसीसी से एफटीए भारतीय उत्पादों और सेवाओं, एमएसएमई, उद्यमों, कुशल युवाओं तथा पेशेवरों के लिए नये द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि इससे देश में बड़ा निवेश आयेगा। हस्ताक्षर पर समझौते की तस्वीरें साझा करते हुए श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत विकसित देशों के साथ अपने रिश्तों को और सुदृढ़ कर रहा है। जीसीसी के साथ परस्पर लाभदायक संबंधों की पूरी क्षमता के इस्तेमाल के लिए मंच तैयार है। श्री मर्जोकी ने कहा कि जीसीसी और भारत के बीच ऐतिहासिक व्यापार संबंध हैं। श्री मर्जोकी अपनी भारत यात्रा के दौरान श्री अग्रवाल से मिले और विशेषकर मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में दोनों पक्षों के बीच सकल आर्थिक भागीदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने जीसीसी को 56.87 अरब डॉलर का निर्यात किया जबकि वहां से आयात 121.68 अरब डॉलर रहा। दोनों के बीच कुल व्यापार 178.56 अरब डॉलर पर था। पिछले पांच साल में जीसीसी देशों के साथ भारत के व्यापार में औसतन 15.42 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि हुई है। भारत जीसीसी को इंजीनियरिंग सामान, चावल, कपड़े, मशीनरी और रत्न एवं आभूषणों का निर्यात करता है।

भारत वहां से कच्चा तेल, तरल प्राकृतिक गैस, पेट्रो रसायन और बहुमूल्य धातुओं जैसे सोने का आयात करता है। जीसीसी देशों की संयुक्त आबादी 6.15 करोड़ और वर्तमान मूल्य पर संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2.3 लाख करोड़ डॉलर है। वहां से भारत में बड़ी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी आता है।

# भारत को हिंदुत्व पर गर्व है और हिंदुत्व ही राष्ट्रत्व है : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरिद्वार में संत सम्मेलन को किया संबोधित




भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति को नए आयाम तक पहुंचाने में आदि शंकराचार्य का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। मध्यप्रदेश की धरा से आदि शंकराचार्य जी का विशेष संबंध रहा है। वैचारिक स्तर पर भारत को हिंदुत्व पर गर्व है, हिंदुत्व ही राष्ट्रत्व है। सनातन की धारा शाश्वत रूप से बहती रहे, इस उद्देश्य से संतवृंद और सरकार समन्वित रूप से प्रयासरत है। हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा स्थापित भारत माता मंदिर समाज और राष्ट्र में ऊर्जा का संचार कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित गुरुदेव समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### संत महात्माओं को दिया सिंहस्थ-2028 का निमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदि शंकराचार्य जी की परंपरा के संवाहक, वैदिक सनातन संस्कृति के उन्नायक, देश के प्रथम भारत माता मंदिर के संस्थापक पद्मभूषण स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भव्य और दिव्य सिंहस्थ के आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं और विकास कार्यों पर ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत महात्माओं को सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन पधारने के लिए निमंत्रण दिया।

### डॉ. यादव ने योगगुरू स्वामी रामदेव जी के साथ किया योगाभ्यास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में योगगुरु स्वामी रामदेव जी के साथ योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज भारत की प्राचीन परंपरा से निकलकर वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है। हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ, संतुलित व ऊर्जावान जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पतंजलि योगपीठ के वातावरण से प्रभावित होकर कहा कि योगपीठ का संस्कार, साधना और आत्मबल से परिपूर्ण वातावरण मन को अपार शांति प्रदान करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगगुरु स्वामी रामदेव जी के साथ हरिद्वार में भारत माता मंदिर में दर्शन, पूजन और यज्ञ में शामिल होकर सभी के मंगल एवं कल्याण की कामना की।



# प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों से आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा

### 6 फरवरी को होगा परीक्षा पे चर्चा का राष्ट्रीय आयोजन

भोपाल (स्वतंत्र मत)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 6 फरवरी को देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाली शंकाओं का समाधान कर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करेंगे। परीक्षा पे चर्चा का राष्ट्रीय आयोजन 6 फरवरी को होगा। शुक्रवार 6 फरवरी को प्रदेश के सभी विद्यालयों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर जिले के चावरपाठा विकासखण्ड के ग्राम तेंदूखेड़ा के शासकीय कन्या उचतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहकर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में सहभागिता करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्ष 2018 से इस कार्यक्रम में परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष कार्यक्रम का यह 9वां संस्करण है।

कार्यक्रम 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान करेंगे।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न संचार माध्यमों पर किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई के साथ ही विभिन्न रेडियों चैनल्स, नेटफ्लिक्स, जीओ हॉट स्टार एवं अमेजन प्राइम वीडियो आदि से भी सीधा प्रसारण होगा। अन्य निजी चैनल भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करेगें। इसमें विशिष्ट जन, वरिष्ठ अधिकारी एवं अभिभावकगण विद्यार्थियों के साथ सजीव प्रसारण में सहभागिता करेंगे। प्रदेश में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विगत 1 दिसम्बर से 11 जनवरी तक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई थी।



# बांसाकलां में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)। जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे के मुख्य आतिथ्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत माय भारत दमोह जिला युवा अधिकारी उपनिदेशक रोहित यादव के मार्गदर्शन तथा संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति ग्राम पंचायत बांसा कलां पथरिया द्वारा थीम स्वास्थ्य राष्ट्र, समृद्ध राष्ट्र पर 3 से 4 फरवरी को श्री देव बड़े हनुमान मंदिर परिसर बांसाकलां में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर रमेश कुशवाहा, यतेन्द्र सिंह बांकड़ा ग्राम पंचायत बांसाकलां, डॉ. अशोक सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत नंदरई, ईश्वरदास पटेल साईं बाबा, विखं समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय, असगर खान, दयाराम पटेल, मुरलीधर पाल, जगत सिंह राजपूत, मंगल सिंह ठाकुर, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन कलाकार घूमन प्रसाद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता ठाकुर नागरिक उपस्थित रहे।

# शिवरात्रि पर्व को लेकर मेला के दौरान पूरी व्यवस्थाएं रहेंगी : कलेक्टर

दमोह (स्वतंत्र मत)।

आगामी महाशिवरात्रि पर्व व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ बांदकपुर में एक बैठक ली। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन के साथ सभी ट्रस्टी गण उपस्थित थे। कलेक्टर ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एक.एक बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को ट्रस्ट प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि 15 फरवरी से पहले सारी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद व्यवस्थित रूप से हो जाएं। उन्होंने कहा शिवरात्रि पर्व को लेकर मेला के दौरान पूरी व्यवस्थाएं रहेंगी। पार्किंग से लेकर के, साफ सफाई और रुकने की व्यवस्था, कावड़ियों को ठहरने की व्यवस्था, दर्शन की व्यवस्थाएं, सारी व्यवस्थाओं के बारे में बहुत विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा बेहतर से बेहतर प्रबंधन करने के प्रयास किये जायेंगे क्योंकि दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दर्शनार्थी आनंद और आस्था के साथ दर्शन करने आते हैं, उनको अछे से अछा अनुभव यहां पर मिले, यही प्रयास रहेगा।उन्होने बताया गर्भगृह में दर्शनार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा, बाहर से ही दर्शन की व्यवस्था रहेगी। पिछली बार बहुत अछे तरीके से व्यवस्था हुई और किसी प्रकार से भगदड़ या कोई ऐसी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हुई। 15 फरवरी के दिन भी यही व्यवस्था लागू रहेगी और परिस्थितियों को देखते हुए फिर आगे निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने पूरे मंदिर परिसर, पूरे मार्ग का अवलोकन भी किया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया बुंदेलखण्ड के सभी अंचलो से लोग यहॉ बांदकपुर आते है जिसमें कांवडिया और दमोह के लोकल लोग भी बडी संख्या में शामिल होते है। पुलिस प्रशासन का प्रयास रहता है कि दर्शनार्थियों को अछे से दर्शन करा सके, किसी भी प्रकार से अव्यवस्था न हो। इस बार सुरक्षा व्यवस्था के लिए कैमरे लगाने के सुझाव मंदिर प्रबंधन को दिए गये है।



# बाल विवाह मुक्त प्रचार रथ यात्रा का समापन

दमोह (स्वतंत्र मत)। आकांक्षी ब्लॉक तेन्दूखेड़ा के विभिन्न गावों मे संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह द्वारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत बाल विवाह रोकने एवं बाल अधिकारों के प्रति आमजन मे जागरुकता लाने 26 जनवरी से एक बाल विवाह मुक्त भारत प्रचार रथ निकाला गया। उक्त प्रचार रथ यात्रा का 5 फरवरी को ग्राम पतलौनी में विधिवत मंचीय कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। इस संबंध में संस्था के देवेन्द्र दुबे, सुजात खान ने बताया कि भारत सरकार व्दारा विगत 27 नवंबर 2025 से आगामी 8 मार्च 2026 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। सरकार के इसी अभियान के सशक्तिकरण को लेकर प्रचार रथ व्दारा आकांक्षी ब्लॉक तेन्दूखेड़ा के अनेक गावों एवं पंचायतों का भ्रमण किया गया। इस दौरान सभी ग्रामीणजनों, जनप्रतिनिधियों, नाबालिग बचों एवं उनके अभिभावकों-पालकों को बाल विवाह से मुक्त व्यक्ति, समाज, गांव, पंचायत, जिला एवं देश बनाने सामुहिक शपथ भी दिलाई गई। अभियान के दौरान बचों के पालकों से वचन पत्र भी भरवाये गये। इस मौके पर प्रचार रथ के माध्यम से बचों के अधिकारों एवं उनके संरक्षण के बारे मे भी समझाया गया। प्रचार रथ यात्रा को गावों मे अछा समर्थन मिला। प्रचार रथ के समापन कार्यक्रम में अतिथि खुशबू तिवारी, सरपंच बेड़ी सदर, भारत सिंह, कृष्णा तिवारी, प्रतिभा लोधी, रितु विश्वकर्मा, दर्शन नामदेव की उपस्थिति रही।

# मध्यप्रदेश अब पर्यटन और रोज़गार का नया ग्रोथ इंजन : डॉ. यादव

### प्रदेश में 900 करोड़ की लागत से बन रहे हैं धार्मिक और सांस्कृतिक लोक

भोपाल (स्वतंत्र मत)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास भी,विरासत भी के कालजयी मंत्र को ध्येय वाक्य मानकर मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिशा में एक ऐतिहासिक पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिस सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शंखनाद उजैन में श्री महाकाल लोक के लोकार्पण के साथ किया था, वह यात्रा अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक विराट जन-अभियान का रूप ले चुकी है। प्रदेश की पावन धरा पर लगभग 900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 20 लोकों का निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी गौरवशाली परंपराओं का जीवंत साक्ष्य बनेंगे। धार्मिक एवं सांस्कृतिक वैभव की इस अविरल यात्रा में वर्तमान में 580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 17 महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोक पर तीव्र गति से कार्य संचालित है। सागर में संत रविदास लोक 101 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। यह हमारी सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सीहोर जिले के सलकनपुर में देवी लोक और ओरछा में श्रीरामराजा लोक जैसे भव्य प्रकल्प अपनी पूर्णता के करीब हैं। सरकार की संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ लोक परिसर का कार्य पूर्ण कर उसे जनता को समर्पित किया जा चुका है। साथ ही भोपाल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप लोक, जानापाव में भगवान परशुराम लोक और महेश्वर में देवी अहिल्या संग्रहालय जैसे प्रकल्पों ने पूर्ण होकर प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र को और अधिक समृद्ध किया है। जन-आस्था का सम्मान करते हुए राय सरकार ने 315 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से भविष्य में 3 नए लोक और 2 अन्य लोक के द्वितीय चरण को भी मूर्त रूप दिया जायेगा। श्री महाकाल लोक की भव्यता को प्रेरणा मानकर अब ओंकारेश्वर में ममलेश्वर लोक का निर्माण, बैतूल में ताप्ती उद्गम स्थल में ताप्ती लोक और मैहर में माँ शारदा लोक का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। महेश्वर में 110 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला देवी अहिल्या लोक और अमरकंटक में माँ नर्मदा लोक के द्वितीय चरण का निर्माण सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा का परिचायक है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निर्मित हो रहे धार्मिक और सांस्कृतिक लोक केवल पत्थर और ईंटों के निर्माण मात्र नहीं हैं, अपितु ये मध्यप्रदेश के विकास के नए ग्रोथ इंजन सिद्ध होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के वोकल फॉर लोकल के विज़न को आत्मसात करते हुए ये स्थल पर्यटन के वैश्विक केंद्रों के रूप में उभरेंगे।

# बाल विवाह से जागरूकता हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं मप्र राय विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में शासकीय महाराणा प्रताप उमा विद्यालय दमोह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्टए जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य जितेन्द्र कुमार राय सहित समस्त शिक्षकगण तथा छात्रगण उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुये बताया कि हमारे संविधान में विवाह हेतु लड़की के लिए 18 वर्ष एवं लड़के के लिए 21 वर्ष की आयु निर्धारित है। उक्त आयु से कम आयु के लड़के या लड़की का विवाह कराया जाना दण्डनीय अपराध है।



बाल विवाह की घटनाओं की सूचना चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 पर कर सकते है, साथ ही आपके द्वारा लैंगिक असमानता एवं बचों के साथ हो रहे अपराधों के विषय में, बाल विवाह एवं उसकी रोकथाम, करियर के चयन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित बचों को मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता एवं उनके संरक्षण के लिये विधिक सेवा योजना एवं संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्य एवं अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बाल अपराधए शिक्षा का अधिकार, मोटर यान अधिनियमए नशा मुक्ति अभियान तथा विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100 के बारे में जानकारी प्रदान की।

# विधायक मलैया ने शहर में ऑडीटोरियम गीता भवन के लिये मुख्यमंत्री से की दूरभाष पर चर्चा

### कलेक्टर ने प्रयास किये तेज

दमोह (स्वतंत्र मत)। विधायक जयंत कुमार मलैया ने शहर में ऑडीटोरियम गीता भवन के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दमोह को एक एकड़ भूमि पर पुस्तकालय, 750 व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था वाले सभागार तथा समुचित पार्किंग व्यवस्था के साथ अनुमानित लागत 15 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यो के संबंध में दूरभाष पर चर्चा की है। उन्होंने जिले में सामाजिक सांस्कृति एवं शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु पूर्व से निर्मित मानस भवन की बिल्डिंग मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य लागत 1.31 करोड़ रूपये नगर पालिका दमोह को स्वीकृत करने का अनुरोध किया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने इस संबंध में प्रयास तेज कर दिये है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय को पत्र लिखकर ऑडीटोरियम गीता भवन निर्माण के संबंध में राय शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार नगर पालिका परिषद दमोह को एक एकड़ भूमि पर पुस्तकालय, 750 व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था वाले सभागार तथा समुचित पार्किग व्यवस्था के साथ अनुमानित लागत 15 करोड़ न्यूनतम एवं अधिकतम निर्धारित की गई है। नगर पालिका के पास नजूल शीट नंबर 68 प्लाट नंबर 157/1 एवं प्लाट नंबर 158/2 में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। पूर्व में इस भूमि पर ऑडीटोरियम गीता भवन निर्माण हेतु 15 करोड़ के प्रस्ताव नगर पालिका परिषद दमोह द्वारा प्रेषित किये गये है। दमोह जिले में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शासकीय कार्यक्रमों के लिये दमोह नगर में पूर्व से निर्मित मानस भवन एक मात्र स्थान है जिसमें 500 से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है परंतु बिल्डिंग पुरानी हो जाने के कारण उसकी मरम्मत एवं नवीनीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिसके अभाव में इसका उपयोग नही हो पा रहा है जिला मुख्यालय पर इस तरह के गतिविधियों के लिये कोई अन्य वैकल्पिक भवन नही है। उन्होंने मानस भवन की बिल्डिंग को आवश्यक मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण करके गीताभवन के रूप में विकसित किया जा सकता है। लोक निर्माण विभाग दमोह द्वारा इसके नवीनीकरण हेतु राशि 1.31 करोड़ के प्राक्कलन तैयार किये गये है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 5/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नासिर अहमद पिता श्री जहूर अहमद ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 1779/G.F/A दत्त आर्केट क्रमांक 8 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398594 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 260 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री हिदायत उल्ला पिता मोहम्मद हनीफ का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 5/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री टूशी साहा पिता सोमेन्द्र कृष्णा साहा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाषचंद्र बैनर्जी के भवन क्रमांक 1779/G.F 5/A शाप नं. 02 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000397287 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 300 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्वेता सराफ पिता लीलाधर छाबलिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 5/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सरिता गुप्ता पिता घनश्याम दास गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक LIG-1 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003258033 में नया पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 738 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री ब्रजेश खंडेलवाल पिता सूरज प्रसाद खंडेलवाल एवं अन्य का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 4/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति लक्ष्मी केवट पति श्री दशरथ केवट ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक दुर्गा नगर भटोली सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000378723 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 300 व.फु. सीमेन्ट शीट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री जसवंत मनझार पिता राजू मनझार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक MIG II C-100 श्री सी. एल. पटेल पिता श्री धनसिंह पटेल को आंवटित्त है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.04.2006 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री सी.एल. पटेल पिता श्री धनसिंह पटेल का निधन दिनांक 01.12. 2025 को हो चुका है। उनके पुत्र श्री राजेश कुमार पटेल पिता स्व. श्री सी.एल. पटेल के द्वारा नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन/दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत्त किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

# कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर्स को आउटसोर्स करने पर मप्र हाईकोर्ट की रोक

## 92 हजार स्कूलों में बनी रहेगी मौजूदा व्यवस्था, सरकार और डीपीआई से जवाब तलब

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र के सरकारी स्कूलों में पोस्टेड कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर्स को आउटसोर्स व्यवस्था में लाने के फैसले पर मप्र हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने सरकार, लोक शिक्षण संचालनालय और समग्र शिक्षा अभियान को नोटिस जारी किया है।

जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगला प्रभावी आदेश आने तक



वर्तमान व्यवस्था जारी रहेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

इस मामले में मंडला निवासी अरजीत नामदेव सहित 118 शिक्षकों ने याचिका दायर कर बताया कि वे लंबे समय से सरकारी स्कूलों में संविदा के रूप में कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर की सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश के लगभग 92 हजार सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक व्यवस्था के तहत मेरिट के आधार पर उनकी नियुक्ति हुई थी।

### खतरे में पड़ा हजारों शिक्षकों का भविष्य

*याचिका में कहा गया है कि एकेडमिक सेशन 2025-26 के बीच अचानक आदेश जारी कर सरकार ने भर्ती में गड़बड़ियों का हवाला दिया। कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर्स की सेवाओं को आउटसोर्सिंग में लाने का निर्णय लिया, जिससे हजारों शिक्षकों का भविष्य खतरे में पड़ गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील आर्यन उर्मलिया ने कोर्ट को बताया कि भर्ती प्रक्रिया जीएफएमएस पोर्टल के जरिए की गई थी, जिसमें मेरिट के आधार पर सिलेक्शन, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और जॉइनिंग सहित पूरी प्रक्रिया शामिल थी। टीचर्स ने लगभग ढाई एकेडमिक सेशन पूरे कर लिए हैं। 200 वर्किंग डे और 3 सेशन पूरे करने के करीब हैं। इन शर्तों के बाद उन्हें भविष्य में प्रत्यक्ष भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल सकता था, जो आउटसोर्सिंग लागू होने से समाप्त हो जाएगा। बता दें कि प्रदेश के अधिकांश स्कूलों में एक या 2 कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर कार्यरत हैं, जिनके भविष्य पर इस निर्णय का सीधा असर पड़ सकता है।*

# बारात में डांस को लेकर हुआ विवाद, उतार दिया मौत के घाट

### पाटन थाना क्षेत्र का मामला, आरोपियों की तलाश में पुलिस



मृतक के जीवित अवस्था का चित्र

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर से लगभग 35 किमी दूर ग्राम मादा में शादी समारोह में शामिल होने आए 40 वर्षीय व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सुनील अहिरवार निवासी ग्राम गौर हिनौती के रूप में हुई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में एसडीओपी लोकेश डाबर ने बताया कि सुनील बुधवार को अपने दोस्तों के साथ अहिरवार समाज के शादी समारोह में शामिल होने ग्राम मादा आया था। रात करीब 2 बजे उसके साथियों ने उसे सड़क किनारे लहूलुहान हालत में देखा और तुरंत पाटन स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### डांस को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बारात निकलने के दौरान डीजे पर डांस को लेकर सुनील का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों ने विवाद शांत करा दिया और बारात आगे बढ़ गई, लेकिन इसी बीच सुनील भीड़ से गायब हो गया। बारात लगने के बाद जब दोस्तों ने तलाश की तो वह सड़क किनारे खून से सना मिला। सूचना मिलते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के साथियों व शादी में शामिल लोगों से पूछताछ की। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।



# वर्किंग साइडस् में आवश्यक रूप से लगाएं रिफ्लेक्टर और साइन बोर्ड

### जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गुरूवार को जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ब्रिज और एमपीआरडीसी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान आने वाली बाधाओं और उनके निदान पर चर्चा की। कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों से कहा कि वे अपने लक्ष्य अनुरूप कार्य कर प्रगति लाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि रात में विजिबिलिटी कम होती है, इसलिए सड़कों में मोड़ और पुल-पुलियों पर रिफ्लेक्टर और आवश्यक साइनेज लगाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों में पाए जाने वाले गौवंश के गले में रिफ्लेक्टर पट्टा लगाएं और उन्हें गौशालाओं में भेजना सुनिश्चित करें, ताकि किसी गौवंश का सड़क में दुर्घटना न हो। इसके अलावा कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि वे सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस में आवश्यक रिपेयरिंग भी कराएं। बैठक के दौरान निर्माण विभागों ने अपने-अपने कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा।

# सिर पर मारा लोहे का तवा

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत चौकी गौर में ग्राम खमरिया में मारपीट होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को कृष्ण कुमार लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया चौकी ने बताया कि धर्मेंद्र लोधी उसके मामा का लड़का हैं वह और धर्मेंद्र लोधी एक साथ रहते हैं। जब वह सोकर उठा और उस समय धर्मेंद्र लोधी, बब्बू मिश्रा, गांधी गोटिया घर के आंगन पर बैठकर गाड़ी एंव पैसे लेन देन की बात कर रहे थे। कुछ देर बाद गांधी गोटिया अपने घर तरफ चला गया । वह एवं धर्मेंद्र लोधी, बब्बू मिश्रा तीनो लोग घर पर खाना पीना कर रहे थे। कुछ देर बाद गांधी गोटिया घर आया और धर्मेंद्र लोधी के साथ गालीगलौज कर बोला मेरा पैसा नहीं दे रहा है, और वही पास मे रखे लोहे के तवा से हत्या करने की नियत से सिर में मारकर घायल कर दिया।



# संभागीय आईटीआई में उद्यमिता शिविर का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शासकीय संभागीय आईटीआई में कलेक्टर के निर्देशानुसार गुरूवार 5 फरवरी को उधमिता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अंत्याव्सायी सहकारी विकास समिति मर्यादित जबलपुर अमूल्य नोनवार लेखापाल द्वारा संस्था के प्रशिक्षणार्थी एवं विशेष तौर पर एससी/एसटी के प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का उधम स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन दिया। जनजातीय कार्य विभाग जबलपुर से आरके मंण्डावी द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, टांट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी। इस शिविर में लगभग 350 प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही। उधमिता शिविर में संस्था के प्राचार्य डॉ. अर्पित शुक्ला ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया व उधमिता अधिकारी योगेश ठाकरे द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का उधम स्थापित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संस्था के प्लेसमेंट अधिकारी ललित कुमार डेहरिया उपस्थित रहे।

# सोने-चांदी के जेवर और हजारों का कैश ले उड़े चोर

**जबलपुर।** खमरिया थाने में विनोद लखेरा पिता रामलाल लखेरा उम्र 49 साल निवासी पिपरिय शराबदुकान के सामने मेन रोड थाना खमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह परिवार के साथ अपनी भांजी की शादी में सिलौडी जिला कटनी घर में ताला लगाकर गया था। लौटकर वापस आया तो देखा किदरवाजे का ताला टूटा हुआ था। सोफे पर दुकान के पैसे रखने का स्टील का पैसा रखा हुआ था जो खुला हुआ था उसमें पैसे नही थे नीचे के कमरे में माताजी की पेटी खुली थी। सामान बिखरा पडा था एंव घर की पहली मंजिल स्थित उसके कमरे की आलमारी खुली हुई थी जिसका लॉकर खुला पडा था। उसके घर एंव पुराने घर के बीच की सकरी गली से जो कि खुली है से दुकान के डिब्बे में रख 7 हजार रुपये नगद माता जी कि पेटी से 17 हजार रुपये, आलमारी से 12 हजार रुपये और सोने-चांदी के गहने गायब है।

# चरित्र संदेह पर पत्नी ने मारा हंसिया

***जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।*** *माढोताल थाने में विपिन यादव उम्र 45 वर्ष निवासी चंद्र नगर टगर माढोताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह प्रापर्टी का काम करता है। सुबह जब पिता के घर से वापस अपने घर आया पत्नि घर पर काम कर रही थी। जो पूर्व से उसके चरित्र पर संदेह करती है। उससे बोली तुम घर से जाओ तो उसने कहा कि मुझे डाक्टर के पास जाना है, इसलिये आया हूं। इसी बात पर पर पत्नि ने गालीगलौज करते हुये हंसिया से हमला कर सिर , कान, चेहरे व हाथ में चोटे पहुंचा दी, तथा कहने लगी यहां से चला जा नहीं तो जान से खत्म कर दूंगी। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।*

# पुलिस की गिरफ्त में झपट्टा मार गैंग

### छीने हुए 6 मोबाइल सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राहगीरों से मोबाइल छीनकर भागने वाले शातिर बदमाशों पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में 2 मोबाइल झपटने वाले और 3 आरोपी उन मोबाइल्स को बेचने वाले है। इस मामले में ओमती में 2 फरवरी को शुभांगी यादव उम्र 18 वर्ष निवासी संजयगांधी नगर कैंट ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि बहन के साथ भंवरताल गार्ड चर्च के पास जा रही थी। जैसे ही चर्च के सामने पहुंचे तभी काले रंग की मोटरसाइकिल में 2 लडके तेजी से निकले जिनमें पीछे बैठे लडके ने उसके हाथ मे लिया हुआ मोटरोला कम्पनी का मोबाईल झपट लिया तथा तेजी से सभी भाग गये।



इस घटना के बाद पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। जिसके आधार पर 2 युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम अमन अंसारी एवं अदनान अंसारी बताया। पूछताछ करने पर दोनों ने भंवरताल गार्डन के पास एक लडकी से हरे रंग का मोटोरोला कंपनी का मोबाइल फोन छीनना स्वीकार करते हुये ग्वारीघाट से नर्मदा जयंती पर दो व्यक्तियों से 02 मोबाइल झपटना एवं 6 नंबर प्लेटफार्म रेल्वे स्टेशन जबलपुर के पास से 3 अलग अलग व्यक्तियो से 3 मोबाइल झपटना एवं उक्त झपटे गये मोबाईल अपने साथी शानू उर्फ इमरान अंसारी एवं मोहम्मद अफजल की मदद से गुड्डु उर्फ शमशाद अंसारी को बेचना एवं बेचने पर मिले नगदी रूपये आपस में बांट लेना बताये। पुलिस ने सरगर्मी से तलाश करते हुये शानू उर्फ इमरान अंसारी एवं मोहम्मद अफजल तथा गुड्डु उर्फ शमशाद अंसारी को अभिरक्षा मे लेते हुये आरोपियों के कब्जे से झपटे हुये कुल 6 मोबाईल कीमती करीबन 1 लाख 50 हजार रुपये के एवं घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्पलेंडर मोटर साइकल तथा मोबाईल बेचकर प्राप्त हुये रूपयों में से शेष बचे नगद 2 हजार रुपये जब्त कर आरोपियो को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# डीएफओ विपिन पटेल ने दिया पद से इस्तीफा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र कैडर के 2013 बैच के आईएफएस अधिकारी विपिन पटेल ने इस्तीफा दे दिया है। विपिन पटेल वर्तमान में जबलपुर में डीएफओ योजना के पद पर कार्यरत हैं। इसके पहले वे रीवा, दमोह, सतना और अनूपपुर के डीएफओ रह चुके हैं। पटेल ने इस्तीफा देने की वजह निजी कारण बताया है। पीसीसीएफ और हॉफ को भेजे इस्तीफे में विपिन पटेल ने कहा है कि वे अपनी आईएफएस सर्विस से अनकंडीशनल इस्तीफा दे रहे हैं, जिसकी वजह निजी है। 4 फरवरी को भेजे इस्तीफे में पटेल ने कहा है कि उनका इस्तीफा कांपीटेंट अथॉरिटी को फॉरवर्ड करें और आईएफएस सेवा से उन्हें मुक्त किया जाए



# अवैध रूप से निर्मित 3 मंजिला भवन के हिस्से पर चली जेसीबी

### अतिक्रमणमुक्त शहर अभियान के तहत ननि की कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर की सड़कों पर सुगम यातायात और आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार गुरूवार को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने व्यापक अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक क्षेत्रों में बढ़ते अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह एवं अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी मनीष तड़से ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम ने शहर के



विभिन्न हिस्सों में सक्रियता दिखाते हुए मछली मार्केट से नालबंद मोहल्ला तक व्यापारियों द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे मार्ग चौड़ा और सुगम हो सका। सिविक सेंटर और समदड़िया मॉल जैसे व्यस्त इलाकों में दिन के साथ-साथ रात्रिकालीन कार्रवाई भी की जा रही है, ताकि देर शाम होने वाली भीड़ को राहत मिल सके। धनवंतरी नगर साईं कॉलोनी में भवन शाखा के सहयोग से अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया गया, वहीं भूकंप कॉलोनी में नाले और चैंबर के ऊपर किए गए निर्माणों को हटाकर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की गई। कलेक्ट्रेट से इंदिरा मार्केट तक सड़कों पर खड़े ठेले-टपरों को हटाकर पैदल यात्रियों के लिए रास्ता साफ किया गया।

# कृषि शिक्षण के विशेष अधिकार समाप्त करना चाहती है राज्य सरकार

### नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया आवेदन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राज्य सरकार कृषि विश्वविद्यालयों के वर्तमान अधिनियम के प्रावधानों को खारिज कर कृषि शिक्षण के उनके विशेष अधिकार को समाप्त करना चाहती है। साथ ही कृषि शिक्षण बावत् भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सुपरवीजन के अधिकार को भी समाप्त करना चाहती है। क्योंकि राज्य सरकार गैर कृषि शिक्षण संस्थाओं को कृषि पाठ्यक्रम पढ़ाने हेतु स्वतंत्र करना चाहती है। अतः हाईकोर्ट हस्तक्षेप करे। उक्त बांते कहते हुए संबंधित आवेदन याचिकाकर्ता डॉ. पीजी नाजपांडे ने मप्र हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया है। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने स्वंय कृषि सचिव से मुलाकात कर राज्य सरकार के मंशा के तहत कृषि विश्वविद्यालय



के अधिनियम को समाप्त करने से बहुत ही विपरीत परिणाम होगा, यह बताया था, किन्तु कृषि सचिव ने इस बावत कोई भी सकारात्मक आश्वासन नहीं दिया है।

### एक साथ होगी सुनवाई

उल्लेखनीय है कि डॉ. पीजी नाजपांडे ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर निजी संस्थाओं तथा गैर कृषि विश्वविद्यालय में खेती की भूमि, लैब, स्टाफ आदि न होते हुए भी कृषि पाठ्यक्रम पढ़ाने को जारी करने के खिलाफ याचिका दायर की है। इस याचिका में रानी दुर्गावती युनिर्वसिटी में कृषि पाठ्यक्रम पढ़ाने का विरोध किया गया है।

याचिकाकर्ता की ओर से एड. सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि जबलपुर तथा इंदौर में दायर याचिकाओं को अब जबलपुर में ही एक साथ सुनवाई की जायेगी। निजी संस्था तथा गैर कृषि विश्वविद्यालय में हो रहीं कृषि पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के संबंध में इन दोनों याचिकाओं के कारण राज्य स्तरीय परिणाम होगा।

# पुलिस की गिरफ्त में शातिर नकबजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिवनी जिले में चोरी कर वापस अपने घर आए एक शातिर नकबजन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि हनुमानताल निवासी गुलफाम खान अपने साथियों के साथ सिवनी जिले मे चोरी कर वापस अपने घर आया है। सरगर्मी से तलाश पतासाजी करते हुये गुलफाम उर्फ गुड्डु पिता जब्बार खान उम्र 24 वर्ष निवासी टेढ़ी नीम थाना हनुमानताल को अभिरक्षा मे लेकर सघन पूछताछ करने पर अपने साथी साहिल चौधरी, फैज खान एवं ऐफ़ाज़ के साथ मिलकर जिला सिवनी छपारा अंतर्गत नकबजनी करना स्वीकार करते हुये चुराये हुये सोने के जेवर वजनी लगभग 8 तोला के कांचघर के सारिका



ज्वेलर्स की दुकान में बेचना तथा चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये आपस में बांट लेना बताया। आरोपी के कब्जे से चुराई हुई चांदी की 3 जोड़ी पायल, 6 नग चांदी के कड़े, 6 नग चांदी की बिछिया, वजनी लगभग 300 ग्राम चांदी तथा नगद 1 लाख 28 हजार रुपए जब्त करते हुये जिला सिवनी थाना छपारा को सूचित किया गया।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**